जबलपुर

सोमवार, 18 दिसंबर 2023

- अगहन मास शुक्ल पक्ष-6
- वर्ष : 18, अंक : 227
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3 .00 रुपये

मौसम
अधि. 24
न्यून. 07

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## सीएम यादव ने उज्जैन में रात बिताकर तोड़ दिया 'मिथक'




## मैं महाकाल का बेटा हूं इसलिए रुक सकता हूं

उज्जैन के बारे में प्रचलित अंधविश्वास है कि यहां पर जो भी आता है वह रात नहीं रुकता है, क्योंकि अगर वह रात रुकता है तो उसकी कुर्सी चली जाती है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉ. मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं। सीएम बनने के बाद वे पहली बार शनिवार को उज्जैन पहुंचे थे। दरअसल, उज्जैन के बारे में एक मान्यता है कि यहां पर जो भी आता है तो वह रात नहीं रुकता है।

### इसलिए, गढ़ा गया यह मिथक

यादव ने कहा कि सिंधिया महाराज को अपनी राजधानी को ग्वालियर ले जाना था, इसलिए उन्होंने रणनीति बनाई ताकि कोई आक्रमण न हो। इसलिए, यह मिथक गढ़ा गया। यादव ने कहा कि महाकाल तो पूरे ब्रह्मांड के राजा हैं। अगर उन्हें नुकसान करना ही होगा तो कहीं भी कर सकते हैं।

दिल्ली में सीएम यादव व दोनों डिप्टी सीएम की नड्डा-शाह से मुलाकात, यह फॉर्मूला लगभग तय

# नए मंत्रिमंडल में आधे होंगे नए विधायक, जिन 'पुरानों' का परफॉरमेंस बेहतर रहा था, उनको भी मिलेगा मौका

### बैठक में प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहे

### अभी करीब 20 बनाए जा सकते हैं मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मंत्रिमंडल में इस बार आधे से ज्यादा नए विधायकों को मंत्री बनाने की रणनीति लगभग बन चुकी है। ऐसे सीनियर विधायक जो दो-दो या तीन-तीन बार मंत्री रह चुके हैं, उनमें से ज्यादातर को मौका नहीं मिलेगा। यदि किसी को मौका मिला भी तो वह परफॉरमेंस के आधार पर ही मिलेगा। मंत्रियों को रिपीट करने का क्राइटेरिया तय किया जा रहा है। नई दिल्ली में रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व दोनों उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में इन्हीं बातों पर सहमति लगभग बन गई है। शपथ ग्रहण समारोह 18 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र के बाद होने की संभावना है।



फाइल फोटो

### विधानसभा का चार दिनी सत्र आज से, अनुपूरक बजट भी पारित होगा

16 वीं विधानसभा का प्रथम सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इसमें पहले व दूसरे दिन नव-निर्वाचित विधायकों का शपथ व प्रतिज्ञान होगा। तीसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। अध्यक्ष के निर्वाचन से पहले दोनों दिन की अध्यक्षता प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव करेंगे। अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके तुरंत बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी। चौथे दिन गुरुवार को शासकीय कार्य निबटाए जाएंगे। इसमें तृतीय अनुपूरक को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर चर्चा के बाद विधानसभा सत्र को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। विधानसभा सत्र इस बार भी सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक व लंच के बाद दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा।









नमो घाट पर काशी तमिल संगमम-2 के कार्यक्रम का पीएम ने किया शुभारंभ और बोले

# अगले पच्चीस साल में तो देश 'विकसित भारत' बनके रहेगा

ये यात्रा मेरी भी कसौटी है, मेरी भी परीक्षा है। मैं आपसे सुनना चाहता था कि काम हुआ है कि नहीं?


*पीएम ने कहा कि हम आज जो बीज बो रहे हैं, वो अगले 25 साल में वटवृक्ष बन जाएगा। देश विकसित भारत बन जाएगा। इस वट वृक्ष की छाया आपके ही बच्चों को मिलेगी। इसके लिए संकल्प लेना होगा, मन बनाना होगा। मन बन जाएगा तो मंजिल दूर नहीं।*



### पीएम ने रोड शो में एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए रोका अपना काफिला

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगमम-2 का उद्घाटन किया। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ भी थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर 140 करोड़ देशवासी इस संकल्प से भर जाएं कि अब देश को आगे ले जाना है, हर एक की जिंदगी बदलनी है। तो अगले 25 साल में देश विकसित भारत बनके रहेगा।



### और, क्या बोले पीएम?

#### आज भारत के पास देने की ताकत आई

हिंदुस्तान का हर आदमी बोलने लगा कि मैं आजादी के लिए काम करता हूं। ये देखकर अंग्रेज भाग गए। आज हम सब ये सोच लें कि हमें देश को आगे ले जाना है। घर में पैसे कम होते हैं तो बच्चों की इच्छा पूरी नहीं कर पाते वैसे ही देश को भी पैसे चाहिए। आज भारत के पास देने की ताकत आई है।

**19,154** करोड़ से भी ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया



### प्रयागराज से कन्याकुमारी के लिए मिली पहली ट्रेन

काशी तमिल समागम एक्सप्रेस (केटीएस) के रूप में इस ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने किया। संगम नगरी से अब दक्षिण का मिलन भी रेलवे कराएगा। तीर्थराज से पहली 24 दिसंबर से कन्याकुमारी के लिए यह सीधी ट्रेन चलेगी। इसका संचालन बनारस से वाया प्रयागराज-कन्याकुमारी तक होगा।



बच्ची ने कहा

#### बस, करेला पसंद नहीं सुनकर खूब हंसे मोदी

एक बच्ची ने पीएम मोदी को कविता सुनाई तो पीएम ने खूब तारीफ की। उसके बाद प्रधानमंत्री ने बच्ची से पूछा कि तुम सारी सब्जियां खाती हो तो बच्ची ने कहा कि बस करेला पसंद नहीं है तो पीएम इस बात पर ठहाके लगाते हुए खूब हंसे।

#### यह जिंदगी में बदलाव लाने का अभियान

एक सरकारी मुलाजिम जब यह सुनता है कि उसके कि काम से किसी को फायदा मिल गया तो उसे सुकून मिलता है। मुझे भी अच्छा लगता है जब लोग कहते हैं मुझे फायदा मिला। एक बहन कह रही थी, अमीर गरीब का भेद मिट गया। जब वो कहता है कि जब मैं पक्के घर में रहने गया तो आत्मविश्वास इतना बढ़ गया। उस लाभार्थी के मुंह से सुन लगता है जीवन धन्य हो गया कि चलो किसी की जिंदगी में बदलाव आ गया। मैं चाहता हूं कि हिंदुस्तान के हर आदमी को लगे कि यह ऑफिस मेरा है, यह रेल मेरी है, यह बैंक मेरा है, यह देश मेरा है।

## नागपुर की सौर कंपनी में बड़ा हादसा



# विस्फोटकों की पैकिंग करते धमाका, 9 की दर्दनाक मौत

कोयला खनन विस्फोट में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक कारखाने में बनाए जाते हैं

कंपनी के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे

महाराष्ट्र सरकार ने किया सहायता राशि का ऐलान

एजेंसी ▶▶ नागपुर

यहां बाजारगांव के पास सौर उपकरण बनाने वाली कंपनी में रविवार सुबह 9 बजे विस्फोट हो गया। धमाके में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हुए। मरने वालों में 6 महिलाएं थी। धमाके के समय कंपनी के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे।


विस्फोट कंपनी के एक कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। कोयला खनन विस्फोट में इस्तेमाल किए गए विस्फोटक कारखाने में बनाए जा रहे थे। इसी की पैकेजिंग चल रही थी, तभी धमाका हुआ है। धमाके के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रु. की सहायता

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि यह एक कंपनी है, जो रक्षा बलों के लिए ड्रोन और विस्फोटक बनाती है। नागपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक लगातार हम संपर्क में हैं। इसके अलावा आईजी, एसपी और कलेक्टर मौके पर हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### छिंदवाड़ा: कुए में गिरने से बाघ की हुई मौत



**छिंदवाड़ा।** जिले के पांढुर्ना के ग्रामीण अंचल में पिछले लम्बे समय से आंतक मचा रहे बाघ की कुए में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि बाघ महाराष्ट्र की सीमा में स्थित एक खेत के कुए में गिर गया था, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार बढ़चिचोली निवासी किसान स्वर्गीय जब्बार शेख का खेत महाराष्ट्र की सीमा में स्थित ग्राम जूनापानी में स्थित है। खेत में स्थित कुए में बीते दिन एक बाघ गिर गया था।

### देशभर में कोविड के मिले 335 मरीज



**नई दिल्ली।** देशभर में बीते एक सप्ताह से कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। रविवार को देश में कोविड के 335 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद एक्टिव मामलों की संख्या 1700 के पार पहुंच गई है। इसके साथ ही केरल में एक मरीज में कोविड के सब वैरिएंट जेएन.1 की भी पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देशभर में कोरोना के कुल मामले 4.50 करोड़ (4,50,04,816) हो गए हैं। मरने वालों का आंकड़ा 5 लाख 33 हजार 316 पहुंच गया है।

ग्वालियर में हिट एंड रन केस

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को उड़ाया...मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

शहर में हिट एंड रन केस सामने आया है। यहां तेज रफ्तार कार ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी।



कार इतनी तेज रफ्तार में थी कि टक्कर के बाद बाइक सवार फुटबॉल की तरह उछलकर कई फीट दूर जा गिरा। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। वहीं कार ड्राइवर कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। हादसा शनिवार को झांसी रोड पर हुआ, जिसका वीडियो रविवार को सामने आया है।

धर्मगुरुओं का पुलिस कर रही सम्मान

### धार्मिक स्थलों से उतारे जा रहे लाउडस्पीकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालाघाट

मुख्यमंत्री मोहन यादव के आदेश के बाद धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर, डीजे पर कार्रवाई की जा रही है।



शहडोल और बालाघाट में भी मंदिर के शिखर और मस्जिद की गुंबदों पर लगाए गए लाउडस्पीकर को समितियों ने निकाल दिया है। इस कार्रवाई में सहयोग करने वाले धर्मगुरुओं का पुष्प मालाओं के साथ स्वागत भी किया जा रहा है। बालाघाट में राज्य शासन के इस आदेश का असर पूरे जिले में नजर आ रहा है।

असम के डीजीपी को धमकी

### कहा- हफ्तेभर के लिए सुरक्षा हटाकर दिखाएं

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम का प्रतिबंधित संगठन उल्फा (आई) ने राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को



धमकी दी है कि एक हफ्ते बिना सुरक्षा के घूमकर दिखा दें। इस आशय की धमकी वाला एक पत्र मीडिया के हाथ लगा है। विद्रोही गुट के कैप्टन रुमेल असोम की ओर से साइन किया गया लेटर में कहा गया है कि डीजीपी जीपी सिंह ने 15 दिसंबर को मीडिया से बात करते हुए हमें चुनौती दी थी।

## दुनिया के सबसे बड़े कार्यालय भवन सूरत डायमंड बोर्स का पीएम ने किया उद्घाटन

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन को हमने पीछे छोड़ा

यह इमारत हीरा व्यापार का केंद्र होगी




### यह हैं खासियतें?

- 15 मंजिला यह इमारत 35 एकड़ में फैली
- इसमें नौ आयताकार संरचनाएं, जो आपस में जुड़ीं
- इसमें नौ टावर के साथ लगभग 4,500 ऑफिस होंगे
- इसमें लगभग 65,000 से अधिक हीरा पेशेवर एकसाथ काम कर सकेंगे
- एक अंतरराष्ट्रीय डिजाइन प्रतियोगिता के बाद भारतीय आर्किटेक्ट कंपनी मॉर्फोजेनेसिस ने इस इमारत का डिजाइन तैयार किया

## बादल और उत्तरी हवाओं का असर

# प्रदेश में सबसे ज्यादा गिरा भोपाल का पारा

दिन का पारा 4 डिग्री गिरकर 24 डिग्री, रात का तापमान एक डिग्री बढ़कर 13 पर पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर जिलों में रविवार को बादलों का असर रहा। धूप में नरमी और उत्तरी हवाओं के कारण पूरे प्रदेश में दिन के तापमान में तेजी से गिरावट रही।

प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में गिरावट भोपाल में रही। यहां अधिकतम तापमान 3.6 डिग्री गिरकर 24.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। यहां रात का पारा एक डिग्री बढ़कर 13 डिग्री पर रहा, जो नॉर्मल से करीब 3 डिग्री अधिक है। मौसम में इस बदलाव के कारण रविवार को पूरे प्रदेश में दिन का पारा सामान्य से औसतन एक डिग्री कम और रात का सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक दर्ज हुआ है।

## पटवारी को दिया गया 'जीत' का मंत्र, सक्रिय युवाओं को देंगे संगठन में मौका

# जीतू कल संभालेंगे 'कुर्सी', दिल्ली में खरगे-राहुल से मिले, बोले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की विचारधारा घर-घर पहुंचाएंगे

*दिल्ली में राहुल गांधी से मिले नेता प्रतिपक्ष उमंग और हेमंत कटारे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद जीतू पटवारी दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी व प्रदेश के चुनाव प्रभारी रणदीप सुरजेवाला से मिले। मुलाकात के बाद उन्होंने कहा कि वे लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर पहुंचाएंगे। सभी वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन लेकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे।



#### नई टीम को लोकसभा चुनाव का प्लान बताया गया

नई टीम ने राहुल गांधी से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि पार्टी आलाकमान की ओर से दोनों नेताओं को मध्यप्रदेश के लिए आगामी रणनीति और दिशा-निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर भी प्लान बताया है।

### अध्यक्ष पद से हटाए जाने से कमलनाथ हुए नाराज!

पटवारी को अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता कमलनाथ के नाराज होने की चर्चाएं हैं। दरअसल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने रविवार को ट्वीट कर पार्टी में हुए बदलाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष समेत नेता प्रतिपक्ष और उप नेता प्रतिपक्ष को बधाई दी। इस बधाई के साथ-साथ उन्होंने दो अन्य नेताओं को इस बधाई में शामिल किया।

फिर होगी तकरार!

# पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप... कांग्रेस की धड़कन बढ़ी

## केजरीवाल की इस हुंकार ने बढ़ाई इंडिया गठबंधन की टेंशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन की अगली बैठक से ठीक पहले आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के एक ऐलान ने विपक्षी दलों की टेंशन बढ़ा दी है। बठिंडा में एक रैली के दौरान अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कर दी है। उन्होंने अपील जरूर पंजाब की जनता से की है, लेकिन सीधा संदेश कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को दिया गया है। माना जा रहा है कि इस वजह से एक बार फिर कांग्रेस और आप के बीच में तकरार बढ़ सकती है।

### विस चुनाव की तरह लड़ने की तैयारी

पंजाब से लोकसभा की 13 सीटें निकलती हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच में इस राज्य में सीधी टक्कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ही इस राज्य में कांग्रेस का सूपड़ा साफ करते हुए प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाई थी। अब इसी दम पर पार्टी सभी लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है जो कांग्रेस को स्वीकार नहीं। बड़ी बात ये है कि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक से ठीक पहले केजरीवाल ने ये बयान देकर पेंच को गहरा कर दिया है।



### कांग्रेस ने 10 की चीजें 100 में बेची

केजरीवाल ने तो पंजाब की धरती से एक बार फिर कांग्रेस पर भी निशाना साधा है। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि इन लोगों ने इतना करप्शन किया कि 10 की चीजें 100 में बेची। लेकिन आज 10 रुपए की चीज 8 में मिलती है। बिजली का बिल शून्य हो चुका है। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में कांग्रेस पर निशाना साधा हो, इससे पहले भी ऐसे आरोप-प्रत्यारोप लग चुके हैं।

### दिल्ली में भी कांग्रेस को सीटें नहीं देगी

अब पंजाब में तो आम आदमी पार्टी के ऐलान ने कांग्रेस की टेंशन बढ़ाई ही है, दिल्ली में भी पार्टी, कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं है। वहां तो कांग्रेल भी सातों सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर चुकी है। ऐसे में दोनों दिल्ली और पंजाब में चल रही तकरार इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ा रही है।

### आईएनडीआईए की योजना तैयार, कल होगी बैठक



हार की पृष्ठभूमि लिए कांग्रेस की मेजबानी में 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के रणनीतिकारों का दिल्ली में जमावड़ा होगा। इस बैठक में कई राज्यों के सीएम के आने पर लगे ग्रहण के कारण कांग्रेस को बैठक की तारीख बढ़ानी पड़ी थी। इस बार लगभग सभी दलों के रणनीतिकारों की इस बैठक के प्रति मिली सहमति के बाद यह कहा जाने लगा है कि भाजपा के विरुद्ध एक मजबूत गठबंधन का आगाज इस बार हो जाएगा।

### 21 को सीडब्ल्यूसी की मीटिंग चुनाव में हार पर चर्चा संभव

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मिली करारी



शिकस्त के बाद अब कांग्रेस लोकसभा चुनाव पर फोकस कर रही है। दिल्ली में 21 दिसंबर को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होगी।अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में बुलाई गई है।

---

## खबर संक्षेप

### 3 साल की बच्ची संग हैवानियत की हद पार



**राजकोट।** गुजरात पुलिस ने राजकोट में तीन साल की बच्ची के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने के आरोप में शनिवार देर रात एक 45 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के रहने वाले आरोपी के 6बच्चे हैं और वह कटलरी की दुकान चलाता है। वह अकेला यहां रह रहा है। उसने बच्ची को स्नैक्स देने के बहाने बुलाया और उसके साथ बलात्कार किया।

### अब एसआईटी करेगी प्रिया सिंह केस की जांच




**ठाणे।** पुलिस ने महाराष्ट्र के एक शीर्ष नौकरशाह के बेटे के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है, जिस पर प्रेमिका को कुचलने का आरोप है। पुलिस कमिश्नर जय जीत सिंह ने बताया कि डीसीपी (वी) अमर सिंह जाधव की अध्यक्षता वाली एसआईटी उस मामले की जांच करेगी।

### पुलिस-बंबीहा में मुठभेड़ 3 बदमाश गिरफ्तार



**मोगा।** पंजाब पुलिस की ओर से गैंगस्टरों के खिलाफ धड़ाधड़ एक्शन जारी है। लगातार दूसरे दिन पुलिस और गैंगस्टरों में मुठभेड़ हुई है। मोगा में पुलिस-बंबीहा गैंग के बीच एनकाउंटर हुआ। बदनी कलां के पास पुलिस की सीआईए टीम और बंबीहा गैंग के बदमाशों के बीच गोलियां चलीं। इस दौरान 3 बदमाश काबू कर लिए गए।

### कपलिंग खुलने से 2 हिस्सों में बंटी मालगाड़ी



**शाहजहांपुर।** रोजा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रविवार सुबह मालगाड़ी को हिस्सों में बंट गई। मालगाड़ी मुरादाबाद से सुल्तानपुर जा रही थी। ट्रेन सुबह 8.10 बजे रोजा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर आकर खड़ी हुई। पायलट ने ट्रेन को जैसे ही आगे बढ़ाया कुछ दूर चलकर मालगाड़ी की कपलिंग खुल गई।

---

## पीएम ने किया दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन

# अंतरराष्ट्रीय हीरे, आभूषण व्यवसायों के लिए दुनिया का सबसे आधुनिक केंद्र होगा

**67** लाख वर्ग फीट में फैले यह ऑफिस कॉम्प्लेक्स अमेरिका के पेंटागन से भी बड़ा



एजेंसी ▶▶ सूरत

पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय सूरत दौरे पर रविवार को दुनिया के सबसे बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बोर्स का उद्घाटन किया। 67 लाख वर्ग फीट में फैले यह ऑफिस कॉम्प्लेक्स अमेरिका के पेंटागन से भी बड़ा है। इसके साथ ही नए एयरपोर्ट टर्मिनल का भी उद्घाटन किया। यह कॉम्प्लेक्स अंतरराष्ट्रीय हीरे और आभूषण व्यवसायों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे आधुनिक केंद्र होगा। यह कच्चे और पॉलिश किए गए हीरों के साथ-साथ आभूषणों के व्यापार के लिए एक वैश्विक केंद्र होगा। इसमें आयात-निर्यात के लिए एक अत्याधुनिक 'सीमा शुल्क क्लीयरेंस हाउस' भी शामिल होगा। खुदरा आभूषण व्यवसायों के लिए एक आभूषण मॉल और अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग और सुरक्षित वॉल्ट के लिए एक सुविधा होगी। इस दौरान के गुजरात मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल,केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, सूरत के डायमंड चेयरमैन बल्लभ भाई लाखड़ी भी मौजूद रहे।

### रोड शो भी किया

इस दौरान पीएम मोदी से मिलने के लिए भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। तीन राज्यों में भारी बहुमत से जीत हासिल करने के बाद पहली बार पीएम मोदी ने गुजरात दौरा किया। इस दौरान पीएम मोदी की एक झलक के लिए जनसैलाब उमड़ गया है।

### इससे करीब डेढ लाख रोजगार के अवसर बढ़ेंगे


सूरत डायमंड बोर्स दुनिया की सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स है, जिसमें 4,500 से अधिक हीरा व्यापार कार्यालय हैं। यहां कच्चे हीरे के व्यापार से लेकर पॉलिश हीरे की बिक्री करने वाली कई कंपनियों का ऑफिस होगा।सूरत डायमंड बोर्स से लगभग 1.5 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इस बिल्डिंग में कनेक्टिविटी के लिए अत्याधुनिक सुविधा दी गई हैं। यहां 4000 से ज्यादा कैमरे और अत्याधुनिक कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग की कीमत लगभग 3000 करोड़ है।

### लोगों को दी बधाई

पीएम मोदी उद्घाटन के बाद जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सूरत दुनिया के टॉप 10 विकासशील शहरों में है। सूरत का स्ट्रीट फूड, कौशल विकास का काम, सब कुछ अद्भुत है। सूरत को कभी 'सन सिटी' के नाम से जाना जाता था, लेकिन आज यहां के लोग, अपनी मेहनत से इसे 'हीरा नगरी' बना दिया है आज सूरत के लोगों को, यहां के व्यापारियों-कारोबारियों को दो और सौगातें मिल रही हैं।

### सूरत एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को किया समर्पित

## सूरत एयरपोर्ट सुविधाओं से युक्त अत्याधुनिक बनेगा



*शुक्रवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सूरत एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की मंजूरी दी है। सूरत को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाने की मांग पिछले 3 साल से चल रही थी।*

### टर्मिनल में संस्कृति और विरासत की झलक

टर्मिनल भवन सूरत शहर का प्रवेश द्वार है, इसलिए इसे स्थानीय संस्कृति और विरासत के साथ डिजाइन किया गया है। टर्मिनल भवन के मुखौटे का उद्देश्य सूरत शहर के 'रांदेर' क्षेत्र के पुराने घरों की समृद्ध और पारंपरिक लकड़ी के काम के साथ यात्री अनुभव को समृद्ध करना है। एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन डबल-इंसुलेटेड छत प्रणाली, ऊर्जा बचत के लिए कैनोपी, कम गर्मी प्राप्त करने वाली डबल-ग्लेजिंग इकाई, वर्षा संचयन प्लांट, जल उपचार प्लांट है।

### 1800 यात्रियों को संभालने की क्षमता

टर्मिनल विस्तार प्रोजेक्ट में टर्मिनल बिल्डिंग और एप्रन का विस्तार व टैक्सी ट्रैक का निर्माण शामिल है। अब यात्रियों को 20 चेक इन काउंटर, 5 एरोब्रिज, 13 इमिग्रेशन काउंटर की सुविधाएं भी मिलेंगी। मौजूदा टर्मिनल इमारत 8474 वर्गमीटर में थी। विस्तार के बाद यह 25520 वर्गमीटर की हो गई है। 1800 यात्रियों को संभालने में सक्षम है।

### कई देशों को डायरेक्ट फ्लाइट से जोड़ने की कवायद

सूरत एयरपोर्ट की क्षमता दोगुना बढ़ जाएगी। ऐसे में यहां से दुबई, बैंकॉक, मलेशिया और सिंगापुर को डायरेक्ट फ्लाइट से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। डायरेक्ट फ्लाइट के अलावा कई देश सिंगल पीएनआर कनेक्टेड फ्लाइट से भी जुड़ सकते हैं।

---

### संसद की सुरक्षा में चूक मामला

# पुलिस को राजस्थान से मिले कुछ जले हुए फोन पाट्‌र्स

- हिरासत में लेकर आरोपियों से पूछताछ की जा रही



एजेंसी ▶▶ जयपुर

बीते दिनों लोकसभा से सुरक्षा में चूक की खबरे आई थीं। शून्यकाल के दौरान विजिटर गैलरी से दो व्यक्ति सदन में कूद गए थे। ये प्रदर्शनकारी स्पीकर की कुर्सी तक जाने की कोशिश कर रहे थे। इसी बीच कुछ सांसदों ने इन्हें पकड़ लिया। उनकी पिटाई की और बाद में सुरक्षाबलों को सौंप दिया। अब इस मामले में जांच के दौरान राजस्थान से कुछ जले हुए फोन पाट्‌र्स को बरामद किया गया है। सभी आरोपियों के फोन के पाट्‌र्स राजस्थान से बरामद कर लिए गए हैं। सभी फोन जली हुई हालत में मिले हैं। सभी आरोपियों के फोन ललित झा के पास थे। इन सभी मोबाइल फोन को गायब करने में महेश और कैलाश ने अहम भूमिका निभाई थी। दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम ने कुचामन पहुंचकर फोन बरामद कर लिए हैं।

### ललित के बंगाली दोस्त ने खोले कई राज

संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में हर रोज कुछ न कुछ चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इसी कड़ी में एक नई जानकारी सामने आई है। ललित ने इस घटना का एक वीडियो अपने दोस्त को भेजा था। इसके बाद उसने इसे सोशल मीडिया पर सर्कुलेट करने के लिए भी कहा था। इस दौरान उसने अपने दोस्त को जय हिंद भी बोला था। बताया जा रहा कि इस दोस्त का नाम सौरव चक्रवर्ती है। 13 दिसंबर को दो लोग संसद की विजिटर्स गैलरी से अंदर कूद गए थे। इसके बाद इन लोगों ने स्मोक बम का भी इस्तेमाल किया था। फिलहाल पुलिस इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सौरव चक्रवर्ती ने बताया कि ललित से उसकी मुलाकात फेसबुक पर हुई थी। ललित सौरव की फेसबुक पोस्ट को लाइक करता था और कमेंट्स करता था।

### पीएम मोदी ने इसकी गहराई तक जाने को कहा

पीएम मोदी ने संसद में हुई सुरक्षा चूक लेकर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने इस घटना को लेकर दुख जताया है। पीएम ने कहा कि संसद परिसर में हुई घटना चिंताजनक है। इसकी गहराई में जाना जरूरी है। इसलिए जांच एजेंसियां इस घटना की सख्ती से जांच कर रही है। इसके साथ ही पीएमने कहा कि ऐसे विषयों पर वाद-विवाद या प्रतिरोध से सभी को बचना चाहिए।

---

### कोलकाता में 'विजय दिवस' पर रंगारंग समारोह



**कोलकाता।** कोलकाता के विक्टोरिया मेमोरियल में 'विजय दिवस' समारोह के दौरान लाइट एंड साउंड शो का एक दृश्य।

### 'स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी'



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य तभी अच्छा रहेगा जब शासन व्यवस्था ठीक रहेगी। स्वास्थ्य पर सबसे अधिक कुठाराघात भ्रष्टाचार की वजह से पड़ता है। भ्रष्टाचारी बीमारी बढ़ाता है लेकिन अब भ्रष्टाचारियों की खैर नहीं है। मौजूद समय में जो भी भ्रष्टाचार करता है कानून का शिकंजा उस तक पहुंच ही जाता है। भ्रष्टाचार करने वाला चाहे जितने बड़े परिवार हो। ये बातें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को राजाजीपुरम स्थित पीएनटी ग्राउंड पर दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले के उद्घाटन अवसर पर कहीं।

# भाजपा हर चुनाव ऐसे लड़ती है जैसे आखिरी हो, विपक्षियों को दी सलाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव में एक तरफ भाजपा को अपार जमसमर्थन मिला। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को करारी हार मिली है। अब इस हार को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने चिंता जताई है। उन्होंने हाल ही में हुए छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार को चिंता का विषय बताया। भाजपा के ध्रुवीकरण, मुस्लिम विरोधी और ईसाई विरोधी दुष्प्रचार और उग्र राष्ट्रवाद पर चिंता जताते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि पार्टी को इसका करारा जवाब देना चाहिए। जातिगत जनगणना पर कहा कि 'यह अहम मुद्दा है लेकिन निर्धारण कारक नहीं।

### विपक्षी दलों को अहसास होना चाहिए

तीन राज्यों में हार के बाद चिदंबरम ने जताई चिंता



चिदंबरम ने रविवार को कहा कि भाजपा हर चुनाव ऐसे लड़ती है जैसे कि यह आखिरी लड़ाई हो और विपक्षी दलों को इसका एहसास होना चाहिए। तीन राज्यों में जीत भाजपा के लिए अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की हार बेहद चौंकाने वाली और चिंता का विषय है। मेरा मानना है कि पार्टी का नेतृत्व कमजोरियों को दूर करेगा।

### हालांकि कांग्रेस का वोट प्रतिशत बरकरार

उन्होंने कहा कि चार बड़े राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में पार्टी का 40 प्रतिशत वोट शेयर बरकरार दिख रहा है। उन्हें उम्मीद है कि अंतिम छोर तक अभियान, बूथ प्रबंधन और निष्क्रिय पड़े मतदाताओं को चुनाव के दिन मतदान केंद्र तक लाने जैसे मुद्दों पर ध्यान देने से लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी का वोट प्रतिशत 45 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

---

# मुख्यमंत्री मेरे खिलाफ रच रहे साजिश मुझे मारने के लिए भेजे किराए के गुंडे

### केरल के राज्यपाल का सीएम पर गंभीर आरोप

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सीएम पिनाराई विजयन पर उन्हें शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की साजिश रचने का आरोप लगाया। गवर्नर खान ने कहा कि जब वे दिल्ली के लिए तिरुवंतपुरम एयरपोर्ट जा रहे थे, रास्ते में सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा, स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के कुछ लोगों ने कथित तौर पर उनके वाहन को टक्कर मार दी। इस घटना ने केरल में राजनीतिक हलचल बढ़ा दी है। वाहन टक्कर के तुरंत बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद अपनी कार से बाहर निकले और मीडिया से बातचीत में सीएम पर उन्हें मारने के लिए गुंडे भेजने के आरोप लगाए। खान ने कहा कि उन्हें शारीरिक नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसका मतलब है कि विजयन की इसमें संलिप्तता है।



### सीएम विजयन भड़के

केरल के गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान द्वारा एसएफआई कार्यकर्ताओं को अपराधी करने पर सीएम पिनाराई विजयन भड़क गए। एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने राज्यपाल पर ही गंभीर आरोप लगा दिए। उन्होंने कहा कि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जानबूझकर भड़काऊ बयान दे रहे हैं, क्योंकि वह दक्षिणी राज्य में शांति को बर्बाद करने की कोशिश कर रहे हैं।

### मौसम विभाग ने बताया फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं

उत्तर भारत में छाया रहेगा कोहरा कई राज्यों में बारिश भी संभावित

# तमिलनाडु में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

देश के अलग-अलग राज्यों में मौसम का मिजाज भी अलग-अलग ही है। उत्तर के पहाड़ी राज्यों में जहां बर्फबारी हो रही है, वहीं मैदानी इलाकों में सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है। देश के दक्षिणी राज्यों में बारिश ने बुरा हाल किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 18 दिसंबर तक सुदूर दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। इस दौरान तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप में भारी बारिश की संभावना है। यहां चक्रवात मिचौंग ने कुछ दिन पहले नुकसान पहुंचाया था अब बारिश ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। भारत के मैदानी राज्यों के बात करें तो कई राज्यों में कोहरा छाया रहेगा।



### तिरुनेलवेली में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया

16-18 दिसंबर के दौरान दक्षिण तमिलनाडु में और 17 और 18 दिसंबर को केरल और लक्षद्वीप में अलग-अलग इलाकों भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी, कन्याकुमारी और रामनाथपुरम सहित तमिलनाडु के दक्षिणी जिलों में रविवार की सुबह से भारी बारिश हो रही है। तिरुनेलवेली में भारी बारिश से इलाके में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

### चेन्नई में बारिश का पूर्वानुमान

आईएमडी चेन्नई के अनुसार तमिलनाडु के कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, थूथुकुडी और तेनकासी जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि रामनाथपुरम, शिवगंगाई में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। तमिलनाडु के विरुधुनगर, मयिलादुथुराई, नागापट्टिनम, तिरुवरुर, तंजावुर, पुडुकोट्टई जिले और कराईकल क्षेत्र में भी भारी बारिश के आसार हैं।

### केरल में जारी ऑरेंज अलर्ट

केरल में मौसम विभाग ने चार जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने कहा कि तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथानामथिट्टा और इडुक्की जिलों को ऑरेंज अलर्ट के तहत रखा गया है। आईएमडी केरल के अनुसार 18 दिसंबर को भी भारी बारिश के साथ तूफान की चेतावनी केरल के लिए जारी की गई है।

## छत्तीसगढ़: विधानसभा अध्यक्ष बनेंगे रमन सिंह 90 विधायकों के संरक्षण का मिलेगा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत सहित भाजपा के कई विधायक मौजूद रहे।नामांकन दाखिल करने के बाद रमन सिंह ने कहा, आज मैंने नामांकन दाखिल किया है। मैं पक्ष और विपक्ष दोनों को धन्यवाद देता हूं। हम नई जिम्मेदारी की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे इस पवित्र सदन और पूरे छत्तीसगढ़ के 90 विधायकों के संरक्षण का दायित्व मिलने जा रहा है। मैं सभी को धन्यवाद दूंगा। मेरी कोशिश रहेगी की बेहतर ढंग से विधानसभा का संचालन हो और सारे मुद्दे राज्य के हित के लिए उठें।

## नई सरकार में बदले जाएंगे कई योजनाओं के नाम, गोबर की खरीदी भी की जाएगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के गठन के बाद अब पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई लोक कल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलने की तैयारी की जा रही है, वहीं कई योजनाएं बंद भी होगी। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल की तस्वीरों वाले राशन कार्ड जमा कराए जा रहे हैं। खूबचंद बघेल योजना के अंतर्गत मेडिकल हेल्थ कार्ड में भी नाम के साथ फोटो बदली जाएगी। धनवंतरि योजना व स्वामी आत्मानंद स्कूल में भी नाम में फेरबदल किया जाएगा। भूपेश सरकार की जिन योजनाओं के बंद होने का खतरा है। उनमें गो-धन न्याय योजना सबसे पहले नंबर पर हैं।

## आ ऐती आ..., उहां का खड़े हस, मोर कोती आ... सीएम साय ने अपने बचपन के मित्र जागेश्वर राम को बुलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आ ऐती आ, उहां का खड़े हस, मोर कोती आ... मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बचपन के मित्र जागेश्वर राम को बुलाने के लिए कुछ इस तरह का संबोधन किया। राज्य अतिथि गृह पहुना में उनसे मिलने उनके पैतृक गांव के निकट के मित्र पहुंचे थे। जागेश्वर आम आदमी की तरह भीड़ में खड़े थे। परिचितों से मिलते वक्त जब बैरिकेड्स के उस पार खड़े व्यक्ति पर मुख्यमंत्री की नजर पड़ी, तब उन्होंने पहचाना और कहा कि यह मेरे बचपन के मित्र जागेश्वर राम हैं। उन्होंने तत्काल आवाज दी और ठेठ छत्तीसगढ़ी भाषा से उनसे संवाद किया। बिरहोर जनजाति के लिए काम करने वाले नंगे पांव पहुंचे जागेश्वर राम इस व्यवहार से काफी प्रसन्न नजर आए। उन्होंने कहा कि बिरहोरों के आवास संबंधी जरूरत पूरा करने के लिए सबसे बड़ा दिन है।

**हाईकोर्ट जज की कार छीनने का मामला: वरिष्ठ पत्रकारों और कानूनविदों ने बताई अपनी राय**

# स्टूडेंट्स का तरीका गलत, लेकिन पुलिस की कार्रवाई भी दोषपूर्ण

हरिभूमि चर्चा

**हरिभूमि न्यूज. भोपाल।** ग्वालियर में ट्रेन में सफर कर रहे एक यूनीवर्सिटी के कुलपति (वाइस चांसलर) की जान बचाने इमरजेंसी में एक हाईकोर्ट जज की कार के ड्राइवर से कार की चाबी छीनकर कुलपति को अस्पताल लेकर जाने वाले एबीवीपी के कार्यकर्ता (लॉ कॉलेज के छात्र) हिमांशु श्रोत्रिय और सुकृत शर्मा पर ग्वालियर पुलिस द्वारा डकैती का केस दर्ज किए जाने पर प्रदेश के आम लोग अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दोनों छात्रों ने वाइस चांसलर की जान बचाने के लिए भावावेश में आकर उनकी कार का उपयोग किया था। छात्रों का किसी प्रकार का अपराध करने का इरादा नहीं था। लूट करने का उद्देश्य से नहीं था। इधर, मुख्यमंत्री मोहन यादव भी कह चुके हैं कि दोनों छात्र आपराधिक पृष्ठभूमि से नहीं हैं। ये मानवीय संवेदनाओं का मामला है। हरिभूमि ने इस मामले में वरिष्ठ पत्रकार और कानूनविदों से उनकी राय जानी तो उनका कहना था कि स्टूडेंट्स का तरीका गलत है, लेकिन पुलिस की कार्रवाई भी दोषपूर्ण है।

### छात्रों ने जो किया, वह जान बचाने के लिए किया



ग्वालियर में जो घटना हुई है, उसमें छात्रों का अपराध क्षमा योग्य है। उनके द्वारा अपराध तो किया गया है, लेकिन अपराध गैरइरादतन था। वाइस चांसलर की जान बचाने उन्हें जो तरकीब समझ आई, उन्होंने उसे ही चुन लिया। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कोई वारदात नहीं की है। जो भी हुआ, वह आपातकाल की स्थिति में हुआ है। उनका इरादा कतई ही लूटपाट और गंभीर अपराध को अंजाम देना नहीं था। मेरा मानना है कि तरीका ठीक नहीं था, लेकिन उस समय यदि कोई और भी होता तो वह वाइस चांसलर या किसी की भी जान बचाने के लिए संभवत: इस तरह ही कदम उठाता।

**राममोहन चौकसे, वरिष्ठ पत्रकार**

### पुलिस को न्यायपूर्ण कार्रवाई करना चाहिए थी



दोनों छात्रों ने वाइस चांसलर की जान बचाने के लिए ड्राइवर से चाबी लेकर कार का उपयोग किया था, किसी तरह की लूट करने के उद्देश्य से नहीं। ये बात सही है कि छात्रों का तरीका गलत था, लेकिन संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस को जांच के बाद उचित और न्यायपूर्ण कार्रवाई करना चाहिए थी। पुलिस ने मामला हाईकोर्ट जज से जुड़ा होने के कारण जल्दबाजी में मामले की बगैर निष्पक्ष जांच किए छात्रों पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सेशन कोर्ट ने मामले में अनुसंधान जारी रहने और गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज होने से छात्रों की जमानत अर्जी खारिज की है। हाईकोर्ट से छात्रों को राहत मिल सकती है।

**मो. रियाजउद्दीन, एडवोकेट**

### पुलिस को कोर्ट के समक्ष खात्मा पेश करना चाहिए



यह सही है कि दोनों छात्रों ने परिस्थितियों को देखते हुए तात्कालिक कदम उठाते हुए ड्राइवर से कार की चाबी छीनकर गंभीर रुप से बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने का साहसिक कार्य किया, लेकिन विधि के अनुसार उनका यह कदम न सिर्फ अव्यवहारिक था, बल्कि विधि विरूद्व भी है। मानवीय पहलू को देखते हुए पुलिस को इस मामले में न्यायालय के समक्ष खात्मा पेश करना चाहिए। शासन के स्तर सीआरपीसी की धारा 321 के तहत प्रकरण वापस ले सकती है। पुलिस को या तो इस मामले को अनदेखा कर देना चाहिए था अथवा जमानतीय धाराओं के तहत अपराध दर्ज करना चाहिए था।

**संजय गुप्ता, अधिवक्ता**

### लोग सहायता करने के लिए आगे आने से कतराएंगे



यह पूरा घटनाक्रम परिस्थितियों के अनुसार हुआ और छात्रों द्वारा जानबूझकर नहीं किया गया। मानवता के नाते बीमार कुलपति की जान बचाने के लिए छात्रों ने कार का उपयोग किया, उसके साथ किसी तरह की लूट करने के उद्देश्य से नहीं था। इस मामले में छात्रों को जमानत मिल जानी चाहिए, क्योंकि किसी अपराध के उद्देश्य से वाहन नहीं लिया, बल्कि किसी की जान बचाने के लिए यह कदम उठाया है। ऐसे में छात्रों को माफ किया जा सकता है, अन्यथा इसका गलत संदेश जाएगा। ऐसे में लोग किसी जरूरतमंद की सहायता करने के लिए आगे आने से भी कतराएंगे।

**मनोहर पाठक, अध्यक्ष, नोटरी संघ भोपाल**






हिंदू समुदाय ने निकाली भगवा भव्य कार रैली

# अयोध्या में रामलला के आगमन की खुशी पर जश्न में डूबा अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। इसे लेकर पूरे देश में एक उत्साह और उल्लास का माहौल है।

ऐसा ही उत्साह और उल्लास अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों में भी है। यही वजह है कि राम मंदिर के उद्घाटन से पहले अमेरिका में महीने भर तक इसका उत्सव मनाया जाएगा। शनिवार को इस उत्सव की शुरुआत एक विशाल कार रैली से हुई। वॉशिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में यह कार रैली निकाली गई।

**खास बातें**

- वॉशिंगटन डीसी के उपनगरीय इलाकों में निकली कार रैली
- विहिप के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा अमेरिका में भी उत्सव का माहौल
- राम मंदिर का अयोध्या में अगले महीने उद्घाटन

*अमेरिका में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं।*





**उत्सव के दौरान ये कार्यक्रम होंगे**

लीला का आयोजन भी कराया जाएगा। साथ ही भगवान श्री राम की कहानियां, भगवान राम की आरती, भजन भी गाए जाएंगे। इस दौरान अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को भी भगवान राम के जीवन के बारे में बताया जाएगा। इन उत्सवों के सह-संयोजक और स्थानीय तमिल हिंदू नेता प्रेम कुमार स्वामीनाथन ने कार रैली के दौरान तमिल भाषा में भगवान राम का भजन गाया और साथ ही सभी परिवारों को 20 जनवरी के उत्सव के लिए आमंत्रित किया।

**अमेरिका में महीने भर तक चलेगा उत्सव**

*अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के कई सदस्य शनिवार को मैरीलैंड के नजदीक स्थित फ्रेडरिक सिटी में श्री भक्त आंजनेय मंदिर में इकट्ठा हुए और राम मंदिर के उद्घाटन की खुशी में कार रैली निकाली। अध्यक्ष महेंद्र सापा ने बताया कि 500 सालों के हिंदुओं के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम के मंदिर का अयोध्या में उद्घाटन होने जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर हम अमेरिका में भी उत्सव मना रहे हैं। 20 जनवरी को वॉशिंगटन, डीसी इलाके में करीब 1000 हिंदू परिवारों के साथ ऐतिहासिक जश्न मनाया जाएगा।*

**अलग-अलग भाषाओं में बताई महत्ता**

*कार रैली में लोगों ने भी कन्नड़, तेलुगु और अन्य भारतीय भाषाओं में भगवान श्री राम की महत्ता बताई। इस कार रैली का आयोजन कृष्णा गुडीपति ने किया। बता दें कि साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से अयोध्या में राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो गया था।*


**खबर संक्षेप**

## इटली दौरे पर पहुंचे ऋषि सुनक ने दी चेतावनी



**रोम।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सप्ताहांत पर इटली के आधिकारिक दौरे पर हैं। यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध प्रवासन से यूरोप के प्रभावित होने का खतरा है। यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों को अपडेट करने का सही समय है।

## अजमेर में कार बनी 'आग का गोला', 3 की मौत



**अजमेर।** राजस्थान के अजमेर के लोहागल रोड पर एक कार में आग लग गई। हादसे में कार सवार तीन युवकों की जलकर मौत हो गई। वहीं दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों को अजमेर के जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नासा ने दिखाए अंतरिक्ष में खोए दो टमाटर



**वॉशिंगटन।** अंतरिक्ष में टमाटर उगाए गए थे, लेकिन कुछ महीने पहले उनमें से दो टमाटर अंतरिक्ष में ही कहीं खो गए थे, जो 8 महीने बाद हाल ही में मिले हैं। साल 2022 में अंतरिक्ष यात्री फ्रैंक रुबियो द्वारा अंतरिक्ष स्टेशन पर टमाटरों की फसल काटे जाने से दो टमाटर अंतरिक्ष में खो गए थे।

पीएम मोदी और सुल्तान की वार्ता

# 2500 करोड़ रुपए के निवेश से सुधरेगी भारतीय अर्थव्यवस्था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करते हुए एक विजन दस्तावेज पर सहमति जताई। दोनों देशों ने 300 मिलियन अमेरिकी डॉलर (2,500 करोड़ रुपए) के ओमान-भारत निवेश कोष की तीसरी किश्त पर भी सहमति जताई, जिसका उपयोग भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए किया जाएगा। फंड को एसबीआई और ओमान निवेश प्राधिकरण के बीच 50:50 संयुक्त रूप में शुरू किया गया था, जिसमें पहली किश्त 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर और उसके बाद 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि भारत और ओमान के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय अपराधों से निपटने, संस्कृति और की स्थापना के क्षेत्र में सहयोग पर समझौतों पर हस्ताक्षर हुआ है।

**10 सूत्रीय विजन डॉक्यूमेंट अपनाया**

*विजन डॉक्यूमेंट का जिक्र करते हुए विनय क्वात्रा ने कहा, "इस संयुक्त विजन में 10 अलग-अलग क्षेत्रों में सहयोग पर सहमति बनी है। मुझे विश्वास है कि यह हमारी साझेदारी को एक नया आकार देगा। पीएम मोदी ने कहा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक संबंधों में एक नया आयाम जोड़ेगा, मोदी ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष जल्द ही समझौते पर हस्ताक्षर करने में सक्षम होंगे। मुझे खुशी है कि सीईपीए समझौते पर चर्चा चल रही है और चर्चा के दो दौर सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं, जहां कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति हुई है। ओमान के सुल्तान शुक्रवार को राजकीय यात्रा पर दिल्ली पहुंचे, प्रभावशाली खाड़ी देश के नेता के रूप में उनकी भारत की पहली यात्रा थी। भारत-ओमान विजन दस्तावेज मोटे तौर पर ओमान के 'विजन 2040', और भारत के 'अमृतकाल' के विकास दृष्टिकोण में निहित है।*

**लेनदेन व डिजिटल भुगतान पर चर्चा**

क्वात्रा के अनुसार, यह समुद्री सहयोग और कनेक्टिविटी, डिजिटल भुगतान, अंतरिक्ष, हरित ऊर्जा, पर्यटन, कृषि, खाद्य सुरक्षा और क्रिकेट सहित 8 से 10 क्षेत्रों में साझेदारी बनाने पर केंद्रित है। स्वच्छ ऊर्जा में सहयोग हरित हाइड्रोजन पर भी केंद्रित होगा। दोनों देशों ने रुपये में व्यापार, तथा ओमान द्वारा संबंधित ओमानी प्लेटफॉर्म के साथ भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूपीआई का उपयोग करने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

विदेश मंत्री जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र पर उठाए सवाल

# पुराने क्लब की तरह है यूएनएससी हर कोई इस पर पाना चाहता नियंत्रण



*केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते।*

*परिषद में जमे लोग अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते*

*दुनिया के सामने प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को एक पुराना क्लब बताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद एक पुराने क्लब की तरह है, जहां ऐसे सदस्य हैं जो क्लब से अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते। वे सिर्फ क्लब पर नियंत्रण रखना चाहते हैं। वह इसमें अधिक सदस्यों को शामिल नहीं करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक मानवीय विफलता है। मुझे लगता है कि आज यह दुनिया को नुकसान पहुंचा रहा है। क्योंकि दुनिया के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र कम से कम प्रभावी होता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपको वैश्विक भावना भी बता सकता हूं। मेरा मतलब है, आज अगर आप दुनिया के 200 देशों से पूछें। क्या आप सुधार चाहते हैं या नहीं। इस पर बड़ी संख्या में देश हां कहेंगे।

**खास बातें**

- क्लब में कई ऐसे सदस्य हैं जो अपनी पकड़ छोड़ना नहीं चाहते
- ज्यादातर देश चाहते हैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार

**कनाडा और अमेरिका के मामले एक जैसे नहीं**

*संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की हत्या की साजिश के आरोपों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दोनों मुद्दे एक जैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हर कोई जानता है कि भारत एक ऐसा देश है, जहां हम बहुत जिम्मेदार हैं, जो हम करते हैं और हमारे लिए पूरा मुद्दा यह है कि हमने हमेशा इसे बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी देश को कोई चिंता है और वह हमें उसे लेकर कुछ इनपुट या कुछ आधार देता है तो हम उस पर विचार करने के लिए हमेशा तैयार हैं और यही देश करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने कुछ मुद्दे उठाए और उन्होंने हमें कुछ जरूरी बातें बताई। समय-समय पर अंतरराष्ट्रीय संबंधों में ऐसी चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। हमने बहुत ईमानदारी से कनाडा के लोगों से कहा है कि यह आपके ऊपर है, मेरा मतलब है कि आप चाहते हैं कि हम इसे आगे देखें या नहीं।*

**जयशंकर ने जी20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया**

*विदेश मंत्री जयशंकर ने हाल ही में भारत में संपन्न हुए जी-20 को कूटनीतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जी20 विश्व कप की तरह है, जहां सबसे बड़े और मजबूत खिलाड़ी एक साथ आए। दुनिया के सबसे प्रभावशाली, शक्तिशाली और पारिणामिक देश एक साथ इकट्ठा हुए।*

**जयशंकर ने पाक और चीन को दी नसीहत**

उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों पर कहा कि मैं आपको सुझाव देना चाहूंगा कि पाकिस्तान के साथ संबंध वास्तव में एक अपवाद है। मुझे लगता है कि हमें यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि हमारे सभी पड़ोसी हर दिन हमारे साथ सभी मुद्दों पर सहमत होंगे। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से चाहेंगे कि चीन के साथ हमारे संबंध आज की तुलना में बेहतर हों, लेकिन अगर पिछले तीन सालों में हालात और कठिन हो गए हैं तो यह हमारे कारण नहीं है। इसलिए कि उन्होंने सीमा पर समझौतों का पालन नहीं करने का चुनाव किया है, लेकिन फिर भी कूटनीति यह है कि आपके पड़ोसी भले ही चुनौतीपूर्ण हों, लेकिन आप कभी हार नहीं मानते।

**निखिल गुप्ता पर लगे आरोप**

उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत से खालिस्तान अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की असफल कथित साजिश की जांच में सहायता करने को कहा है। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने निखिल गुप्ता नाम के एक व्यक्ति के खिलाफ अभियोग दायर किया है। इसमें भारत सरकार के एक कर्मचारी पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादी को मारने के लिए पेड किलर को नियुक्त करने के आरोप लगाया गया है। जवाब में विदेश मंत्रालय ने अपने सरकारी अधिकारी के कथित साजिश से जुड़े होने पर चिंता व्यक्त की।

अमेरिका में बेघरों की संख्या में रिकॉर्ड उछाल!

# सुपर पावर देश के 7 लाख लोग सड़कों पर रहने को मजबूर, चीन की रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

एक नई सरकारी रिपोर्ट से पता चला है कि अमेरिका में बेघर लोगों की संख्या 12 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। चीन की ओर से 15 दिसंबर को आवास और शहरी विकास विभाग की तरफ से जारी रिपोर्ट के हवाले से बताया कि जनवरी में देश भर में लगभग 6,53,000 लोग बेघर हो गए। ये एक साल पहले की तुलना में 70,650 अधिक है और 2007 में सर्वेक्षण शुरू होने के बाद से सबसे अधिक संख्या है। अमेरिका में कुल बेघर हुए लोग में अफ्रीकी-अमेरिकी की आबादी 13 फीसदी हैं, लेकिन कुल बेघरों का 37 फीसदी है। इसमें कहा गया है कि बेघर होने में सबसे बड़ा उछाल हिस्पैनिक लोगों में देखा गया था, जो 2022 से 2023 तक 28 फीसदी थी। अमेरिका में परिवार से बेघर हुए लोगों में भी 16 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2012 के बाद से गिरावट की प्रवृत्ति को उलट रही है।



**कारणः बढ़ते किराए और कोरोना महामारी सहायता में गिरावट**

*अमेरिका में बेघर होने के संकट के पीछे बढ़ते किराए और कोरोना वायरस महामारी सहायता में गिरावट प्रमुख कारकों में से एक है। अमेरिका दुनिया के सबसे विकसित देशों की लिस्ट में आता है। इसे दुनिया का सुपर पावर कहा जाता है। इसके बावजूद यहां बेघरों की संख्या में आने वाली रिकॉर्ड उछाल आया है। आवास और शहरी विकास विभाग की सचिव मार्सिया एल. फ्रज ने एक बयान में कहा कि बेघर होने की समस्या का समाधान संभव है। अमेरिका में इसका अस्तित्व नहीं होना चाहिए। ये डेटा सरणनीतियों के लिए समर्थन की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।*

बाइडेन को दी धमकी

# फिनलैंड की नाटो सदस्यता को लेकर भड़के व्लादिमीर पुतिन

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस साल की शुरुआत में नाटो में आधिकारिक रूप से शामिल होने वाले पड़ोसी देश फिनलैंड को चेतावनी दी है। पुतिन ने कहा अब समस्याएं होंगी। अब मॉस्को इसके जवाब में उत्तर-पश्चिम रूस में एक नया सैन्य जिला बनाएगा। फिनलैंड, जो रूस के साथ 1,340 किमी की सीमा साझा करता है, इस साल अप्रैल में मॉस्को के यूक्रेन हमले के बीच नाटो में शामिल हो गया। इसे पुतिन को बड़ा झटका माना गया है।

**फिनलैंड को चेतावनी, बाइडेन का बयान बकवास**

20वीं सदी के मध्य में क्षेत्रीय विवादों समेत सभी विवाद लंबे समय से सुलझ चुके हैं। लेकिन अब समस्या होगी, क्योंकि हम लेनिनग्राद सैन्य जिला बनाएंगे।



पुतिन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का दावा बकवास है। इस महीने बाइडेन ने चेतावनी दी थी कि अगर पुतिन ने यूक्रेन पर जीत हासिल की तो रूस नाटो देश पर हमला करेगा।

युद्ध से बचने लोग जा रहे थे यूरोप

# लीबिया में जहाज डूबने से 61 प्रवासियों की हुई मौत



एजेंसी ▶▶ लीबिया

लीबिया में भयानक हादसा हो गया है। जहाज डूबने से 61 प्रवासियों की मौत हो गई है। इसमें कई बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। आईओएम ने जिंदा बचे लोगों के हवाले से बताया कि जहाज पर कुल 86 लोग सवार थे। जहाज लीबिया के ज्वारा शहर से रवाना हुई थी। बता दें कि समुद्र के रास्ते यूरोप पहुंचने के इच्छुक लोगों के लिए लीबिया एक मेजर लॉन्चिंग पॉइंट है।

अफ्रीका और मध्य पूर्व में स्थित मुल्कों के लोग अपने यहां हो रहे युद्ध और अशांति से बचने के लिए लीबिया के रास्ते यूरोप जाना चाहते हैं। इन रास्तों पर सैन्य गुटों द्वारा मानव तस्करी नेटवर्क चलाए जाते हैं, जो तटीय क्षेत्रों को नियंत्रित करते हैं। वे प्रवासियों को खतरनाक भूमध्य सागर के माध्यम से जोखिम भरी यात्रा कराते हैं।

**यह कोई पहली घटना नहीं**

*प्रवासियों के डूबने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के मामले कई मामले सामने आए हैं। इसी तरह की एक घटना जून में हुई थी, जब 79 प्रवासी डूब गए थे और सैकड़ों अन्य लापता हो गए थे। फरवरी में एक तूफान के दौरान इटली के कैलाब्रियन तट पर उनकी नाव चट्टानों से टकरा गई थी, जिससे 96 लोगों की मौत हो गई थी. इस तरह के और कई मामले हैं।*

**लीबिया में उथल-पुथल का माहौल**

2011 में हुए नाटो समर्थित विद्रोह के बाद से लीबिया में काफी अस्थिरता है। तानाशाह मोअम्मर गद्दाफी के मारे जाने के बाद से ही लीबिया में उथल-पुथल का माहौल है। 2011 में हुई अरब क्रांति में गद्दाफी को मार दिया गया।

एसएएमएआर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफल ट्रायल

# भारतीय सीमा पर अब घुसपैठ की हिमाकत नहीं करेगा दुश्मन!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायु सेना ने एसएएमएआर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। देश के इन-हाउस डिजाइन और डेवलपमेंट प्रयासों की दिशा में यह बड़ी सफलता है।

आईएफ से इसे अपने पुराने रूसी मूल के हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणालियों का इस्तेमाल करते हुए विकसीत किया गया है। आईएएफ अधिकारियों ने बताया कि भारतीय वायु सेना ने अपने इन-हाउस डिजाइन और डेवलप्ड एसएएमएआर एयर



डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफल फायरिंग ट्रायल किया। वायु सेना स्टेशन सूर्यलंका में हाल ही में आयोजित अभ्यास अस्त्रशक्ति-2023 के दौरान यह कामयाबी मिली। वायु रक्षा प्रणाली एसएएमएआर को भारतीय वायुसेना के मेंटेनेंस कमांड के तहत एक यूनिट की ओर से डेवलप किया गया है।

**पहली बार शामिल की यह मिसाइल**

इस मिसाइल सिस्टम को पहली बार एक्सरसाइज में शामिल किया गया, जिसका मकसद सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणालियों का टेस्ट करना और उनके ऑपरेशनल फील्ड ट्रायल को अंजाम देना रहा। अधिकारियों ने बताया कि मिसाइल सिस्टम ने विभिन्न युद्ध परिदृश्यों में फायरिंग ट्रायल टारगेट को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। यह सिस्टम 2 से 2.5 मैक की गति वाली मिसाइलों के हवाई खतरों का सामना कर सकता है। आईएफ अधिकारियों ने कहा कि एसएएमएआर सिस्टम में ऐसा लॉन्च प्लेटफॉर्म लगा है।

**पासिंग आउट परेड की समीक्षा की**

दूसरी ओर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को हैदराबाद के बाहरी इलाके डंडीगल में वायु सेना अकादमी में 212 ऑफिसर्स कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) की समीक्षा की। पासिंग आउट परेड भारतीय वायु सेना में विभिन्न शाखाओं के फ्लाइट कैडेटों के प्री-कमीशन प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान राजनाथ ने स्नातक प्रशिक्षुओं को राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया।



**आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम**

मालूम हो कि इस मिसाइल सिस्टम का प्रदर्शन पहले ही वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और वायु सेना वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह देख चुके हैं। इंडियन एयरफोर्स के मेंटेनेंस कमांड के चीफ एयर मार्शल वीभास पांडे ने हवाई अड्डे का दौरा किया। पांडे ने उन अधिकारियों और कर्मियों सहित क्रू मेंबर्स से भी मुलाकात की, जिन्होंने इस सिस्टम को इन-हाउस विकसित करने के लिए काम किया है। बता दें कि वायुसेना ने दूसरी हथियार प्रणालियों का भी परीक्षण किया और इसमें अहम सफलता हासिल की। भारतीय वायु सेना आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने को लेकर केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत काम कर रही है।

### धर्म गुरुओं की बैठक में निर्देशों का पालन करने पर बनी सहमति

# कार्रवाई लाउडस्पीकर के नहीं, ध्वनि प्रदूषण के खिलाफः एसपी

जबलपुर।

धार्मिक स्थलों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर लाउडस्पीकर को नियंत्रित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने प्रभावी कार्यवाही शुरु कर दी है। इसके पहले क्रम में सभी धर्मगुरुओं के साथ रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में बैठक का आयोजन किया गया। यहां कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, एसपी आदित्य प्रताप सिंह सहित सभी धर्मों के प्रमुख धर्मगुरु उपस्थित रहे। इस दौरान एएसपी प्रियंका शुक्ला,एएसपी सोनाली दुबे, एएसपी सूर्यकांत शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहें। शांति समिति की बैठक में एसपी आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि शासन की ये कार्रवाई लाउडस्पीकर के खिलाफ नहीं है, बल्कि ये कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ की जा रही है। हमारा पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश जो कि एक बड़ा स्टेट है, वहां भी इस तरह के निर्णय लिए गए जो कि सफल भी रहे। जबलपुर एसपी ने कहा कि अभी तो हमें ये लगता है कि खूब तेज लाउडस्पीकर बजे, लेकिन हमें यह भी पता होना चाहिए कि आने वाले समय के लिए ये ध्वनि प्रदूषण बहुत ही खतरनाक है। लाउडस्पीकर तो एक माध्यम है कार्रवाई करने का, असल में हमें ध्वनि प्रदूषण रोकना है। बैठक में निर्णय लिया गया है, कि एक तय आवाज में ही धार्मिक स्थलों में स्पीकर बजेंगे। इसके साथ ही स्पीकर की संख्या भी सीमित रहेगी। जिला प्रशासन ने जिला शांति समिति की बैठक में यह भी सभी धर्म गुरुओं से अपील की है कि शासन के निर्देश के मुताबिक ही लाउडस्पीकर का उपयोग किया जाए, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। मुस्लिम समुदाय के एस.के मुद्दीन ने लाउडस्पीकर को लेकर की गई बैठक में जिला प्रशासन के लिए गए फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ये सरकार का ये निर्णय कोई एक धर्म के लिए नहीं है। मंदिरों में भी लाउडस्पीकर लगे है। मस्जिदों में लगे है, और गुरुद्वारे में भी। मुद्दीन ने सभी से अपील की है कि जिस तरह से हमेशा जबलपुर में अमन,चैन और शांति रही है, वैसे ही आगे भी रहें। गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने पूरे मध्य प्रदेश शासन ने धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को नियंत्रित करने के लिये निर्देश जारी किये हैं। जिसके बाद जबलपुर ने भी प्रशासन इस दिशा प्रयास शुरु किये हैं। इसी क्रम में रविवार को बैठक का आयोजन किया गया।




# दुकानों को नियम कायदे के अनुरुप चलाने चल रहा अभियान

जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर, प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद शहर में खुले में चलने वाली मांस की दुकानों को व्यवस्थित करने के लिये अभियान चलाया रहा है। लम्बे समय बाद व्यापक पैमाने पर शुरु हुये इस अभियान को लेकर भ्रम और संशय की स्थिति भी निर्मित हो रही है। सोशली मीडिया पर बड़े पैमाने इस तरह की खबरें चलाई जा रही हैं कि मांस की दुकानों को प्रतिबंधित कर दिया है, या विशेष क्षेत्र और विशेष तरह के मांस को प्रतिबंधित कर दिया है। जिसकी वजह से शहर में भ्रामक स्थिति निर्मित हो रही है। कुछ शरारती तत्व अपने नफे नुकसान के हिसाब से अफवाहें पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं इस व्यवसाय से जुड़े लोग अपने आर्थिक भविष्य को लेकर चिंतित है।

नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा अभियान मांस के कारोबार को प्रतिबंधित करने के लिये नहीं, इस कारोबार को व्यवस्थित करने के लिये चलाया जा रहा है। धूल कचरे के बीच खुले में मांस बेचा जाता है, उसकी गंदी खुली सड़कों पर बहा दी जाती है, जिससे अलग अलग नुकसान स्वास्थ्य एवं मन पर पड़ते हैं। ऐसी दुकानों को व्यवस्थित करने के लिये अभियान चल रहा है।

**2 हजार में सिर्फ 73 लोग लायसेंस लेकर कर रहे मांस का कारोबार**

### सिर्फ 73 ने लिया लायसेंस

स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर शहर में करीब 2 हजार छोटी बड़ी मांस की दुकानें हैं। जिनमें से सिर्फ 73 नगर निगम में रजिस्टर्ड हैं। वहीं शहर में चल रही इन दुकानों पर 40 फीसदी सड़क किनारे चल रही हैं। सड़क किनारे बिकते इन मांस में धूल मिट्टी हवा कर असर आदि होता है, जिससे यह मांस स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो जाते हैं। वहीं इन दुकानों की गंदगी खुले में फेंक और बहा दी जाती है, जिससे सफाई और पर्यावरण दोनों प्रभावित होता है। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर खुले में चलती इन दुकानों से सामाजिक तानाबाना प्रभावित होता है।

### नियम विरुद्ध चल रही दुकानों पर कार्रवाई

निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मांस के कारोबार से जुड़ी पहले से मौजूद गाईड लाईन का पालन कराने और खुले में एवं नियम विरुध्द चलने वाली दुकानों को व्यवस्थित करने के लिये पूरा अभियान चलाया जा रहा है। जो दुकानें नियम अनुसार चल रहीं हैं, उनको सहयोग दिया जाएगा। जो दुकानें नियम तोड़कर चल रही हैं उनको नियम का पालन करने की समझाईश दी जाएगी और फिर जुर्माना किया जाएगा। वहीं वो दुकानें जों अवैध रूप से चल रही हैं उनको बंद कराया जाएगा। बाजार अधीक्षक, दिनेश प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार के निर्णय के बाद खुले में मांस की दुकान संचालित करने वालों चिन्हित किया गया है। समझाइश दी गई है कि वे खुले में मांस का विक्रय न करें। नियम तोड़ने पर जब्ती से लेकर जुर्मान की कार्रवाई की जाएगी।

### भारी संख्या में अवैध दुकानें

शहर के ग्वारीघाट मार्ग, तिलवाराघाट, शास्त्राr नगर, त्रिपुरी चौक, सूपाताल, सिविल लाइन, रांझी, घमापुर, कांचघर, भानतलैया, मंडी मदार टेकरी, गोहलपुर, चारखम्बा, रद्दी चौकी, दमोहनाका समेत कई और इलाकों में बड़ी संख्या में मांसाहार की दुकान अवैध रूप से संचालित हैं।

### समझाईश का प्रयास शुरु

फिलहाल नगर निगम समझाने और नियमों से अवगत कराने का प्रयास कर रहा है। जिसके लिये नगर निगम प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अमले ने सभी 16 जोन में मांसाहार विक्रेताओं को बुलाकर खुले में व्यापार नहीं करने की समझाइश दी। वहीं ऐसे दुकानदार जो बंद दुकानों में मांस का विक्रय कर रहे हैं, लेकिन निगम से लायसेंस नहीं लिया है उन्हें भी हिदायत दी गई कि सभी आवश्यक नियमों के साथ बाजार विभाग में पंजीयन अवश्यक कराएं।

# ट्रांसफारमेशन केपेसिटी बढ़कर अब हुई 78947 एमव्हीए

जबलपुर।

एमपी ट्रांसको (एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने टीकमगढ़ जिले के ट्रांसमिशन नेटवर्प को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए 220 के सबस्टेशन टीकमगढ़ में 5.77 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से 160 एम व्ही ए क्षमता का एक अतिरिव्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। एमपी ट्रांसको टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता श्री आर पी कान्यकुब्ज ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जतारा, दिगोदा, बुढैरा, टीकमगढ़, बड़ा मलहरा एवं पृथ्वीपुर क्षेत्र के उपभोव्ताओं को फायदा पहुंचेगा अब उन्हें उचित गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। इस ट्रांसफार्मर के प्रारंभ हो जाने से टीकमगढ़ सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 540 एम व्ही ए की हो गई है। जबकि जिले की कुल ट्रांसफारमेशन केपेसिटी बढ़कर 793 एम व्ही ए की हो गई है। जिले में एमपी ट्रांसको अपने 05 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है। गौरतलब है कि एमपी ट्रांसको प्रदेश में अपने 416 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है, जिसमें 400 के व्ही के 14, 220 के व्ही के 88 एवं 132 के व्ही के 214 सबस्टेशन क्रियाशील है। एमपी ट्रांसको की कुल स्थापित ट्रांसफारमेशन केपेसिटी बढ़कर अब 78947 एम व्ही ए की हो गई है, जिसमें 400 के व्ही की 11195 एम व्ही ए 220 के व्ही साइड 32750 एम व्ही ए तथा 132 के व्ही साइड 35002 एम व्ही ए शामिल है।



### आईटीआई जबलपुर में रोजगार मेला आज

**जबलपुर।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सोमवार 18 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। संस्था के प्राचार्य सुनील कुमार ललावत ने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण पुरुष एवं महिला अभ्यार्थियों के लिए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, नर्मदा जिलेटिन लिमिटेड जबलपुर, वेकमेट इंडिया लिमिटेड में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अभ्यर्थियों की नियुव्ति नियमित आधार पर 10 हजार से 29 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन एवं रियायती दर पर भोजन एवं परिवहन व्यवस्था उपलब्ध की जाएगी। उन्होंने प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए दस्तावेजों सहित इच्छुक अभ्यर्थियों से उपस्थित होने की अपील की है।

# कड़कड़ाती ठंड में परीक्षा देने पहुंचे छात्र

### 34 केन्द्रों में 14 हजार छात्रों ने दी पीएससी परीक्षा

**जबलपुर।** कड़कड़ाती ठंड के बीच रविवार सुबह मध्य प्रदेश लोक आयोग की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें जबलपुर में भी हजारों छात्र शामिल हुये। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रथम सत्र सुबह से 12 की पाली से हुआ। वहीं दूसरा सत्र दोपहर 2.15 से शाम 4.15 की पाली में आयोजित किया गया। जबलपुर में कुल 14 हजार 8 सौ 23 छात्र परीक्षा में शामिल हुये। जिनके लिये जिले में 34 सेंटर बनाए गये थे। जहां प्रशासान की तरफ से सुरक्षा एवं जांच के पूरे इंतेजाम किये गये थे। जहां परीक्षा के इंतेजामों को लेकर छात्र खुश थे तो वहीं परीक्षा में जिनकी डय़ूटी लगाई गई थी। वो नाराज दिखे। जिनका कहना था कि आयोग की तरफ परीक्षा डय़ूटी में तैनात होने वालों के लिये नाश्ते से लेकर भोजन तक के लिये पैसे सेंटरों को दिये जाते हैं। लेकिन सेंटरों में केवल चाय बिस्कुट देकर निपटारा कर लिया गया।

# शहर के ट्रांसजेंडर राधिका शर्मा ने भोपाल में जीती मैराथन रेस

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा भोपाल में आयोजित मैराथन दौड़ को जबलपुर के ट्रांसजेंडर राधिका शर्मा ने जीत लिया। मैराथन खिताब जीतने पर राधिका शर्मा को 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि विश्व एड्स दिवस 2023 के अवसर पर पूरे मध्यप्रदेश में 15 दिनों का जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया गया है। यह मैराथन इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई थी। भोपाल में आयोजित इस मैराथन में जबलपुर की जाग्रति युवा मंच समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा हिस्सा लिया गया। राधिका शर्मा इस संस्था की सक्रिय कार्यकर्ता हैं। राधिका शर्मा ट्रांसजेंडर समुदाय से हैं। राधिका का सपना है सरकारी नौकरी। वह सरकारी नौकरी अपने जीवन यापन के लिए करना चाहती है। इसके लिए वह लगातार प्रयासरत है। राधिका की इच्छा है कि मध्यप्रदेश पुलिस में उसे नौकरी मिले। अन्य राज्यों में पुलिस विभाग द्वारा ट्रांसजेंडर को नौकरी में अवसर दिए जा रहे हैं। राधिका शर्मा रोजगार के अभाव में अपना परंपरागत नाचने गाने और बधाई मांगने का काम करती है। राधिका शर्मा ने ग्रेजुएशन तक शिक्षा हासिल की है। वह आगे भी पढ़ाई जारी रखना चाहती है। उसकी इच्छा है कि वह आम नागरिकों की



तरह कुछ रोजगार करे।

# गड़बड़ी की शिकायतों पर करें त्वरित कार्रवाई

**जबलपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और उपार्जन व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये हैं ।श्री सुमन ने अधिकारियों को पंजीकृत वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के हिदायत देते हुये कहा है कि किसानों की आड़ में बिचौलिये उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ न उठा सकें इसके लिये उपार्जन केंद्रों का सतत निगरानी रखी जाये । उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सीमावर्ती जिले से समर्थन मूल्य पर बेचने के लिये लाये जाने वाले धान की आवक को रोकने के लिये चौकस नाकेबंदी करें । उन्होंने मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदी गई धान की गोदामों में समय-समय पर निगरानी करने के निर्देश भी दिये हैं ।कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा है कि उन्हें पंजीकृत किसानों द्वारा मंडी में धान विक्रय की जानकारी भी संकलित करनी होगी, ताकि एक ही किसान के नाम से मंडी और उपार्जन केन्द्र दोनों पर धान विक्रय की संभावना न रहे । उन्होंने कहा कि जिन वेयरहाउस में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है, वहाँ पूर्व से भंडारित स्कंध का सत्यापन सुनिश्चित किया जाये । श्री सुमन ने खरीदी की सतत निगरानी करें और समर्थन मूल्य पर धान की ख़रीद में जानबूझकर अनियमितता करने वाली समितियों, स्व सहायता समूह, गोदाम संचालक एवं अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत भी एसडीएम, तहसीलदार एवं उपार्जन व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को दी है ।

**धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को न हो असुविधा**

### उधारी के पैसे नहीं लौटाने पर मारपीट

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अंतर्गत ग्राम भीटा बस स्टैंड के पास रेलवे के ट्रेकमेन के साथ तीन युवकों ने उधारी के पैसे को लेकर न केवल मारपीट की बल्की जातिगत रूप से अपमानित भी किया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। कल रात ग्राम आमा हिनौता निवासी भेड़ाघाट स्टेशन में पदस्थ ट्रैक मेन भिटौनी स्टेशन के सेक्शन इंजीनियर से मिलने गया था और वहां से लौट रहा था। तभी वहां से रास्ते में गांव के सरजू पटेल व दो अन्य युवकों उसे रोककर उधारी के पैसे वापस करने को लेकर विवाद किया और मारपीट कर दी। बताया गया है कि ट्रेकमेन इंद्रजीत गोंटिया ने आरोपी सूरज पटेल से 1 साल पहले 1 लाख रुपये उधार लिये थे। जिसे धीरे धीरे किश्तों में लौटाने की बात तय हुई थी। पैसा नहीं लौटाने पर सूरज ने उसके साथ गालीगौलच की और मारपीट कर दी। पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 भादवि तथा 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# पारसी कब्रस्तान के पास जमा था फड़

**जबलपुर।** बेलबाग थाना क्षेत्र में चल रहे जुये के फड़ों पर छापा मारकर पुलिस ने 11 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 हजार 9 सौ रुपये जप्त किये। मुखबिर की सूचना पर बेलबाग पुलिस ने पारसी कब्रस्तान के पास गौतम नगर में जमें जुये के फड़ पर दबिश देकर यहां 11 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 हजार 9 सौ रुपये जप्त किये। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की सूचना पर पारसी कब्रस्तान के पास जमें जुये के फड़ पर छापा मारकर यहां जुआ खेल रहे आरोपी कलीम मोहम्मद निवासी न्यू आनंदनगर अधारताल, समीर खान निवासी बाबाटोला, हनुमानताल, अजय कुमार कोरी निवासी सरकारी कुआ प्रेमसागर रोड हनुमानताल, जाबिर खान निवासी न्यूआनंद नगर अधारताल, मोह. माजिद उर्फ मोनू निवासी अमखेरा जागृतिनगर गोहलपुर, मजर खान निवासी पम्प हाउस के पास हनुमानताल, मोनू रजक निवासी प्रेमसागर गोविन्द भवन के सामने हनुमानताल, सलीम मंसूरी निवासी राजाबाबू पुंटी मोहरिया हनुमानताल, अंकित बेन निवासी शीतलामाई तड़ीखाना घमापुर, मोह. शोहेल निवासी 16 क्वाटर हनुमानताल, शेख वाजिद निवासी कटरा मस्जिद अधारताल जुआ खेलते पकड़े गये। आरोपियों के पास से पुलिस ने ताशपत्ते और 9 हजार 9 सौ रुपये जप्त करते हुये 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की।

**जुए के फड पर छापा, 11 जुआरी गिरफ्तार**

### किसी भी परिवार को बेदखल नही होने दिया जाएगाः रोहाणी

**जबलपुर।** समाचार पत्रों के माध्यम से बंगलो एवं बगीचों के संदर्भ में आम जनता के बीच मे भ्रांति की स्थिति पैदा की जा रही है। इस संदर्भ में डिलाइट कार्यालय में छावनी परिषद अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक केंट विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा आयोजित की गई। विधायक ने तुरंत रक्षा संपदा अधिकारी से टेलीफोन पर समस्या के संदर्भ में चर्चा की। विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार चर्चा के दौरान रक्षा संपदा अधिकारी ने विधायक को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जल्द एक बैठक की जाएगी। जिसमें उपरोव्त समस्या का निराकरण किया जाएगा। उसके उपरांत विधायक रोहणी ने छावनी परिषद के जनप्रतिनिधियों को एवं बंगले बगीचे में रहने वाले जनता को विश्वास दिलाया है कि किसी भी परिवार को कैंट से बेदखल नहीं होने देंगे। और उनकी जान माल की रक्षा की जाएगी। इस अवसर पर सुंदर अग्रवाल आशीष राव संजय वर्मा संजय जैन संजय कपूर वेद महावर चमन रजत विकास बावरिया राजेश श्रीवास एवं अन्य जनता प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद पहुंचाने की गुहार

# काजोल साहू की हत्या के आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**जबलपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा म.प्र.तैलिक साहू सभा की राष्ट्रीय एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष आभा साहू द्वारा साहू समाज की बेटी काजोल साहू के साथ हुई घटना की घोर निंदा करते हुए उसकी हत्या करने वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई एवं मृतका के परिजनों को सहायता पहुँचाने हेतु माँग की गई। श्रीमति साहू ने बताया कि गोटेगांव निवासी युवती कुमारी काजोल साहू पर उसके परिवार की आजीविका का भार था। गोटेगांव से जबलपुर प्रतिदिन अप डाउन करके जबलपुर शहर में रहकर अपनी नौकरी किया करती थी। विगत दो वर्षों से कथित तौर पर आरोपी देवेंद्र पटेल से अनावश्यक रूप से प्रताड़ित थी। आरोपी उसे जबरदस्ती विवाह करने का प्रलोभन देता रहा। किंतु युवती के द्वारा लगातार इनकार करने पर आरोपी कथित तौर पर अनावश्यक दबाव बनाने लगा। काजोल के परिवार जनों और भाइयों द्वारा लगातार समझाइश देने के बाद भी आरोपी में कोई सुधार नहीं आया। इसी तारतम्य में आरोपी ने मौका पाकर अवैध कट्टे से गोली मारकर एक साहू समाज की होनहार पुत्री की हत्या कर दी। जिससे पूरा साहू समाज स्तब्ध हैं। इस घटना को सुनकर प्रदेश महिला संगठन से श्रीमती आभा साहू, श्रीमती रानी, श्रीमती उल्का साहू, श्रीमती सरिता साहू, जबलपुर से गोटेगांव पहुंचकर काजोल के माता-पिता से मिली उनके परिजनों से मिलकर प्रकरण की जानकारी ली। जिस पर उन्होंने बताया कि स्थानीय विधायक द्वारा प्रकरण की तुरंत जांच का आदेश एवं आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया गया। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा मिले। आरोपी का घर ध्वस्त किया जाना चाहिए एवं युवती के परिवार जनों को एक करोड़ की सहायता राशि और उसके परिवार से किसी को सरकारी नौकरी प्रदान की जाना चाहिए एवं प्रशासन को इस प्रकार घिनौने अपराध करने वाले अपराधियों को चिन्हित कर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत अविलंब कार्रवाई करना चाहिए एवं समाज में विस्फोटक आग्नेय और अवैध शस्त्राW का निर्माण करने वालों पर यथाशीघ्र अंकुश लगाया जाए ताकि पूरे प्रदेश में हिंसात्मक गतिविधियों पर अविलंब रोक लगे। श्रीमति साहू ने कहा कि साहू समाज काजोल के साथ हुए इस कृत्य की घोर निंदा करता है एवं काजोल के परिवार को मदद और न्याय के लिए मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन से आग्रह है की समाज की मांगों को पूरा किया जाए।



जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

# आज भी 14 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 18 दिसम्बर को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 14 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा देश में हुये विकास से आम लोगों को परिचित कराने निकाली जा रही इस यात्रा के दौरान एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित रथ द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा। इसके साथ ही इन योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण भी चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 18 दिसम्बर को जबलपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पडुवा एवं परासिया पहुँचेगी। इसी प्रकार मझौली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत इंद्राना एवं कापा, जनपद पंचायत सिहोरा में ग्राम पंचायत धरमपुरा एवं हदयनगर, जनपद पंचायत पनागर में ग्राम पंचायत इमलिया टिकारी एवं निरन्दपुर, जनपद पंचायत पाटन में कुंवरपुर एवं कटरा बेलखेड़ा, जनपद पंचायत शहपुरा में ग्राम पंचायत बिलखरवा एवं हीरापुर (बंधा), जनपद पंचायत कुण्डम में ग्राम पंचायत महेशपुरी एवं झिरिया का भ्रमण करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा। इसके पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जायेगा तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण होगा। केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी की थीम पर अपना अनुभव साझा करेंगे। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने माटी कहे पुकार के की थीम पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं पर केन्द्रित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को कैप और टी-शर्ट पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। मृदा परीक्षण एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने कृषि विभाग द्वारा शिविर लगाया जायेगा। आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी करने, आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की पात्रता पर्ची बनाने, बैंको से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अटल पेंशन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने भी शिविर इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा लगाये जायेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए भी अलग से स्टॉल लगाया जायेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख योजनाओं का लाभ पहुंचाने भी यात्रा के दौरान इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान केन्द्र शासन की योजनाओं के तहत पात्र पाये गये हितग्राहियों को मौके पर ही हितलाभों का वितरण भी किया जायेगा।

### इन ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी यात्रा

जिला पंचायत से प्राप्त रुट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत नन्हाखेड़ा और घुंसौर एवं बुधवार 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत मंगेली और बढैयाखेड़ा, जनपद पंचायत मझौली में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गौरा नेगई और टिकुरी एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत कोनी कला, लोहारी (अनघोरा) और गठौरा, जनपद पंचायत पनागर में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत लखना और कालाडूमर एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बम्हनौदी और उर्दुआकला, जनपद पंचायत पाटन में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बेनीखेड़ा और बिनैकी एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गनयारी और मुर्रई, जनपद पंचायत शहपुरा में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बरखेड़ा (सहजपुर) और सहजपुर एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत कैथरा और गड़रपिपरिया, जनपद पंचायत कुंडम में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत हरदुलीकला और चौरईकला एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत आमाटिटहा और कुंवरहट तथा जनपद पंचायत सिहोरा में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गोसलपुर और कछपुरा एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत जुझारी और घुघरी नवीन का भ्रमण करेगी।

## केंद्र शासन की योजनाओं का नागरिकों को मिला लाभ

**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज रविवार को शहर के दो विधानसभा क्षेत्रों जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बाजनामठ चौक और जबलपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के शिवनगर कमल बारात घर के पास शिविर का आयोजन किया गया। शिवनगर कमल बारातघर के समीप आयोजित शिविर में क्षेत्रीय विधायक अभिलाष पाण्डेय, पार्षद अतुल जैन दानी, श्रीमती प्रतिभा भापकर, सुनील पुरी गोस्वामी, अनुपम जैन, पूर्व पार्षद संजय तिवारी, रमेश रैकवार एवं क्षेत्रीय जनों में शैलेन्द्र राजपूत, शैलेन्द्र विश्वकर्मा की उपस्थित में कई हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला। शिविर में यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जायेगी। इस अवसर पर विधायक श्री पाण्डेय ने हितग्राहियों से चर्चा की और जन-जन तक केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों को लाभांवित कराने का संकल्प लिया। नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में आज कई हितग्राहियों प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि योजनाओं का लाभ एक दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य




परीक्षण शिविर भी आयोजित किये गये तथा आधार पंजीयन एवं हितग्राहियों की ई-केवायसी करने भी अलग से स्टॉल लगाये गये। शिविरों के दौरान केंद्र शासन की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव भी सुनाए। ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। निगमायुक्त वानखड़े ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सोमवार 18 दिसम्बर को गुलौआ चौक एवं राजीव गांधी बस्ती चन्द्र शेखर पार्क के पास शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने आमजनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

## नगर पालिका उपाध्यक्ष ने किया प्रसाद वितरण

**सिहोरा।** वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद एंव नगर पालिका अध्यक्ष शारदा तिवारी ने कथा की आरती के बाद समस्त भक्तों को केला जलेबी,आलूबंडा का प्रसाद स्टाल लगाकर वितरित किया। आयोजन को सफल बनाने में सभी इष्ट मित्रों का सराहनीय योगदान रहा।



## विकसित भारत संकल्प यात्राः ड्रोन से किया छिड़काव



**सिहोरा।** नागरिकों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने और उन्हें सशक्त बनाने निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार को सिहोरा विकासखण्ड में ग्राम पंचायत गांधीग्राम से प्रारंभ की गई। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वाराअनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उपसंचालक कृषि परियोजना संचालक, अनुविभागीय अधिकारी कृषि,वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।जिसमे कृषि विभाग ने विजय कुमार चौरसिया गांधीग्राम,एंव प्रदीप पटेल देवनगर के गेहूं के खेत में एक एक नेनौ युरिया का ड्रोन द्वारा छिड़काव का प्रदर्शन कराया गया इसके लाभ की जानकारी देते हुए कम समय एवं कम लागत की जानकारी दी। इस अवसर पर मृदा नमूना किसान क्रेडिट कार्ड सहित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई मेरी कहानी मेरी जुवानी कार्यक्रम में किसान जयराम केवट ने जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। ड्रोन से यूरिया का छिड़काव हेतु इच्छुक किसान आनलाइन पंजीयन करा सकते है। जिसम एस. सी / एस. टी महिला कृषक को 50 प्रतिशत अनुदान लघु सीमांत कृषक को 40 प्रतिशत अनुदान प्राप्त कर सकते है।

## पोर्टल पर नाम नहीं फिर भी वेयर हाउस में डम्प हो गई हजारों क्विंटल धान

**सिहोरा।** धान की सरकारी खरीदी शुरु होने के बाद कुछ लोगों द्वारा किसानों को भ्रमित कर उनकी धान वेयरहाउसों में तौल करवाकर रखवाई जा रही अभी तक इन वेयरहाउसों में हजारों किवंटल धान डंप करवा दी गई हैं तो वहीं जिम्मेदारो की चुप्पी संदेह को जन्म दे रही है। सूत्रों की मानें तो मझौली तहसील के कुछ उपार्जन केंद्रों के अलावा कई वेयरहाउस में किसानों को भ्रमित कर धान डंप कराई जा रही है। बताया जाता है कि किसानों को खरीदी केंद्र शीघ्र बनने की प्रत्याशा का झांसा देकर किसानों से हजारों किवंटल धान धर्मकांटा से तौल करवाकर डंप करवा ली गई जबकि इनमें से किसी भी वेयरहाउस की न तो मैपिंग हुई हैं न ही यहां पर सर्वेयर उपलब्ध है न ही खरीदी का कोई बोर्ड ही उपलब्ध है, ऐसे में यदि कल के दिन इन वेयरहाउसों को सरकारी खरीद के लिए मैपिंग नहीं होती तो जिन किसानों को कुछ लोगों द्वारा गलत जानकारी देकर धान डंप करवाई गई है उन किसानों का क्या होगा ?

वार्ड क्रमांक दो में देवी महापुराण

## सम्पूर्ण जगत भगवती का ही स्वरूपः नरसिंह दास

**सिहोरा।** शिव शक्ति महिला मंडल के संयोजन में वार्ड क्रमांक दो शारदा मंदिर में चल रहे श्रीदेवीभागवत महापुराण में जबलपुर नृसिंह पीठाधीश्वर श्री नरसिंह दास जी महाराज ने कहा की इस पुराण की कथा को श्रवण करने से मां के दिव्य पावन चरित्र साधकों वा भक्तों के मन को देवी भक्तिमार्ग का पथिक बना देती है। स्वामी जी ने कहा सम्पूर्ण जगत भगवती का ही स्वरूप है। आसन में मल ग्रस्त शिशु को पिता तब तक स्वीकार नहीं करता जब तक मां साफ स्वच्छ नहीं कर देती, उसी तरह संसार के समस्त जीवों को जब माँ निर्मल कर देती है इसीलिए साक्षात शक्ति की उपासना करने वाला साधक संसार के समस्त सुखों को भी प्राप्त करता है व मोक्ष का भी अधिकारी होता है। इस पुराण के विविध प्रसङ्ग का बिस्तार से वर्णन करते हुए कहा वेद माता गायत्री की उपासना करने वाला साधक सहल ही तेज के बिग्रह श्री सूर्य भगवान को प्रसन्न कर लेता है जिनकी कृपा से समस्त अज्ञान अंधकार ध्वस्त होकर दिव्य ज्ञान की ज्योति उदित हो जाती है। जैसा शास्त्र की आज्ञा है,तमसो मां ज्योतिर्गमय यह क्रिया आदिशक्ति माँ की कृपा से हम आपके जीवन में सहज होने लगती है और मानव जीवन धारण करने की आयोजक परिवार यही सर्वोत्कृष्ट लाभ है।

## *शाला के 56 छात्र-छात्राओं को गणवेश वितरित*

सिहोरा। शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदत निशुल्क गणवेश का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद राजेश चौबे एवं श्रीमती माधुरी दाहिया, जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर के ऐ पी सी प्रेमनारायण तिवारी एंव राजेश तिवारी,बीआरसी सिहोरा बृजेश श्रीवास्तव,बीएसी अश्वनी उपाध्याय एवं राकेश पटेल,प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी,शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष कमलेश कोल,गणवेश निर्माण कर्ता मां पर्वत वासिनी महिला बचत एवं साख समूह सिहोरा श्रीमती प्रेमलता ठाकुर की उपस्थिति में शाला में अध्यनरत सत्र 2022-23 के 56 छात्र-छात्राओं को प्रति छात्र दो दो जोड़ी गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि निशुल्क गणवेश वितरण से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है। विद्यालय में बच्चे एक गणवेश में होते हैं, जिससे उनमें ऊंच-नीच और अमीर-गरीब का भाव पैदा नहीं होता है। साथ ही उनमें अनुशासन और एकता का विकास भी होता है।

## स्काउट एंड गाइड कब बुलबुल ने जंगल नृत्य का किया प्रदर्शन



**जबलपुर।** भारत स्काउट एंड गाइड जिला संघ जबलपुर के तत्वावधान में 12 दिसंबर से 16 दिसंबर 2023 तक संस्था यश नर्सरी हायर सेकंडरी स्कूल, गोहलपुर में कब बुलबुल का द्वितीय चरण/रजत पंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर सहायक राज्य संगठन आयुक्त श्री ललित कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर स्काउट श्री घनश्याम सोनी, डिस्ट्रिक हेड क्वार्टर कमिश्नर डा विजयकांत तिवारी, जिला सचिव श्री देवेन्द्र कुमार भट्ट के मार्गदर्शन में और शिविर संचालक विजय कुमार झारिया के निर्देशन में संचालक श्री व्ही के झारिया के मार्गदर्शन संचालित हुआ, शिविर में कब बुलबुल को झंडा गीत, प्रार्थना, खेल, ड्राइंग, बड़ी सलामी, कब बुलबुल ग्रीटिंग, तारा को कहानी, सिक्स कॉर्नर, बुल बुल ट्री, कहानी सुनाना, लालफूल, कलरव आदि परीक्षण लिया गया, साथ ही कब बुलबुल द्वारा पचमठ मंदिर में क्लाइमेट चेंज के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर कार्यक्रम के समापन के अवसर पर जिला मुक्त आयुक्त अजय तिवारी, पूर्व पुलिस अधिकारी आर. के. तिवारी, समाजसेवी रुद्रकांत ठाकुर उपस्थिति रहे। इस अवसर पर कब द्वारा जंगल नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया गया, और बुलबुल द्वारा घेरा नृत्य का प्रदर्शन किया गया। शिविर को सफल बनाने में श्रीमती किरण गौतम, राहुल राजपूत, शुभांगी शर्मा, अंजली श्रीवास्तव, पूजा कोष्ठा, और समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।



# तीन सूने मकानों के ताले टूटे, लाखों का माल पार

**जबलपुर।** शहर में ठंड बढ़ते ही पुलिस सुस्त और चोर चुस्त हो गये हैं। शहर में रोजाना कम से कम आधा दर्जन चोरी की वारदातें हो रही हैं, कुछ में पुलिस एफआईआर दर्ज कर रही है तो कुछ मामले वर्ष समाप्ति में आखरी महीने में लंबित प्रकरणों में कमी रखने के लिये आवेदन लेकर पीड़ितों को इंतेजार करने कह रही है। पिछले 24 घंटे के दौरान फिर गोसलपुर कोतवाली और गढ़ा थाना क्षेत्र में सूने मकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदाते हुई। जिसमें लाखों के जेवर, नगदी चोर ले गये। गढ़ा क्षेत्र में एक बड़ी चोरी की खबर है जिसमें अभी पुलिस जांच पड़ताल कर रही है, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

### *गोसलपुर में सूने मकान का ताला टूटा*

गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रामपुर निवासी 34 वर्षीय मणीकांत असाटी अपनी दुकान पर था और उसका परिवार ग्राम मिढ़ासन देवनगर में जगराता में गया था। रात 10 बजे वह दुकान बंद कर घर लौटा तो उसके होश उड़ गये। मकान का गेट खुला था दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। मणिकांत ने जब घर के अंदर नजर दौड़ाई तो अलमारी भी टूटी पड़ी थी और समान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसे और पचास हजार रुपये नगदी सहित सोने के मंगलसूत्र, सोने का हार, चांदी की पायल बिछिया चुराकर ले गये। चोरी गये माल की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जानकी नगर में लाखों की चोरी

इसी प्रकार कोतवाली थाना अंतर्गत जानकी नगर स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर अलमारी में रखे चार हजार रुपये नगद सोने चांदी के जेवर चुरा कर ले गये। कोतवाली पुलिस के मुताबिक जानकी नगर निवासी सावित्री पटेल ताला लगाकर गुजरात गई थी और घर की देखरेख का जिम्मा अपने दामाद उपेन्द्र अवस्थी और बिटिया सुरती पटेल को सौंप गई थी। जो विजय नगर में रहते हैं, बिटिया दामाद आते जाते घर की देखरेख करते थे और हफ्ते में दो दिन साफ सफाई कर घर में रहकर गमले में पानी डालते थे। गत दिवस दोनों देखरेख के लिये गये तो उन्होंने मकान का ताला टूटा देखा। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो कमरे मे सामान बिखरा पड़ा था आलमारी खुली थी, आलमारी के अंदर रखे चार हजार रूपये, और सास के सोने के टाप्स, चांदी की 2 जोड़ी पायल, 2 जोड़ी बिछिया, आलमारी में नहीं थे, अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये सहित करीब 50 हजार रुपये का माल चोर ले गये। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### सोने चांदी के जेवर चोरी

इसी तरह एक अन्य वारदात में गढ़ा थाना अंतर्गत तकिया मोहल्ला निवासी मोहम्मद जुल्फिकार परिवार के साथ अपने ससुराल गोटेगांव गया था। रात 8.30 बजे जब वह घर लौटा तो गेट में लगा ताला तोड़कर अज्ञात चोर वारदात को अंजाम दे चुके थे। अज्ञात आरोपी यहां से सोने चांदी के जेवर और 18 हजार रुपये नगद ले गये। गढ़ा पुलिस के मुताबिक तकिया मोहल्ला गढ़ा निवासी जुल्फिकार के सूने मकान का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने गोदरेज की अलमारी का ताला तोड़ा और उसमें रखे सोने का मंगलसूत्र, 3 अंगूठी, एक जोड़ी झाला, चांदी की 4 जोड़ी पायल, एवं नगदी 18 हजार रूपये सहित लगभग 1 लाख रुपये का माल चोरी कर ले गये। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**श्री अनिल सराफ-** बावली मोहल्ला नारायण टाकीज के पास वार्ड नम्बर 5 निवासी अनिल सराफ का 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विष्णु सराफ के पुत्र एंव ओम सराफ के पिता थे।

**श्री कुंदन लाल कोहली-** आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी श्री कुंदन लाल कोहली (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भुलरा देवी यादव-** हाथीताल कॉलोनी रोजगार कार्यालय के पास निवासी श्री राम प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती भुलरा देवी यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कनकलता अग्रवाल-** गोपालबाग दमोहनाका रोड निवासी श्री रामचंद्र अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कनकलता अग्रवाल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विपता बाई झारिया-** मदनमहल आरएस बेलासिंह स्कूल के पास निवासी श्री सुमरन लाल झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती विपता बाई झारिया (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विनोद पटेल-** गली नं. 20 सदर निवासी श्री विनोद पटेल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुजाता यादव-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री कृष्ण कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती देवी केसरवानी-** मोनी तिराहा रांझी निवासी श्री मोती लाल केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी केसरवानी (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतराम दास सुखवानी-** गढ़ा मेडिकल रोड मारुति मंडपम के पीछे निवासी श्री सतरामदास सुखवानी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री त्रिशूलधारी पांडे-** गंगामैया व्हीकल निवासी श्री त्रिशूलधारी पांडे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई कोल-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री शंकर लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई कोल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति देवी-** अप्सरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्रीमती शांति देवी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बसंता बाई कामड़े-** राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री विनायक कामड़े की धर्मपत्नी श्रीमती बसंता बाई कामड़े (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामप्यारी बर्मन-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री सेवाराम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी बर्मन (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजीत मलिक-** गलगला टोरिया निवासी श्री शिव प्रसाद मलिक के पुत्र श्री अजीत मलिक (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छन्नो बाई-** सदर बर्फ फैक्ट्री के पास निवासी श्री धनीराम की धर्मपत्नी श्रीमती छन्नो बाई (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव प्रसाद गुप्ता-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री शिव प्रसाद गुप्ता (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट




मुक्तिधाम में किया गया।

श्रीमती **सोना बाई चौधरी-** गली नं. 5 कम्पनी गेट के सामने पोलीपाथर निवासी श्री सुंदर लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय सिंह-** टेलीग्राफ गेट नं. 3 राइट टाउन निवासी श्री विजय सिंह (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री धुरव कुमार केसरवानी-** कृष्णा कॉलोनी राजीव गांधी वार्ड निवासी श्री ध्रुव कुमार केसरवानी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रमेश चंद्र पांडे-** नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री रमेश चंद्र पांडे (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री श्याम लाल-** सदर कैंट निवासी श्री श्याम लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**राम किशोरी दीक्षित-** मल्होत्रा कम्पाउंड सदर निवासी राम किशोरी दीक्षित (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती आशा रानी अग्रवाल-** जगदम्बा कॉलोनी निवासी श्री परसराम अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती आशा रानी अग्रवाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई दुबे-** सरस्वती कॉलोनी सुहागी निवासी श्री हरिशंकर दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई दुबे (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. ब्लेक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइजः- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभागः-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप

### एडीबी ने भारत का वृद्धि अनुमान 6.7% बढ़ाया



**नई दिल्ली।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने दूसरी तिमाही के उम्मीद से बेहतर आंकड़ों के बाद चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान 6.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। एशियन डेवलपमेंट आउटलुक दिसंबर 2023 के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि देखी गई।

### बीते सप्ताह मूंगफली तेल तिलहन में रहा सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह में देश के तेल-तिलहन बाजारों में मूंगफली तेल-तिलहन में सुधार आया। वहीं बाकी सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि लगभग डेढ़ साल से जारी घाटे के कारोबार के बीच देश के खाद्य तेल आयातकों सहित तेल-तिलहन उद्योग के सभी अंशधारकों की वित्तीय स्थिति दयनीय हो चली है।

### एस्सार गुजरात में 55 हजार करोड़ रुपए करेगी निवेश

ESSAR OIL & GAS

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात में ऊर्जा बदलाव, बिजली और बंदरगाह परियोजनाओं में 55,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। इन निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। निवेश एक गीगावाट क्षमता की हरित हाइड्रोजन परियोजना की स्थापना, सलाया बिजली संयंत्र के विस्तार और सलाया बंदरगाह को लॉजिस्टिक केंद्र में बदलने के लिए किया जाएगा।

### मार्केट कैप में टीसीएस और इंफोसिस रही आगे



**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.26 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस रहीं। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,658.15 अंक या 2.37 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### वेदांता रिसोर्सेज ने 1.25 अरब डॉलर का वित्त जुटाया

vedanta

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की प्रमुख कंपनी वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड (वीआरएल) अपने कर्जों की अदायगी के लिए 1.25 अरब डॉलर का वित्तपोषण हासिल करने में सफल रही है। इस बीच, एसएंडपी ग्लोबल ने वीआरएल की रेटिंग को घटा दिया है।वेदांता रिसोर्सेज ने कहा कि इस वित्तपोषण से उसे दीर्घावधि में टिकाऊ पूंजी ढांचा खड़ा करने में मदद मिलेगी।

### भारत की लॉजिस्टिक्स लागत 8.9 प्रतिशत रही



**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मुकाबले 7.8 प्रतिशत से 8.9 प्रतिशत के बीच थी। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) ने एक अनुमान में यह बात कही। डीपीआईआईटी के सचिव राजेश कुमार सिंह ने लॉजिस्टिक लागत पर रिपोर्ट जारी की। सरकार ने लागत कम करने और भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रीय लॉजिस्टिक नीति जारी की है।

# सैमसंग के बाद आईफोन यूजर्स पर बड़ा खतरा, सरकार ने जारी की चेतावनी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सैमसंग के बाद अब एप्पल के डिवाइस यूज करने वाले यूजर्स के ऊपर खतरा मंडरा रहा है। सीईआरटी-इन (कंप्यूटर इमर्जेंसी रिस्पॉन्स टीम ऑफ इंडिया) ने कहा कि उसे ऐपल के प्रोडक्ट्स में कई खतरे मिले हैं। इनसे यूजर्स के डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार ये हैकर इनसे ऐपल डिवाइस में वायरस वाले कोड को रन कराने के साथ ही सिक्योरिटी रिस्ट्रिक्शन्स को भी बाइपास कर सकते हैं। इसके अलावा इनसे हैकर यूजर्स के डिवाइस में डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) भी चालू कर सकते हैं।

- डेटा की सेफ्टी हैकर्स के निशाने पर आई

## एप्पल के डिवाइस यूजर्स पर मंड़रा रहा खतरा

### सैमसंग के प्रीमियम फोन भी नहीं सेफ

सीईआरटी डॉट इन ने सैमसंग यूजर्स को दी गई चेतावनी में कहा था कि ऐंड्रॉयड वर्जन 11, 12, 13 और 14 पर चलने वाले फोन की सिक्योरिटी गंभीर खतरे में है। इसमें सैमसंग के प्रीमियम फोन गैलेक्सी एस 23 का भी नाम है क्योंकि यह ऐंड्रॉयड 14 को सपोर्ट करता है।




### इन ऐपल प्रोडक्ट्स पर खतरा

सीईआरटी डॉट इन के अनुसार यह खतरा आईओएस, एप्पल वॉच ओएस, आईपेडओएस और 17.2 वर्जन के ऊपर वाले एप्पल सफारी के यूजर्स की परेशानी बढ़ा सकता है। सीईआरटी डॉट इन ने इस खतरे को 'हाई' कैटिगरी में रखा है। यह सिक्योरिटी एडवाइजरी सैमसंग यूजर्स को दी गई वॉर्निंग के महज 48 घंटे बाद आई है।

### डेटा कर सकते हैं एक्सेज




सैमसंग के डिवाइसेज के लिए जारी की गई वॉर्निंग में कहा गया है कि हैकर आसानी से ऐंड्रॉयड 11, 12, 13 और 14 पर काम करने वाले स्मार्टफोन्स के डेटा को ऐक्सेस कर सकते हैं। सीईआरटी डॉट इन ने अपनी जांच में पाया कि हैकर बड़ी आसानी से सैमसंग के नोक्स फीचर को कंट्रोल कर सकते हैं। इसके अलावा फोन का फेशियल रिकॉग्निशन फीचर को भी चकमा देना हैकर्स के लिए बाएं हाथ का खेल है।

## मेनबोर्ड की 7 और 4 एसएमई देंगी दस्तक

# शेयर बाजार में अगले हफ्ते आ रहे 11 आईपीओ मार्केट में होगा 4000 करोड़ रुपए का बड़ा खेल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अगले हफ्ते 11 कंपनियां शेयर बाजार में उतरने वाली हैं। इनमें से 7 मेनबोर्ड कंपनियां हैं। इनके आईपीओ का साइज 3910 करोड़ रुपए होगा। इसके अलावा चार एसएमई भी मार्केट में 135 करोड़ रुपए के आईपीओ लाएंगी। विशेषज्ञों ने अनुमान जताया है कि इन सभी आईपीओ को बाजार से अच्छा रिस्पोंस मिल सकता है। अगले साल भी आईपीओ के जरिए पैसा जुटाने की प्रक्रिया जारी रहेगी।

सेबी के पास लगभग 65 आईपीओ प्रस्ताव आ चुके हैं। इनमें से 25 को बाजार नियामक सेबी की मंजूरी भी मिल चुकी है। आईपीओ में मिल रहा मुनाफा और कंपनियों द्वारा उचित कीमत रखने की वजह से निवेशकों में इन्हें लेकर अच्छा उत्साह देखा जा रहा है।

### मेनबोर्ड की 7 और 4 एसएमई देंगी दस्तक

मेनबोर्ड आईपीओ में मुथूट माइक्रोफिन, मोतीसंस ज्वेलर्स, सूरज एस्टेट ज्वेलर्स, हैप्पी फोर्जिंग्स, आरबीजेड ज्वेलर्स, क्रेडो ब्रांड्स और आजाद इंजीनियरिंग अगले हफ्ते अपना आईपीओ लाएंगे उधर, एसएमई सेगमेंट में सहारा मेरीटाइम, इलेक्ट्रो फोर्स, शांति स्पिनटेक्स और ट्राईडेंट टेकलैब्स बाजार में उतरने वाले हैं।

*शेयर बाजार में इस साल विभिन्न कंपनियों के आईपीओ ने धूम मचाई हुई है। इन आईपीओ और आर्थिक प्रगति के अच्छे आंकड़ों पर सवार होकर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 71 हजार और एनएसई का निफ्टी 21 हजार के आंकड़े को पार कर चुका है।*

- आईपीओ से मिल रहे अच्छे मुनाफे से निवेशकों का समर्थन
- कंपनियां भी उचित कीमत पर अपना आईपीओ ला रही
- मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ 960 करोड़ रुपए का होगा




*इश्यू प्राइस 55 रुपए प्रति शेयर : कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 32.06 करोड़ रुपए का लाभ कमाया है। इसी तारीख को मोतीसंस ज्वेलर्स भी अपना आईपीओ लेकर आएंगे। इस आईपीओ को लेकर ग्रे मार्केट में सबसे ज्यादा उत्साह है।*



### मोतीसंस ज्वेलर्स ने ग्रे मार्केट में मचाई धूम

मुथूट माइक्रोफिन का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर तक खुला रहेगा। कंपनी का आईपीओ 960 करोड़ रुपए का होगा। कंपनी ने इश्यू के लिए 277 से 291 रुपए का प्राइस बैंड तय किया है। पिछले छह महीने में कंपनी का रेवेन्यू 72 फीसदी और मुनाफा 205 करोड़ रुपए हो चुका है। अगला नाम सूरज एस्टेट डेवलपर्स का है। उनका 400 करोड़ रुपए का आईपीओ 18 से 20 दिसंबर के बीच खुलेगा।

### मुनाफे में चल रहीं सभी कंपनियां

हैप्पी फोर्जिंग्स का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा। इसके जरिए कंपनी बाजार से 1009 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। कंपनी ने पहली छमाही में 116 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। आरबीजेड ज्वेलर्स का 100 करोड़ रुपए का आईपीओ भी 19 से 21 दिसंबर तक खुला रहेगा।

### क्रेडो ब्रांड्स का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा

क्रेडो ब्रांड्स पहली बार अपना आईपीओ ला रही है। यह 550 करोड़ रुपए का आईपीओ भी 19 दिसंबर को ही खुलेगा पिछले वित्त वर्ष में कंपनी ने 8.5 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 20 दिसंबर को आएगा। यह कंपनी भी मुनाफे में चल रही है।

### इन एसएमई पर भी होगी नजर

सहारा मेरिटाइम का 7 करोड़ रुपए का आईपीओ 18 दिसंबर को बाजार में दस्तक देगा। इलेक्ट्रो और शांति अपना आईपीओ 19 दिसंबर को लाने वाले हैं। ट्राइडेंट का आईपीओ 21 दिसंबर को आने वाला है। इन सभी एसएमई आईपीओ को लेकर भी बाजार में उत्सुकता है।

# 2047 तक सभी के लिए होगा बीमा : मोहंती




- एलआईसी निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका : चेयरमैन
- ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नए उत्पाद पेश किए जा रहे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जीवन बीमा निगम (एलआईसी) '2047 तक सभी के लिए बीमा' हासिल करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


एलआईसी के चेयरमैन सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि इसके लिए बीमा कंपनी विशेष योजना बना रही है और खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए तैयार किए गए उत्पाद पेश किए जाएंगे। मोहंती ने बताया, 'जोर इस बात पर होगा कि अधिकतम ग्रामीण जनता को कैसे बीमा के दायरे में लाया जाए, जिन्हें वास्तव में बीमा की जरूरत है। आने वाले दिनों में हमारे कुल कारोबार में ग्रामीण हिस्सेदारी भी बढ़ जाएगी।' चेयरमैन ने कहा कि '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को हासिल करने में एलआईसी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और इस दिशा में कंपनी ने पहले ही काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा, 'मुझे नियामक को धन्यवाद देना चाहिए। नियामक इरडा ने पहले ही एक समग्र उत्पाद 'बीमा विस्तार' का प्रस्ताव दिया है, जिसमें जीवन, स्वास्थ्य और संपत्ति बीमा शामिल होगा।'मोहंती ने कहा कि इन उत्पादों को बेचने के लिए 'बीमा वाहक' को लगाया जाएगा और यह एक महिला-केंद्रित वितरण मॉडल होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है, जब देश ब्रिटिश शासन से आजादी के 100 साल पूरे करेगा।

### एक क्लिक पर उपलब्ध होगी सेवाएं

फिलहाल, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है लेकिन वैश्विक औसत की तुलना में यहां बीमा की पहुंच कम है। मोहंती ने कहा कि दावा निपटान, ऋण और अन्य सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा, ग्राहकों को कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

# टाटा स्टील की कलिंग परियोजना अगले साल तक लेगी आकार

एजेंसी ▸▸| कलिंग नगर (ओडिशा)



- कंपनी ने 23,500 करोड़ के निवेश का रखा लक्ष्य
- उत्पादन क्षमता 30 लाख टन से 80 लाख टन

टाटा स्टील का लक्ष्य अगले साल दिसंबर तक अपनी कलिंग नगर परियोजना के विस्तार को पूरा करने का है। कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

कंपनी ने 23,500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 30 लाख टन सालाना से 80 लाख टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता तक पहुंचने के लिए नवंबर, 2018 में ओडिशा में अपनी कलिंग नगर परियोजना के विस्तार के दूसरे चरण की शुरुआत की थी। टाटा स्टील कलिंग नगर के उपाध्यक्ष (परिचालन) राजीव कुमार ने बातचीत में कहा, 'हम इस परियोजना को अगले साल दिसंबर के अंत तक पूरा करने और चालू करने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।' नया ब्लास्ट फर्नेस 5,870 घन मीटर (सीयूएम) की आंतरिक मात्रा के साथ देश में सबसे बड़ा होगा। कुमार ने कहा कि परियोजना के दूसरे चरण के विस्तार से देश में वाहन, सामान्य इंजीनियरिंग, तेल और गैस, उत्खनन और अन्य मूल्यवर्धित क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए संयंत्र में फ्लैट स्टील का उत्पादन बढ़ेगा। विस्तार परियोजना की स्थिति पर उपाध्यक्ष ने कहा कि आज तक लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और शेष 20 प्रतिशत भी प्रगति पर है।

### दुनिया का सबसे किफायती संयंत्र होगा

विस्तार परियोजना के महत्व के बारे में पूछने पर कुमार ने कहा कि उन्नत प्रौद्योगिकियां स्थापित करने के साथ कलिंग नगर संयंत्र दुनिया में सबसे किफायती इस्पात उत्पादकों में शामिल हो जाएगा।

# शादियों के मौसम में उपभोक्ता सामान की मांग में आया उछाल

**फ्रिज व वॉशिंग मशीन की बिक्री को मिलेगा बढ़ावा:** गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी के अनुसार, शादी का सीजन आमतौर पर त्योहारी सीजन के बाद अन्य उपकरणों के अलावा रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन की बिक्री को बढ़ावा देता है।

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

शादी-विवाह के सीजन की वजह से हाल के दिनों में देश की प्रमुख घरेलू उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की बिक्री में जोरदार उछाल देखने को मिला है। इस दौरान मुख्य रूप से गैर-महानगरों में शुरुआती स्तर के आमजन के इस्तेमाल के उत्पादों की मांग में जबर्दस्त बढ़ोतरी हुई है।

त्योहारी सीजन में प्रीमियम उत्पादों की मांग की वजह से इस उद्योग की बिक्री 15-20 प्रतिशत बढ़ी थी। शादियों की वजह से उनकी मांग में और उछाल आया है। नवंबर में कुछ शुरुआती प्रतिक्रियाएं मिलने के बाद एलजी, गोदरेज अप्लायंसेज और पैनासोनिक जैसी कंपनियों ने वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, टीवी, माइक्रो ओवन से लेकर छोटे रसोई उपकरणों तक के अपने उत्पादों पर वित्तपोषण योजनाओं के साथ-साथ अपने त्योहारी पेशकश को आगे बढ़ा दिया है।



- प्रीमियम उत्पादों की मांग 15 से 20 फीसदी तक बढ़ी

चालू शादी के मौसम से उद्योग में बड़े और प्रवेश स्तर के उत्पादों की मांग बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'दिवाली की त्योहारी धारणा और मौजूदा शादी-विवाह के सीजन के कारण कई कंपनियों ने नवंबर में सकारात्मक रुझान का अनुभव किया।'

### रिलायंस संपत्ति निर्माण में अव्वल

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2018 से 2023 तक पांच साल के दौरान संपत्ति निर्माण के लिहाज से अव्वल रही है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के एक अध्ययन के अनुसार अदाणी एंटरप्राइजेज ने भी निवेशकों को तगड़ा मुनाफा दिया। कंपनियों के शेयर बाजार में प्रदर्शन पर आधारित इस अध्ययन में कहा गया कि रिलायंस लगातार पांचवीं बार संपत्ति निर्माण में अव्वल रही। कंपनी ने 2018-23 के बीच 9,63,800 करोड़ रुपये की संपत्ति जोड़ी। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (6,77,400 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (4,15,500 करोड़ रुपये), इन्फोसिस (3,61,800 करोड़ रुपये) और भारती एयरटेल (2,80,800 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

# जीएसटी भरने वालों की संख्या पांच साल में 65 फीसदी बढ़ी

- लगभग बढ़कर 1.13 करोड़ हुआ
- मतदाताओं की संख्या बढ़कर 1.40 करोड़ हुई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




करदाताओं के अनुपालन में सुधार के कारण अप्रैल, 2023 तक पांच वर्षों में जीएसटी रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या लगभग 65 प्रतिशत बढ़कर 1.13 करोड़ हो गई। वित्त मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत पंजीकृत सक्रिय करदाताओं की संख्या बढ़कर 1.40 करोड़ हो गई जो अप्रैल 2018 में 1.06 करोड़ थी। मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में फाइलिंग माह के अंत तक 90 प्रतिशत पात्र करदाता जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल कर रहे हैं। यह आंकड़ा जीएसटी लागू होने के पहले वर्ष 2017-18 में 68 प्रतिशत था। मंत्रालय ने सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर पोस्ट किया, 'जीएसटी नियमों और प्रक्रियाओं में सरलीकरण के परिणामस्वरूप पात्र करदाताओं द्वारा रिटर्न दाखिल करने का प्रतिशत बढ़ गया है। एक जुलाई, 2017 को राष्ट्रव्यापी जीएसटी लागू किया गया था। इसमें उत्पाद शुल्क, सेवा कर और वैट जैसे एक दर्जन से अधिक स्थानीय करों को शामिल किया गया था।

## घरों की बिक्री 4.5 लाख करोड़ रुपए के पार होगी



**नई दिल्ली।** कीमतों में बढ़ोतरी और लक्जरी घरों की अधिक मांग के दम पर इस साल सात प्रमुख शहरों में आवास बिक्री सालाना आधार पर 38 प्रतिशत बढ़कर 4.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने यह बात कही। वर्ष 2022 में दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), कोलकाता, चेन्नई, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में 3,26,877 करोड़ रुपये के घर बिके थे। एनारॉक के अनुसार, 2023 के पहले नौ महीनों में प्राथमिक बाजार में बेची गई आवासीय संपत्तियों का मूल्य 3,48,776 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जो 2022 की तुलना में सात प्रतिशत अधिक है। एनारॉक समूह के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, तथ्य यह है कि पहले नौ महीनों में आवास बिक्री मूल्य पूरे 2022 से अधिक रहा है जो इस वर्ष प्रीमियम लक्जरी घरों की बढ़ती मांग को दर्शाता है।

## अमेरिका की ग्लोबल स्मार्टफोन निर्माता कंपनी है एप्पल

# फ्रांस-इटली से भी बड़ी हुई एप्पल, भारत को भी छोड़ देगी पीछे?

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका की ग्लोबल स्मार्टफोन निर्माता कंपनी एप्पल की मार्केट वैल्यू 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई है। आईटी कंपनियों के शेयरों में आए उछाल के चलते इस मशहूर कंपनी को भी फायदा पहुंचा है। कंपनी के शेयर भी कमाल कर रहे हैं। कंपनी की मार्केट वैल्यू इतनी बढ़ चुकी है कि दुनिया के सैकड़ों देश उससे पीछे छूट गए हैं। एप्पल की मार्केट वैल्यू अब रूस, इटली और फ्रांस की इकोनॉमी को पार कर गई है। ऐसा माना जा रहा है कि यदि ऐसी ही तेजी बनी रही तो कंपनी भारत की अर्थव्यवस्था से भी बड़ी हो जाएगी। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट में बहुत उतार-चढ़ाव देखा गया। एप्पल के शेयर दिन खत्म होने पर हल्की गिरावट के साथ बंद हुए।

- कंपनी की मार्केट वैल्यू 3 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गई

### दुनिया के सिर्फ 6 देश ही कंपनी से आगे

एप्पल का मार्केट कैप इस समय सिर्फ 6 देशों से ही पीछे रह गया है। उससे आगे सिर्फ अमेरिका 25.5 ट्रिलियन डॉलर, चीन 18 ट्रिलियन, जापान 4.2 ट्रिलियन, जर्मनी 4.07 ट्रिलियन, इंडिया 3.4 ट्रिलियन और ब्रिटेन 3.07 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के साथ मौजूद हैं। यदि एप्पल का मार्केट कैप ऐसे ही बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब वह दुनिया की टॉप 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगी।



### फ्रेंच स्टॉक मार्केट से बड़ी हो गई थी एप्पल

हाल ही में एप्पल पूरे फ्रेंच स्टॉक मार्केट से बड़ी हो गई थी। एप्पल की मार्केट वैल्यू 3.1 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई थी। उसका मार्केट कैप फ्रेंच स्टॉक मार्केट में लिस्टेड सारी कंपनियों से आगे निकल गया था। मगर इसके बाद कंपनी के शेयरों में गिरावट आ गई। साल 2023 में एप्पल के शेयर 55 फीसदी तक उछल चुके हैं। इसके साथ ही कंपनी फिर से दुनिया की सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी बन चुकी है।

### इटली और फ्रांस की इकोनॉमी से भी ज्यादा

इसके बावजूद कंपनी का मार्केट कैप 3.066 ट्रिलियन डॉलर के पार पहुंच गया। यह मार्केट कैप इटली और फ्रांस की कुल इकोनॉमी से भी ज्यादा है। फ्रांस की अर्थव्यवस्था इस समय 2.78 ट्रिलियन डॉलर और इटली की 2.18 ट्रिलियन डॉलर है। रूस की अर्थव्यवस्था भी 2.24 ट्रिलियन डॉलर की है।

### अगले हफ्ते यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा

ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार को मार्केट खुलने के साथ ही एप्पल के शेयरों में फिर से उछाल आएगा इसके साथ ही उसका मार्केट कैप अगले हफ्ते यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा। आने वाले कुछ महीनों में एप्पल के भारत से भी आगे निकल जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

### अधिग्रहण के बाद एसीसी-अंबुजा सीमेंट की कर-पूर्व आय में वृद्धि





**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के अधिग्रहण के बाद एसीसी-अंबुजा सीमेंट की कर-पूर्व आय (एबिटा) 350 रुपये से बढ़कर 1,350 रुपये प्रति टन हो गई है। सूत्रों ने कहा कि समूह को उम्मीद है यह आंकड़ा 2024 तक बढ़कर 1,400 रुपये हो जाएगा। अदाणी समूह ने पिछले साल अंबुजा सीमेंट लिमिटेड और एसीसी लिमिटेड का अधिग्रहण किया था। अंबुजा सीमेंट के पास देशभर में छह एकीकृत सीमेंट विनिर्माण संयंत्र और आठ सीमेंट ग्राइंडिंग इकाइयां हैं।

चिंतन

# सोशल मीडिया की 'लत' से बिगड़ रहा मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज अधिकांश लोगों के जीवन का अहम हिस्सा है। भारतीय औसतन ढाई घंटे प्रतिदिन सोशल मीडिया पर अपना वक्त बिताते हैं। देश में करीब 47 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया का यूज करते हैं। देश में प्रति सेकेंड 6.9 नए यूजर जुड़ रहे हैं, इस हिसाब से सालाना 4.5 फीसदी यूजर बढ़ रहे हैं। इन आंकड़ों से सोशल मीडिया का महत्व समझा जा सकता है। न्यूज, एंटरटेनमेंट से लेकर व्यूज और नॉलेज तक सब कुछ सोशल मीडिया पर उपलब्ध है। इसके फायदे बहुत हैं, आसान पहुंच है, तेजी से प्रसार है, किफायती है, कोई बैरियर नहीं है, रेडिमेड तकनीक है, हर कोई अपना विचार प्रकट कर सकता है, यूजर फ्रेंडली है, निरक्षर भी इसका प्रयोग कर सकता है। अभिव्यक्ति का सबसे सुलभ प्लेटफॉर्म है। दुनिया भर के लोगों से जुड़ने का साधन है और इसने विश्व में संचार को नया आयाम दिया है। यह व्यवसाय में सहायक है। इस पर नए रोजगार भी पैदा हुए हैं। जागरूकता फैलाने का बढ़िया प्लेटफॉर्म है और सूचना के प्रसार का भी तेज तंत्र है और इसलिए लोग इस पर निर्भर होकर इसके आदी होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर अधिक वक्त बिताने के चलते मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। जर्मनी में रुर यूनिवर्सिटी, बोचम और जर्मन सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ के अनुसंधानकर्ताओं ने सोशल मीडिया एडिक्शन का मानसिक स्वास्थ्य पर असर पर अपने एक अध्ययन में कहा है कि दिमाग को दुरुस्त रखना है तो सोशल मीडिया से दूर रहें या कम वक्त बिताएं। अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग 30 मिनट तक कम करके मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के साथ ही काम के प्रति संतुष्टि की भावना में सुधार लाने में मदद मिलती है, जबकि इसका लगातार उपयोग करने वाले लोगों को अपने काम पर ध्यान लगाने में मुश्किल होती है। सोशल मीडिया का कम इस्तेमाल करने से उपयोगकर्ताओं को काम का दबाव कम महसूस होता है और उनमें बेचैनी या घबराहट भी कम होती है। सोशल मीडिया से दूरी बनाने से ध्यान भटकने की समस्या भी कम होती है। देखा गया है कि लोग बिना किसी काम के सोशल मीडिया पर आधे घंटे से एक घंटे का वक्त बर्बाद करते हैं। सोशल मीडिया की लत लगने से इसके फायदे से अधिक नुकसान होने लगता है। इससे पहले भी कई शोध में पाया गया है कि सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग हमारे मस्तिष्क को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है और डिप्रेशन की ओर ले जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य तरह की धोखाधड़ी के शिकार भी लोग बनने लगते हैं। सोशल मीडिया पर गोपनीयता की कमी होती है। निजी डेटा चोरी होने का खतरा रहता है। साइबर अपराधों जैसे- हैकिंग और फिशिंग आदि का खतरा भी बढ़ जाता है। फ्रॉड ऐसे सोशल मीडिया यूजर की तलाश करते हैं जिन्हें आसानी से फंसाया जा सकता है। सोशल मीडिया साइबर-बुलिंग को बढ़ावा देता है। यह फेक न्यूज़ और हेट स्पीच फैलाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सोशल मीडिया के माध्यम से गलत सूचनाओं का प्रसार कुछ प्रमुख उभरते जोखिमों में से एक है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बड़े पैमाने पर प्रभावित कर रहा है। इसलिए हमें सोशल मीडिया के कम से कम प्रयोग की आदत बनानी चाहिए और जितना संभव हो इससे दूर रहना चाहिए।

# नए नेतृत्व भविष्य की तैयारी



सियासत
प्रणय यादव

**तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा को बड़ी जीत मिलने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सभी पुराने चेहरों को लेकर उम्मीद लगाए बैठे थे, जिस तरह से नरेंद मोदी ने तीनों नए चेहरों को जिम्मेदारी सौंपी है उससे सब हैरान हैं। सवाल ये है कि मोदी ने मोहन यादव, विष्णुदेव साय और भजनलाल शर्मा में ऐसा क्या देखा। क्या सोचकर उन्हें राज्यों की बागडोर सौंप दी। मोदी की रणनीति क्या है? बीजेपी का प्लान क्या है? दरअसल राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए नेतृत्व को मौका देना नरेन्द्र मोदी की भविष्य की रणनीति का हिस्सा है। ये पार्टी में नई जान फूंकने, पार्टी को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है।**

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की बड़ी जीत के बाद सबको लग रहा था कि फिर पुराने चेहरे वापस आएंगे। जो बड़े नेता हैं, वही कुर्सी पर बैठेंगे। शिवराज सिंह चौहान को लग रहा था वही मुख्यमंत्री बनेंगे, क्योंकि लाड़ली बहना ने जिताया। वसुन्धरा को तीन दर्जन से ज्यादा अपने वफादार विधायकों पर भरोसा था। उम्मीद रमन को भी रही होगी, लेकिन एक हफ्ते के इंतजार के बाद सबकी उम्मीदें टूटीं। ऐसे चेहरे सामने आए, जिनकी उम्मीद किसी ने नहीं की थी। नरेन्द्र मोदी ने जिन नेताओं को तीन राज्यों की कमान सौंपी वो मोदी के फैसले से खुद हैरान हैं। तो सवाल ये है कि मोदी ने मोहन यादव, विष्णुदेव साय और भजनलाल शर्मा में ऐसा क्या देखा। क्या सोचकर उन्हें राज्यों की बागडोर सौंप दी। मोदी की रणनीति क्या है? भाजपा का प्लान क्या है?

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में नए नेतृत्व को मौका देना नरेन्द्र मोदी की भविष्य की रणनीति का हिस्सा है। ये पार्टी में नई जान फूंकने, पार्टी को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम है। सोचने वाली बात है कि जो कांग्रेस किसी जमाने में पूरे देश पर एकछत्र राज करती थी। आज उसकी हालत इतनी खराब क्यों हो गई। असल में कांग्रेस ने एक बड़ी गलती की। जिसे वो आज भी नहीं सुधार रही है। नए नेतृत्व को मौका नहीं दिया। हर राज्य के क्षत्रप बन गए। जब इन क्षत्रपों के किले ढह गए तो कांग्रेस खुद ब खुद जमीन पर आ गई। याद करिए मध्य प्रदेश में पहले अर्जुन सिंह, उनके बाद दिग्विजय सिंह और कमलनाथ। किसी और के लिए जगह ही नहीं थी, इसीलिए ज्योतिरादित्य सिंधिया पार्टी छोड़कर भागे। राजस्थान में पच्चीस साल से सिर्फ अशोक गहलोत। सचिन पायलट ने मेहनत की, लेकिन कुर्सी अशोक गहलोत को मिली। इसलिए सचिन पायलट घुटन महसूस कर रहे थे। छत्तीसगढ़ में अजीत जोगी, विद्याचरण शुक्ला और महेन्द्र कर्मा जैसे नेता। इन नेताओं के जाने के बाद सन्नाटा। इन राज्यों में बीजेपी के लिए भी इसी तरह की स्थिति बन रही थी। मध्य प्रदेश में उमा भारती के बाद शिवराज सिंह चौहान को भेजा गया। उसके बाद बीस साल से सिर्फ शिवराज थे। छत्तीसगढ़ में पन्द्रह साल रमन सिंह रहे। कोई दूसरा नहीं पनप पाया, इसके चलते पार्टी कमजोर हो गई।

राजस्थान में पहले भैरोसिंह शेखावत थे, उसके बाद पच्चीस साल से सिर्फ वसुन्धरा राजे। कहीं कहीं दूसरी पंक्ति का नेतृत्व न होने के कारण कुछ नेता खुद को पार्टी के बड़ा समझने लगते हैं, पार्टी को आंख दिखाने लगते हैं। ये बीमारियां बीजेपी में भी दिख रही थी।

बदलाव वैसे प्रकृति का नियम है। अगर जमीन पर हल न चलाया जाए, मिट्टी को न पलटा जाए तो खतपतवार खेत को खराब कर देती है। वही जीवन में होता है। वही राजनीति में होनी चाहिए। मोदी ने वही किया। खेत जोत कर नई फसल लगा दी। जो लोग ये कह रहे हैं कि इस तरह का प्रयोग असफल हो सकता है। अनुभवहीन लोगों को नेतृत्व देना खतरनाक हो सकता है। पार्टी को इसका नुकसान हो सकता है। ये सही है कि प्रयोग असफल हो



सकते हैं। मोदी ने उत्तराखंड में त्रिवेन्द्र सिंह रावत को भेजकर प्रयोग किया था जो असफल हुआ। फिर तीरथ सिंह रावत को बनाया उन्होंने भी निराश किया, लेकिन पुष्कर सिंह धामी का प्रयोग सफल हुआ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ को भेजा। आज योगी देश में मोदी के बाद दूसरे बड़े लोकप्रिय नेता हैं। हरियाणा में मनोहर लाल का प्रयोग सफल रहा। झारखंड में रघुबर दास का प्रयोग मुसीबत साबित हुआ, लेकिन गुजरात में भूपेश पटेल हों या असम में हिमंता बिस्वा सरमा दोनों को कमान सौंपना फायदेमंद रहा। पार्टी मजबूत हुई।

हालांकि ये ध्यान भी रखना होगा कि नरेन्द्र मोदी से पहले भी इस तरह के प्रयोग बीजेपी करती रही है। नए नेतृत्व को मौका देती रही है। मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह को जब भेजा गया था तो उन्हें भी सरकार चलाने का अनुभव नहीं था, लेकिन शिवराज ने खुद को साबित किया। पार्टी को मजबूत किया। 17 साल तक मुख्यमंत्री रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद इसी तरह के प्रयोग का नतीजा है। जब वो गुजरात के चीफ मिनिस्टर बने थे। उससे पहले न कभी विधायक रहे, न मंत्री, लेकिन पार्टी ने उन्हें केशुभाई पटेल जैसे कद्दावर नेता की जगह भेजा। जब मोदी प्रधानमंत्री बने तो पहली बार सांसद बनकर दिल्ली आए थे। तब लोग कह रहे थे राज्य सरकार चलाना अलग बात है और देश चलाना अलग है, लेकिन मोदी ने ऐसे लोगों को गलत साबित किया। वो दुनिया के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे और मोदी के नेतृत्व में बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई, इसलिए मोदी ने जिनको चुना है, उनका काम देखने से पहले कोई राय बनाना ठीक नहीं है। अगर इनमें से कोई फेल होता है। तो उसे बदला जा सकता है और जिसने अच्छा काम किया वो पार्टी का भविष्य बनेगा। बीजेपी की अगली पीढ़ी का नेता होगा। मोदी ने पार्टी के भविष्य को देखते हुए ये प्रयोग किया है। कांग्रेस को भी बीजेपी से इस मामले में सीखना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस इस वक्त तमाम राज्यों में नेतृत्व की कमी से जूझ रही है। कांग्रेस को भी इस तरह के प्रयोग करने की हिम्मत दिखानी चाहिए।

इन तीन राज्यों में चीफ मिनिस्टर और डिप्टी चीफ मिनिस्टर्स के नामों का संदेश साफ है। सरकार से बड़ा संगठन है। पार्टी सर्वोपरि है और पार्टी का सिर्फ एक चेहरा हैं नरेन्द्र मोदी। अगर कोई नेता ये समझता है कि पार्टी उनके दम पर चल रही है। किसी राज्य में पार्टी उनके नाम और काम पर चल रही है। उनके कारण जीती। वो जो चाहेंगे पार्टी को वही करना पड़ेगा तो ऐसे नेताओं का वक्त अब खत्म हो गया है। मोदी ने साफ साफ संदेश दे दिया कि संगठन में काम करने वाले हर व्यक्ति पर नेतृत्व की नजर है। हाईकमान के पास ग्राउंड रिपोर्ट है। जो संगठन में काम करेगा। पार्टी उसे आगे बढ़ाएगी। वरना मोहन यादव हों या भजनलाल शर्मा ये दोनों आखिरी वक्त तक नए विधायकों के लिए खाने पीने और केन्द्रीय नेताओं के लिए फूल-मालाओं के इंतजाम में लगे थे। फोटो सेशन में भी आखिरी लाइन में खड़े थे, लेकिन मोदी ने आखिरी लाइन से उठाकर फ्रंट लाइन में सबसे आगे खड़ा कर दिया और जो फ्रंट लाइन में बैठे थे। वो सबसे आखिर में पहुंच गए। इससे पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है। जमीन पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं में उम्मीद जगती है कि उनकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी। चुनाव से पहले ये बहुत जरूरी है। मोदी के इस फैसले के बाद अब भाजपा के कार्यकर्ता कह पाएंगे कि एक दरी बिछाने वाला, पोस्टर बैनर चिपकाने वाला भी पार्टी का नेता बन सकता है। ये सिर्फ कहने की बात नहीं है, मोदी ने इसे करके दिखाया है, मोदी है तो मुमकिन है। पार्टी के कार्यकर्ताओं का ये भरोसा किसी भी राजनीतिक दल को ताकत देता है।

(लेखक वरिष्ठ टीवी पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

बदलाव
गीता यादव




# श्मशान में पुरुषवादी रूढ़ियों को तोड़ती बेटियां

महिलाएं अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार नहीं कर सकतीं, इसके पीछे कई तर्क हैं। एक तर्क यह भी है कि उनका तन-मन कोमल और कमजोर है। अंत्येष्टि की क्रियाओं का मन पर बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन कई घटनाएं इस बात की पुष्टि करती है कि किसी भी काम को पूर्ण करने के लिए संवेदनाओं का होना जरूरी है। करीब 22 साल पुरानी घटना है। वृंदावन में अमारबाड़ी आश्रम है। यहां की एक विधवा सप्तदल ने होली के दिन प्राण त्यागे। चौकीदार त्योहार मनाने गया था। आश्रम की 60 से 105 साल तक की 65 विधवाओं के बीच एक भी मर्द मौजूद नहीं था। 105 साल की लखीदासी ने कहा कि रोना-धोना छोड़ो,चौकीदार कब लौटेगा क्या भरोसा। आगे की सोचो। मौके की नजाकत देखते हुए चंद अपाहिज, लाचार बूढ़ियां आश्रम से निकलकर द्वार-द्वार की याचिका बन गईं। किसी ने दरवाजा खोला, किसी ने अंदर से घुड़क दिया। एक द्वार पर लड़की गीता ने द्वार खोला। उसके पिता ने मृतका की जाति पूछी। चुप्पी पर बोला, जात नहीं पता तो दूसरा दरवाजा देखो माई, यह कुलीन ब्राह्मण का घर है। अज्ञात कुल-गोत्र की विधवा के दाह-संस्कार की याचना को सभी वर्णों ने बड़ी निर्ममता से नकार दिया था। गीता का मन संवेदना से भर गया। उसने अपने भाई से मदद मांगी, उसने मना कर दिया। गीता इंटर की छात्रा थी। उसने पड़ोस में रहने वाली दो सहेलियों अनसूया और दीपा को तैयार किया। मां से बहाना बनाकर कुछ पैसे लिए और तीनों आश्रम की ओर चल पड़ीं। तीन किशोरियां और शेष बूढ़ियां। काम भी ऐसा, जिसे करने की कल्पना तक नहीं की थी। अनाड़ी हाथों से ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। तीनों किशोरियों के साथ शव को चौथा कंधा दिया लखीदासी ने। झुकी कमर और निस्तेज नजर वाली वे दीन-हीन विधवाएं पीछे चल पड़ीं। श्मशान दूर था। हर दस कदम बाद कंधे बदलने पड़े पर हौसला नहीं टूटा। यह सिर्फ शवयात्रा नहीं थी, अल्ट्रासाउंड के बाद मादा भ्रूण को गर्भ में ही नष्ट करा देने की साजिश से लेकर औरत को चिता पर यह अंगारे न दे सकने की पुरुष वर्ग की खुदगर्जी और संवेदनहीनता के खिलाफ स्त्रियों का एकजुट जातीय प्रदर्शन था। उन सभी को उस वक्त ऐसा ही लगा था। लड़कियों ने शवदाह के लिए लकड़ियां खरीदीं, सबने चिता सजाई। लखीदासी ने मुखाग्नि दी। वह दोनों हाथ जोड़ चीख पड़ी, सप्तदल तेरी सौगंध आज से कोई औरत अंतिम संस्कार के लिए किसी मर्द की मोहताज नहीं होगी। बड़े आदमी जो काम नहीं कर पाए, वो बच्चियों ने कर दिखाया। समाज को नई दिशा दिखाने का काम किया, क्योंकि उनमें संवेदनाएं थीं। इनकी बदौलत हर काम संभव है, क्या नारी और क्या पुरुष। किसी भी इंसान के जीवन-मरण संबंधित प्रक्रियाओं का उल्लेख 18 पुराणों में से एक गरुड़ पुराण में मिलता है। यह एक प्राचीन हिंदू शास्त्र है, जो वेदों की परंपरा का ही हिस्सा है। हालांकि इस ग्रंथ में महिलाओं और दाह संस्कार जैसी किसी व्यवस्था का जिक्र नहीं है। महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार न किए जाने के पीछे तर्क यह दिया जाता है कि श्मशान घाट पर हमेशा नकारात्मक ऊर्जा फैली होती है। यह उनके शरीर में प्रवेश कर सकती है। अंतिम संस्कार के दौरान शव के कपाल को तोड़ा जाता है, इसके लिए मजबूत शरीर और मन चाहिए। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अंतिम संस्कार में परिवार के सदस्यों को बाल कटवाने पड़ते हैं और शव के जलते समय वातावरण में कीटाणु फैल जाते हैं। यह शरीर के कोमल हिस्सों में चिपक जाते हैं, इसलिए बाल कटवाने के बाद स्नान किया जाता है। महिलाओं के मुंडन को शुभ नहीं माना जाता। प्रख्यात ज्योतिषी पंडित प्रवीण उपाध्याय के मुताबिक, महिलाओं द्वारा अंतिम संस्कार किया जाना पूरी तरह उचित है। किसी के मोक्ष प्राप्ति में भागीदार बनना पुण्य का काम है। अगर किसी के परिवार में पुरुष नहीं है तो महिलाएं अंतिम संस्कार कर सकती हैं। महिलाओं को मुंडन करवाने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि शंकराचार्य और धर्म शास्त्र इस प्रक्रिया को शास्त्र के अनुरूप नहीं मानते। बीते डेढ़ दशकों में इस व्यवस्था को चुनौती देने, व्यावहारिक बनाने वाले दर्जनों उदाहरण इसी परंपरागत व्यवस्था में सामने आए हैं। पहले पिता की मौत के बाद पुत्र नहीं होने पर किसी रिश्तेदार के सिर पर पगड़ी बांधी जाती थी, लेकिन अब परंपराएं बदलाव के दौर में हैं। बदलते परिदृश्य में इस प्रथा पर किसी तरह का बंधन नहीं होना चाहिए। अच्छी परंपराओं को बनाए रखना भी हमारा कर्म है और खराब प्रथा और रूढ़ियां जो निरर्थक हैं, उन्हें तोड़ना भी जरूरी है। अब समय आ गया है कि हम बेटियों को यह विश्वास दिलाना बंद करें कि वे अपने माता-पिता के मोक्ष में बाधा बन सकती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्रियायोगः अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।' *-स्वामी चिदानन्द गिरि*

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जिएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**नए चेहरों को सीएम बनाने के मायने**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भाजपा ने मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को लेकर जो समय लिया और इसमें उन नामों को शामिल किया जिनका जिक्र मीडिया में नाममात्र का रहा, यह भाजपा के लिए नया काम नहीं है, बल्कि ऐसा कुछ समय पहले वर्ष 2017 में उस समय भी हुआ था जब हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रेम कुमार धूमल हार गए थे। तब भाजपा मुख्यमंत्री पद के लिए जयराम ठाकुर को सामने लाई थी, जबकि वह हिमाचल के लिए भाजपा का कोई खास चेहरा नहीं थे। मुख्यमंत्री चाहे कोई भी और किसी भी पार्टी का क्यों न हो, उसकी डोर तो पार्टी हाईकमान के पास ही होती है। इन तीन राज्यों में मुख्यमंत्री के नए चेहरे हैं, लेकिन काम तो वे पार्टी के विचार-विमर्श से ही करेंगे।

*- संतोष साहू, बलौदाबाजार*

### ट्रेंड

**एक भारत-श्रेष्ठ भारत**



पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, काशी तमिल संगमम भारत की सभ्यतागत एकता के उत्सव में बदल गया। इसने काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को खोजा, लोगों के बीच दूरियां कम कीं। एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को आगे बढ़ाया।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

**अर्थव्यवस्था को बढ़ाएंगे**



जब कांग्रेस के रिपब्लिकन अमीर और बड़े निगमों के लिए लड़ते हैं, मेहनती परिवारों को कीमत चुकाने के लिए छोड़ देते हैं, मैं लागत कम करने और एक मजबूत मध्यम वर्ग के साथ हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए लड़ता रहूंगा।
-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

**बेरोज़गारी सबसे बड़ा मुद्दा**



नौकरियां कहां हैं? युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है, युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे का कारण है देश का सबसे बड़ा मुद्दा -बेरोज़गारी!
-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

**उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक**



भारत ने अपना स्वदेशी, स्टील्थ, स्वायत्त फ्लाइंग विंग शिल्प विकसित किया है। बहुत बढ़िया। रक्षा का भविष्य मानवरहित वाहनों में है और इससे पता चलता है कि हम पीछे नहीं रहने वाले हैं। और क्या खूबसूरती है. उन्नत तकनीक सौंदर्यपरक भी है!
-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# राम मंदिर के जश्न में अमेरिका में कार रैली



हिंदू अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में अगले साल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वॉशिंगटन के एक उपनगर में शनिवार को कार रैली का आयोजन किया। आयोजकों ने बताया कि शनिवार दोपहर समुदाय के लोग 'फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड' के पास 'अयोध्या वे' में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में एकत्र हुए और इस रैली के साथ ही भारत में राम मंदिर के निर्माण की खुशी में महीने भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। 'विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी' इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा, 'हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जा रहा है और हम इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित कर रहे हैं। उत्सव में राम लीला आयोजित की जाएगी, श्री राम की कथाएं सुनाई जाएंगी, श्री राम की पूजा की जाएगी, भगवान श्री राम एवं उनके परिवार के लिए भजन गाए जाएंगे।' उन्होंने कहा, 'इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके।'

## ऑफ बीट

# स्टेम कोशिका विज्ञान बदल सकता है हमारे प्रजनन को



'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' (आईवीजी) नामक तकनीक का उपयोग करके मानव त्वचा कोशिकाओं का अंडाणु और शुक्राणु बनाने में सक्षम होना जल्द ही संभव हो सकता है। इसमें मानव शरीर के बाहर (इन विट्रो) अंडाणु और शुक्राणु की उत्पत्ति शामिल है। आईवीजी एक ऐसी तकनीक है जिससे डॉक्टरों को आपके शरीर से ली गयी किसी भी कोशिका से प्रजनन कोशिकाएं बनाने में मदद मिलेगी। इससे समलैंगिक जोड़ों को बच्चा पैदा करने में मदद मिल सकती है। सैद्धांतिक रूप से एक पुरुष की त्वचा कोशिका को अंडाणु और एक महिला की त्वचा कोशिका को एक शुक्राणु में बदला जा सकता है। इससे किसी बच्चे के आनुवंशिक रूप से कई माता-पिता होने या केवल एक के होने की संभावना है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आईवीजी का मानव अनुप्रयोग अभी बहुत दूर है। बहरहाल, मानव स्टेम कोशिकाओं पर काम कर रहे वैज्ञानिक इन अवरोधों से पार पाने को लेकर सक्रियता से काम कर रहे हैं। यहां हम 'इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस' के मानव पहलू के बारे में जानते हैं और क्यों हमें अब इसके बारे में बात करने की जरूरत है। इन विट्रो गैमेटोजेनेसिस (युग्मक जनन) 'प्लुरिपोटेंट स्टेम कोशिकाओं'' से शुरू होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ से आये अक्षत कलशों की निकली शोभायात्रा

**उमरियापान।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ अयोध्या से आए 17 पूजित अक्षत कलशो की रविवार को उमरियापान में बैंडबाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकली। जिसमें जय श्री राम उद्घोष करते हुए सिर पर कलश लेकर स्वयंसेवक चल रहे थे। नगर के झंडाचौक, अथैया मोहल्ला, कटरा बाजार, न्यू बस स्टैंड सहित मार्गों में भ्रमण पश्चात शोभायात्रा का सरस्वती विधालय प्रांगण में समापन हुआ। उपरांत विधालय के सभागार में खंड समन्वय बैठक हुई। जिसमें बडी संख्या मे स्वयं सेवकों व नागरिको की उपस्थिति रही। इस अवसर पर संघ जिला प्रचारक चंदनजी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूजित अक्षत और श्रीराममंदिर चित्र घर घर तक आमंत्रण देने आव्हान किया। इसके लिए स्वयंसेवकों सहित अनुसांगिक संगठन के सदस्यों को दायित्व भी सौंपे गये। अक्षत कलश का वितरण किया गया।उल्लेखनीय है 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष आयोजन भी किए जाने आव्हान किया गया।

### आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में मिलेगा प्रवेश

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद नें कटनी जिला अन्तर्गत जनजातीय वर्ग के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में अध्ययन की महत्ता एवं प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन हेतु अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं इस हेतु अधीनस्थ अमले व विद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित कर जिले से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को आवेदन कराने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना समन्वय जिला शिक्षा केन्द्र को निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश शासन जनजातीय कार्य विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश स्पेशल एण्ड रेसिडेंशियल एकेडिमिक सोसायटी भोपाल द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विधालयों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर एवं आदर्श आवासीय विघालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 11 फरवरी 2024 को आयोजित किया जाना है।

### महिला एवं किशोर के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** बड़वारा और विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं हुई। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर चोट पहुंचाने वाले लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। विजयराघवगढ़ पुलिस ने बताया कि थाने पहुंचकर शिवम पिता राजेश पाठक 16 साल निवासी गौरहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भूपेन्द्र पिता नरेन्द्र सिह बागरी निवासी नन्हवाराकला थाना कैमोर गालीगलौच कर मारपीट कर चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार बड़वारा थाने पहुंचकर बेटी बाई पति राजाराम यादव 42 साल निवासी पथवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके खेत शिव प्रसाद यादव गालीगलौच कर मारपीट कर चोट पहुंचा दी।

### वाद विवाद कर युवक पर चाकू से हमला

**कटनी।** एक युवक को चाकू मारकर घायल करने की घटना सामने आई है। घटना अजाक थाना अंतर्गत झर्रा टिकुरिया शराब दुकान के पीछे रंगनाथनगर में हुई। जानकारी अनुसार रवि पिता स्व.राजू कोल ने शिकायत में बताया कि विशाल साहू एवं सोनू चौधरी ने विवाद कर चाकू के नोंक पर जाति सूचक रूप से अपमानित करते हुए धमकाया। जब उसने इसका विरोध किया तो दोनों ने चाकू से उसके ऊपर हमला कर दिया। जिससे उसे चोटें आई हैं। घायल की शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 324, 506,34 भादवि 3(1)द, 3(1)ध, 3(2) व एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार हुए दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

---

प्रयागराज उत्तरप्रदेश पहुंचकर देश के अलग-अलग स्थानों में ड्रोन कंपनी द्वारा भेजे जाएगें कटनी के युवा

# युवाओं के हौसलों को मिली उड़ान, ड्रोन प्रशिक्षण के मामले मे कटनी बना देश का पहला जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज मे स्थापित अत्याधुनिक सुविधायुक्त सेंटर आफ एक्सीलेंस लैब में बेसिल के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ड्रोन उड़ाने में महारत हासिल करने वाले 27 प्रशिक्षुओं के कार वाहन काफिले को रविवार को विधायक संदीप जायसवाल और कलेक्टर अवि प्रसाद ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर प्रयागराज के लिए रवाना किया।

विधायक ने ड्रोन कंपनी में चयनित कटनी जिले के युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कलेक्टर अवि प्रसाद के अभिनव पहल एवं नवाचार से जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से सफलतापूर्वक प्रोजेक्ट पंख क्रियान्वित हो रहा है। यह बडे ही सौभाग्य की बात है कि बच्चों को ड्रोन की ट्रेनिंग पूर्ण होनें के पूर्व ही रोजगार हेतु चयनित कर 27 प्रशिक्षुओं को एम-.ड्रोन मल्टीफ्लेक्स ड्रोन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी प्रयागराज ले जा रही है। विधायक संदीप जायसवाल नें शासन की योजनाओं और कलेक्टर अवि प्रसाद के नवाचार के सफल क्रियान्वयन पर बधाई प्रेषित की।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि प्रोजेक्ट पंख के तहत जिन 40 बच्चों को ड्रोन प्रशिक्षण प्रदान करने का काम शुरू किया गया था उसमें से सभी बच्चों को ड्रोन कंपनी ने अपने यहां चयनित किया है। आज रविवार को 27 चयनित छात्र को ड्रोन कंपनी ले गई है। तीन दिन बाद 15 प्रशिक्षुओं को और भी कंपनी ले जायेगी।

ड्रोन कंपनी के प्रबंधक मेंटीनेंस शिवराज दिददागी ने बताया कि कटनी से रवाना हो रहे 26 प्रशिक्षुओं को चयनित कर उत्तरप्रदेश प्रयागराज के लिए रवाना किया गया है। ये सभी प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा मे सहभागी बनकर पात्र वंचितों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलानें का कार्य करेंगे।



#### मिलेगा 22 हजार रुपए का स्टाइपेंड

कंपनी के प्रतिनिधियों ने जानकारी देते हुये बताया की सभी चयनित व्यक्तियों को कंपनी के ही डीजीसीए अप्रूव्ड रिमोट पायलट प्रशिक्षण संस्थान से ड्रोन पायलट सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। साथ ही प्रतिमाह 22 हजार रुपए का स्टाइपेंड दिया जाएगा । आने -जाने व रहने की व्यवस्था भी कंपनी की तरफ़ से की जायेगी एवं रोज 150 रुपये भोजन भत्ता भी दिया जाएगा ।

#### देश का पहला जिला

कलेक्टर अवि प्रसाद के विशेष प्रयासों से शुरू निःशुल्क ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र के प्रति जिले के युवाओं ने पहले ही दिन से पूरे उत्साह और रोमांच के साथ प्रशिक्षण के प्रति दिलचस्पी जाहिर की थी। जिला प्रशासन ने ड्रोन प्रशिक्षण के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का अवसर प्रदान कराने के उद्धेश्य से ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया था। ताकि ड्रोन तकनीक सीखकर जिले के युवा अपने सपनों की उड़ान भर सकें। जिला खनिज प्रतिष्ठान और ई- गवर्नेंस समिति की सहभागिता से यह नवाचार करने वाला कटनी देश का संभवतः पहला जिला है।

प्रोजेक्ट पंख के तहत कटनी मे केंद्र सरकार की मिनी रत्न कंपनी ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट इंडिया लिमिटेड के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा ड्रोन तकनीक का संपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसके तहत प्रशिक्षणार्थी ड्रोन उड़ाने के साथ ही साथ ड्रोन तकनीक की सभी विधाओं में महारत हासिल कर रहे हैं।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, ई- गर्वर्नेंस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, सहायक परियोजना अधिकारी अभिषेक भार्गव और एम.ड्रोन मल्टीफ्लेक्स ड्रोन प्राईवेट लिमिटेड कंपनी बेगलोर के मेनेजर मेंटीनेंस शिवराज दिददागी और असिस्टेंट इंजीनियर देबबरना भट्टाचार्जी सहित चयनित ड्रोन प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### पिता की डांट से बुआ के यहां चली गई थी बालिका

**कटनी।** रीठी पुलिस ने एक लापता लड़की को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। बताया जाता है कि थाना रीठी में फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी लड़की स्कूल पढ़ने गई थी जो वापस नहीं आई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी उमराव सिंह तथा थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के द्वारा दस्तयाब, टीम बनाकर विवेचना में लगाया गया था। टीम में प्रभारी एएसआई विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक राम पाठक, अजय, महिला आरक्षक अर्चना गुप्ता, आरक्षक भोला साहू महिला सैनिक समीना कुरेशी को लगाया गया था। बामुश्किल दस्याबी कार्यवाही की है अपहरर्ता के पिता शराब का नशा करते थे जो अपहरर्ता को डांट-फटकार कर दिये जो अपहरर्ता बिना बताए घर से चली गई और बुआ के साथ भर-भरा में रह रही थी। पुलिस के गुप्तचर की सूचना पर पुलिस टीम ने उक्त बालिका को दस्तयाब कर न्यायालय में धारा 164सी आर पी सी के तहत कार्रवाई कथन करायें गये। एसपी द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन मुस्कान के तहत की गई कार्यवाही में बच्ची को पाकर मां पिता प्रसन्न हुए तथा आभार व्यक्त किया।

---

कटाएघाट मेले में विविध कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन

# दंगल-पावर लिफ्टिंग जिम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बजरंग कटायेघाट मेले में विभिन्न सांस्कृतिक साहित्यिक और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महापौर एवं निगमाध्यक्ष ने आज फीता काटकर मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन करते हुये साहित्यिक नृत्य एवं फ्रेंसी डे कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात दंगल पावर लिफ्टिंग जिम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया। महापौर व निगम अध्यक्ष ने कटायेघाट मंदिर में हनुमानजी की पूजा अर्चन की।

गत दिवस स्कूली छात्र छात्राओं की प्रतिभा को निखारने महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा छात्रों के लिये विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। शहर के कई विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में बढ चढ कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य सुमनलता सोलंकी शिवा मिश्रा निर्णायक रिजवान हसन खान मनोज चौधरी के मार्ग दर्शन में छात्रों ने विभिन्न माडल तैयार किये। स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गयी विज्ञान प्रदर्शनी में महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगमाध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं मेला समिति के सदस्यों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों से सवाल किये गये तथा उनके अथक परिश्रम की सराहना की।

इस अवसर पर मेला समिति सदस्य शशिकांत तिवारी डॉ रमेश सोनी सुभाष शिब्बू साहू तुलसा बेन बीना बैनर्जी सीमा श्रीवास्तव शकुन्तला सोनी सरला मिश्रा सुमित्रा रावत प्रभा गुप्ता सुशीला कोल रेखा तिवारी सुरेन्द्र गुप्ता संजय तिवारी प्राचार्य सुमनलता सोलंकी रिजवान हसन खान मनोज चौधरी शिवा मिश्रा गनेश बिचपुरिया एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

## शिकायतों को समय सीमा में निराकरण करने निर्देश



नगर पालिक निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने सीएम हेल्पलाइनों के समयसीमा में निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये है। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निगमायुक्त शुक्ल द्वारा विभाग प्रमुखों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया कि 18 दिसम्बर तक सभी शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण हो जाना चाहिए। बैठक में उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार कार्यपाल यंत्री केपी शर्मा राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक फायर नियंत्रण अधिकारी अरविंद प्यासी स्टेनो आलोक तिवारी कार्यालय अधीक्षक नागेंद्र पटेल सहायक यंत्री सुनील सिंह आदेश जैन उपयंत्री अश्वनी पांडे पवन श्रीवास्तव योजना प्रभारी रवि शंकर पांडे सिटी मैनेजर एनयूएलएम यश रजक राजेश दुबे विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---



# जिला प्रशासन ने सभी एसडीएम से खुले बोरवेलों को बंद कराने की गई कार्यवाही की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला प्रशासन ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों से उनके कार्य क्षेत्र में अब तक बंद कराए गए असफल और खुले बोरवेलों और ट्यूबवेलों की जानकारी का विवरण मांगा है।

जिले में अनुपयोगी और खुले बोरवेलों में बच्चों के गिरने की आये दिन आ रही खबरों और घटनाओं के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवि प्रसाद के निर्देश पर बीते साल के दिसम्बर माह में दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था। कलेक्टर द्वारा इस मामले में निरंतर अधिकारियों को ताकीद भी किया जाता रहा है। इसके बाद कई खुले बोरवेलों सहित काफी अरसे से उपयोग में नहीं लाये जा रहे कई खुले कुंओं को भी कलेक्टर के निर्देश के बाद बंद किया गया है।

कलेक्टर ने अभी हाल ही में संपन्न लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बैठक में जलजीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान भी अनुपयोगी और खुले नलकूपों को बंद करने की हिदायत दिया था। साथ ही कलेक्टर ने बोरवेल खनन से जुड़ी पूरी जानकारी संधारित करने और अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल की जानकारी एकत्रित कर उन्हें सुरक्षित रुप से बंद करने की हिदायत भी दी है। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने सभी एस डी एम को पत्र लिखकर बंद करवाये गये खुले बोरवेलों की जानकारी तलब किया है।

---

डीईओ ने प्राचार्यों एवं बीईओ से अनुशंसा प्रस्ताव भेजने निर्देश

# शिक्षा विभाग के 7 कर्मियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की कार्यवाही प्रचलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा विधानसभा निर्वाचन के दौरान जिन कर्मचारियों का मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण करवाया था उनमे से शिक्षा विभाग के 7 कर्मियों को अक्षम मानते हुए अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रक्रियाधीन है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला मेडिकल बोर्ड से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर इन सभी कर्मचारियों को 20 साल की सेवा और 50 वर्ष की उम्र के मापदण्ड के तहत अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव तैयार करने संबंधित विभाग के जिला अधिकारियों को निर्देशित किया था।

कलेक्टर के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह ने सभी 7 कर्मचारियों की पदस्थापना स्थल वाले स्कूलों के प्राचार्यो को पत्र लिखकर अनिवार्य सेवानिवृत्ति वाले कर्मियों की जन्मतिथि, प्रथम नियुक्ति दिनांक सहित अनिवार्य सेवानिवृत्ति का प्रस्ताव संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी की अनुशंसा सहित 5 कार्यदिवस में भेजने को कहा है।

#### अनिवार्य सेवानिवृत्ति वाले कर्मी

शिक्षा विभाग के जिन 7 कर्मियों के विरूद्ध 50 वर्ष की आयु एवं 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर अक्षमता के आधार पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति देने की कार्यवाही प्रचलित है। उनमें शासकीय माध्यमिक शाला सुरमा के उच्च श्रेणी शिक्षक नंदूलाल चौधरी, शासकीय हाईस्कूल बिजौरी के माध्यमिक शिक्षक नागेन्द्र कुमार मिश्रा , शसकीय प्राथमिक शाला मढ़िया शासकी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलहरी के सहायक शिक्षक विशाली राम कोल, शासकीय प्राथमिक शाला बरछेंका के सहायक शिक्षक नारायण सिंह मरावी, शासकीय प्राथमिक शाला गाड़ा के प्राथमिक शिक्षक भाग सिंह गौड़, श्रमधान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैमोर के उच्च श्रेणी शिक्षक ए.एस चौहान और शासकीय माध्यमिक शाला एन.के.जे. के भृत्य दुर्गा प्रसाद बर्मन शामिल है। इन सभी 7 कर्मियों को कार्यालयीन कार्य हेतु अक्षम पाया गया है।

### जिले की बेटी स्वाति नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस के परेड में होगी शामिल

**कटनी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 को नई दिल्ली के कर्तव्यपथ (राजपथ) में देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी व देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सलामी देने का सपना हर भारतीय का होता है। जिसे कटनी जिले की एन.एस.एस. स्वयंसेविका स्वाति मौर्य ने पूरा किया है।

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में 6 राज्यों से 200 स्वयंसेवकों का चयन होता है। जिसमे मध्यप्रदेश से 40 स्वयंसेवकों की परेड व सांस्कृतिक गतिविधि के द्वारा 8 स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए किया जाता है। जिसमें रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से 2 स्वयंसेवकों का गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन हुआ है। कटनी जिले शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी से स्वाति मौर्या का चयन हुआ है। स्वाति मौर्य शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा हैं।

---

कलेक्टर द्वारा यात्रा हेतु रूट चार्ट एवं शिविर स्थलों को किया गया है निर्धारित

# संकल्प यात्रा में ग्रामीण क्षेत्र की 19 एवं शहरी क्षेत्र की 15

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पंचायत कन्हवारा मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने हरी झंडी दिखाकर विकसित भारत संकल्प यात्रा को रवाना किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार से प्रारंभ होकर 26 जनवरी तक चलेगी, जिसमें संपूर्ण जिले की समस्त ग्राम पंचायत एवं समस्त नगरीय निकायों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में वीडियो वेन के द्वारा जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला पंचायत सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सरपंच कन्हवारा रतनलाल आदिवासी सहित बडी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया तो वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री के वर्चुअली संबोधन के जिलेभर में लोगों द्वारा देखा व सुना गया।



विकसिंत भारत संकल्प यात्रा के दौरान रथ के माध्यम से जिले के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना,किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। इस वाहन का मुख्य उदेश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना,उनके बीच सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूकता का प्रसार करने के साथ ही साथ ही लोगों द्वारा योजनाओं के लाभ लेने में आ रही समस्याओं का भी निराकरण का काम करेगी एवं योजनाओं से छूटे लोगों को योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा।

विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु रूट चार्ट एवं शिविर स्थल निर्धारित कर दिया गया है। और जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुँचेगी, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे।

योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम होंगे।

---

# हथकुरी के प्राचार्य एवं वसुधा के प्रभारी प्राचार्य को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी व शासकीय हाई स्कूल वसुधा में पदस्थ शिक्षकों द्वारा बिना आवेदन अवकाश पर रहनें तथा विद्यालयों में काफी कम छात्रों की उपस्थिति पाये जाने के कारण मिशन फाइनल -30 प्रभावित हानें को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी के प्राचार्य एवं शासकीय हाई स्कूल वसुधा के प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी नोटिस में उल्लेखित किया गया है कि शनिवार को उनके एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रीठी द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथकुरी में तीन माध्यमिक शिक्षक नवनीत चुतर्वेदी, नित्यनंद सराफ एवं आशीष शर्मा नृत्य बिना आवेदन अवकाश पर पाये गये तथा दर्ज 213 छात्रों में से मात्र 70 छात्र ही उपस्थित पाए गए।

इसी तरह शासकीय हाईस्कूल वसुधा के निरीक्षण के दौरान श्री उमेश तुमराली, प्राथमिक शिक्षक 04 दिवस से अवकाश पर होनें के साथ ही 03 अतिथि शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। कक्षा 10वीं में 32 छात्रों में से 15 छात्र उपस्थित मिले एवं कक्षा 9वीं में 26 छात्रों में से मात्र 03 छात्र ही उपस्थित पाए गए।

कारण बताओ नोटिस में प्राचार्य एवं प्रभारी प्राचार्य को विद्यालय की उपस्थिति कम होने तथा बिना अवकाश आवेदन के अवकाश शिक्षकांन पंजी में दर्ज करनें के आधार की जानकारी सहित अपना स्पष्टीकरण 3 दिवस में समक्ष में विद्यालयीन समय उपरांत उपस्थित होकर देने हेतु निर्देशित किया है। स्पष्टीकरण अप्राप्त एवं संतोषजनक नहीं होने पर संबंधितों के विरूद्ध विभागीय जांच प्रांरभ की जाएगी।



# संस्कारधानीवासियों को आया अयोध्या से न्योता

**अक्षत कलश का हुआ नर्मदा तट पर पूजन, भव्य कलश यात्रा निकली**

**जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली जिसमें पूज्य अखिलेश्वर नंद गिरी महाराज पगला नंद महाराज के सानिध्य में शोभायात्रा समन्वय सेवा केंद्र से प्रारंभ होकर गौरी घाट में संपन्न हुई शोभायात्रा में हनुमान जी महाराज की जीवन झांकी के सभी ने दर्शन प्राप्त किये, पूजन अर्चन के बाद कलश वितरण किए गए जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समस्त पदाधिकारी जिनमे सुरेंद्र सिंह अखिलेंद्र सिंह अमर जीत सिंह धंजल संजय तिवारी उपाध्यक्ष विशाल नामदेव जिला मंत्री राजेश पटेल जिला सह मंत्री रवि ठाकुर जिला संयोजक रोहित चौकसे जिला सहसंयोजक गौरव सोनकर रमेश तिवारी गुरविंदर सिंह अमित शर्मा राजकुमार नीरज मिश्रा शोभा प्यासी अनुष्का तिवारी सोनू साहू जितेश पटेल रंजीत राठौर अभिषेक सोनकर ईश्वर साहू सुषमा प्यासी एवं अन्य कार्यकर्ता एवं सनातनी बंधु बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष संजय पटैल की गरिमापूर्ण उपस्थिति भी रही विश्व हिंदू परिषद ने आवाहन किया है कि 22 जनवरी 2024 को अपने इष्ट देव के नाम से पांच दीपक अवश्य प्रज्जवलित करें।

## ईसाई समुदाय का देश सेवा में योगदान अविस्मरणीय है : जगत बहादुर सिंह अन्नू

# प्रभु येसु शांति एवं प्रेम का संदेश देने इस संसार में आये : बिशप जेराल्ड अलमेडा

**जबलपुर।** जबलपुर शहर के समस्त मसीहियों द्वारा संयुक्त रूप से आज विशाल क्रिसमस रैली का आयोजन किया गया। जबलपुर कैथोलिक धर्मप्रान्त के बिशप जेराल्ड अलमेडा एवं सी.एन.आई. धर्मप्रांत के बिशप अजय उमेश जेम्स के नेतृत्व में बिशप पीटर जॉनसन, रेव्ह. मनीष गिडियन , रेव्ह . एरिक नाथ, पास्टर श्याम बाबू, पास्टर जय सिडनी, पास्टर डेविड लाल, पास्टर प्रशांत डेविड, पास्टर स्टेनली सुकुमार, फादर सोमी जैकब, पास्टर राज अब्राहम ,पास्टर ऑगस्टीन राव, आदि की उपस्थिति में तथा हजारों मसीही समुदाय के विश्वासियों के साथ इस रैली का शुभारंभ दोपहर 1.30 बजे से प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर बिशप जेराल्ड अलमेडा ने कहा कि प्रभु येसु मसीह इस संसार में शांति, प्रेम, दया, करुणा और भाईचारे का संदेश लेकर आए। 2023 वर्ष पूर्व येसु मसीह के जन्म की खुशियों को जिन खुशकिस्मत लोगों ने महसूस किया था वही खुशी, आनंद और हर्ष आज हम सभी ख्रीस्तीय भाई बहन भी महसूस कर रहे हैं। येसु मसीह ने हमको पापों से मुक्ति दिलाने के लिए स्वर्ग छोड़ कर मनुष्य रूप धारण करके, दीन बनकर गौशाला में जन्म लिया। ईश्वर स्वयं मनुष्य बन गया। हमारा कर्तव्य है कि हम



**उल्लासपूर्वक निकली भव्य एवं विशाल क्रिसमस रैली**

प्रभु येसु के प्रेम, शांति और दया के संदेश को सर्वत्र फैलाते रहें। येसु ने कहा मानव पुत्र सेवा कराने नही बल्कि सेवा करने आया है अतः हम मसीही समुदाय के लोग भी सेवा कार्यों में निरंतर लगे रहें और येसु मसीह जो कि संसार का उद्धारकर्ता है उनकी शिक्षाओं और उपदेशों का पालन करते रहें।

इस अवसर पर जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि ईसाई समुदाय का समाज सेवा में योगदान अविस्मरणीय है। हम सभी प्रभु यीशु के जन्मदिवस को मनाने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आप सभी को क्रिसमस पर्व शांति, दया एवं प्रेम के संदेश के साथ मनाये जाने के लिए मैं अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

उल्लेखनीय है कि विगत 28 वर्षों से जबलपुर शहर के समस्त मसीही समुदाय की संयुक्त रूप से क्रिसमस रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष दोगुने उत्साह , उल्लास एवं उमंग के साथ आज की इस क्रिसमस रैली में बहुत बड़ी संख्या में मसीहीजनों की उपस्थिति रही। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सभी संस्कारधानीवासियों के लिए प्रार्थना करते हुए , सुंदर झांकियों के साथ निकली । रैली समिति के संयोजक मनीष चार्ल्स तथा नीलेश मसीह ने क्रिसमस रैली के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर सभी मसीही विश्वासियों को बधाई दी। संजय मैथ्यूस ने जानकारी दी कि रैली में जबलपुर शहर के समस्त मसीही समुदाय के बच्चे, युवा, बुजुर्ग सहित हर वर्ग के लोग बड़े ही उत्साह के साथ सम्मलित हुए तथा सभी लोगों के लिए समिति के सदस्यों द्वारा प्रीतिभोज की व्यवस्था भी की गई। क्रिसमस रैली के सफल आयोजन में फ्रांसिस जोसेफ, फ्रांसिस जेवियर, जॉय लाल, संजय मैथ्यूस, शान कुमार,विनोद चैंबर्स, डेंजिल आंग्रे, मनोज एंथोनी, निखिल चार्ल्स, अनीता मसीह, क्रिस्टोफर मसीह, डॉ.भावना शर्मा, मारिया चार्ल्स,जॉन डेविड, अतुल फिलिप, तथा रैली समिति के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।



# पासी समाज का परिचय सम्मेलन फरवरी में

**जबलपुर।** पासी महासंघ की बैठक तीन मूर्ति आम्बेडकर पार्क सदर में श्यामसुंदर बावरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें 24 दिसम्बर को महाराजा बिजली पासी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तथा आगामी फरवरी माह में पासी समाज के युवक, युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर तोताराम बावरिया, डॉ. ऋषि बावरिया, एड. विजय पासी, जितेन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र, जगमोहन, आशु, मोहित, देवेन्द्र बावरिया, उर्मिला बावरिया, संगीता बावरिया, संध्या पासी, हेमलता पासी, सुमन बावरिया, शुभा पासी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मधुमेह के बेहतर इलाज पर दिए सुझाव

**एबीसी डायबिटीज़ कार्यक्रम में 350 चिकित्सकों का हुआ आगमन**

**जबलपुर।** मध्य भारतीय मधुमेह सेवा संस्था जबलपुर द्वारा 16 एवं 17 दिसंबर को होटल कृष्णा में डॉक्टर्स के बीच एबीसी डायबिटीज़ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डायबिटीज़ के बेहतर इलाज हेतु विभिन्न लेक्चर्स आयोजित किये गए जिसमें भाग लेने के लिए शहर एवं आसपास से सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लगभग 350 चिकित्सकों, जूनियर डॉक्टर्स एवं चिकित्सा छात्रों का आगमन हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन डॉ संजय मिश्रा (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) ने किया और इस तरह के मेडिकल एजुकेशन कार्यक्रमों को ज़रूरी बताया। 16 दिसंबर को हुई परिचर्चा में डायबिटीज़ की मूलभूत जानकारियों पर डॉ. विशाल कस्तवार, डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. अनुपम श्रीवास्तव एवं डॉ. अश्विनी पाठक ने प्रकाश डाला। डायबिटीज़ क्यों, किसे और कैसे होती है, कौन से



अंगों में ख़राबी आती है, किस प्रकार हमारे देश में पिछले दशक में यह बीमारी बढ़ी है और अगले दशक में कितना बढ़ने की उम्मीद है, नवीनतम आई.सी.एम.आर. का डाटा क्या कहता है, पिछले वर्षों में नवीनतम रिसर्च और उससे उपलब्ध हुई इलाज की अंतर्राष्ट्रीय गाइडलाइन्स क्या हैं। यह भी मंथन किया गया की बेहतर इलाज को आम जनता तक पहुंचाने में क्या कमियां हैं और उनको कैसे दूर किया जा सकता है। 17 दिसंबर 2023 को डायबिटीज़ के इलाज में भोजन परिवर्तन पर नवीनतम डाटा, व्यायाम, हृदय एवं किडनी रोग बचाव, दुबले डायबिटीज़ रोगी, प्रेगनेंसी में डायबिटीज़, इंसुलिन दवाओं का सही इस्तेमाल, डायबिटीज़ रिवर्सल, आँखों के पर्दे की खराबी और इसका इलाज, इलाज में नवीनतम दवाएं, नए शुगर मॉनिटरिंग सिस्टम, इन्सुलिन पंप सिस्टम, अर्टिफिशियल पैंक्रियास, इलाज में मोबाइल एप्स, कंप्यूटर एवं व्हाट्सप्प के इस्तेमाल और टैक्नोलॉजी विकास पर परिचर्चा की गयी। डॉ. पवन अग्रवाल ने डायबिटिक न्यूरोपैथी के नवीनतम सर्जिकल इलाज की जानकारी दी और डॉ अमरेंद्र पांडेय ने बालों और स्किन की खराबियों के बचाव और इलाज के बारे में बताया। डॉ मनीष मिश्र ने केंद्र सरकार की आभा हेल्थ आई.डी. एवं डायबिटीज़ कंट्रोल हेतु राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सन्दर्भ में बताया। परिचर्चा में मुख्य रूप से डॉ शेफाली जैन (ओफ्थल्मोलॉजिस्ट), डॉ आदित्य परिहार, डॉ आषीश डेंगरा, डॉ प्रियंका कुकरेले, डॉ नीरज जैन, डॉ अमित किनारे, डॉ अनुश्री जामदार ने डायबिटीज़ रोग के भी विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए। डॉ विभा कस्तवार, डॉ नीना श्रीवास्तव, डॉ मुकेश जोहरी, डॉ आर के असावा, डॉ सुशील कैली, डॉ आर के महोबिया, डॉ पवन सोनी, डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ शिशिर सोनी ने डायबिटीज़ के बेहतर इलाज को सभी लोगों तक पहुंचाने के सन्दर्भ में अपने विचार रखे।



# आश्रयहीन मजदूर वर्ग के लिए अलाव व रैन बसेरा की व्यवस्था हो

**जबलपुर।** यूथ कांग्रेस ने बताया कि 16 दिसम्बर को अभिषेक चौकसे चिंटू के निर्देश पर यूथ कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस द्वारा नगर निगम आयुक्त के नाम एक ज्ञापन रांझी जोन कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि रांझी क्षेत्र के सभी चौराहों पर जहां सब्जी वाले, मजदूर, रिक्शा चालक, आटो चालक एवं आश्रयहीन लोग वर्तमान में चल रही शीत लहर से परेशान हैं, उनके लिए अतिशीघ्र अलाव की व्यवस्था की जाए। बताया गया रांझी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में आश्रयहीन लोगों के लिए एक भी रैन बसेरा नहीं है, जिससे मजबूरीवश इन्हें भीषण ठंड में खुले आसमान के नीचे ही रात बितानी पड़ रही है अतः एक रैन बसेरा की उचित व्यवस्था की जाए। साथ ही बड़ा पत्थर सामुदायिक भवन में ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों द्वारा इसका शादी-विवाह हेतु उपयोग किया जा सके।

# जीतू पटवारी के पीसीसी अध्यक्ष बनने से युवाजनों में उत्साह

**कांग्रेस आलाकमान में मंथन का दौर**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में अच्छे परिणाम नहीं आने के बाद से कांग्रेस आलाकमान में मंथन का दौर चलता रहा। अनेक जातियों के निवासियों, अलग-अलग क्षेत्रों महाकोशल, विंध्य, बुंदेलखण्ड, मालवा, चम्बल अनेक तरह की समस्याओं से जूझते मध्यप्रदेश में अपने आंदोलनों के जरिये जनमानस की समस्याओं को उठाने व सड़क पर जनता के हितों के लिए लड़ाई लड़ने के लिए जीतू पटवारी का मध्यप्रदेश के कोने-कोने में आम जनता से सीधा जुड़ाव है। जिसे देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने जीतू पटवारी को मप्र कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया है। मप्र युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश



अध्यक्ष शशांक दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों युवकों ने जबलपुर जिला में राजनीति के मुख्य केन्द्र स्थानीय मालवीय चौक पर जीतू पटवारी के पीसीसी अध्यक्ष बनने पर आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के साथ मिष्ठान्न का वितरण किया। इस अवसर पर मप्र युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शशांक दुबे, दविन्दर सिंह लाली, तरुण अहूजा, रिजवान अली कोटी, सागर शुक्ला, भानू चौहान, राहुल बघेल, वरुण शर्मा, रौनक मिश्रा, संजू मिश्रा, आदर्श राजपूत, आशीष पाठक, टीनू रजक, जांबाज राईन, डेनी बेन, सैय्यद बशीरुद्दीन, गोपाल चौधरी, आजाद अंसारी, अजहर अहमद सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



# गोंडवाना स्मारक स्थल का गढ़ा संरक्षण संघ ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के पदाधिकारियों ने गोंडवाना राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह जी के निर्माणाधीन स्मारक स्थल का निरीक्षण किया इस अवसर पर संघ के संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, राजेंद्र चौधरी, कार्यवाहक अध्यक्ष अजय झारिया, गया प्रसाद धुर्वे, दिशा इनवाती, अंजना इनवाती, राजेश मरकाम, राजू चौधरी, महेश बट्टी, बालकिशन आदि उपस्थित हुए। इंटेक कम्पनी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि गोंडवाना संस्कृति के अनुरूप कार्य कराया जाना चाहिए था। गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर की ओर से सोंपी गई कार्ययोजना के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। आस्था केन्द्र बंदी गृह के स्थान परिवर्तन पर आक्रोश व्यक्त किया गया। साथ ही गोंडवाना क्रांति स्तंभ भी नहीं बनाया है।

# दिव्यांग बच्चों ने दिखाया सामर्थ्य

**जबलपुर।**

नगर शिक्षा केंद्र एक अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन रानीताल सुभाष नगर स्कूल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, नींबू चम्मच दौड़, 50 मीटर, 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। दिव्यांग बच्चों ने बड़े उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में सहभागिता की। कार्यक्रम में बीआरसी डीसी अहिरवार, बीएसी अजय रजक, श्वेता श्रीवास्तव, संतोष ठाकुर, रश्मि कौशिक, एमआरसी अंशु ताम्रकार, संगीता शुक्ला, अजय सिंह ठाकुर, सलेहा खान, अलका कोरी, वर्षा जायसवाल,



पंकज अग्रवाल विवेक रंजन शुक्ला, विशंभर गर्ग,आशीष आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दौड़ में आर्या लोधी, आरती यादव , लक्ष्मी चौधरी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में छीता बरकड़े ,पूनिया मरावी, राधिका ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। नींबू चम्मच दौड़ में छाया मिश्रा, सत्यम वंशकार, कशिश तिवारी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में आर्या लोधी, लक्ष्मी चौधरी , ईशिका अहिरवार ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में लक्ष्मी चौधरी अर्पिता मलिक आरती यादव ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन बीएसी अजय रजक ने किया।



## द्वितीय पेंशनर समाज के नए सदस्यों का स्वागत समारोह संपन्न

**जबलपुर।** पेंशनर समाज शाखा जबलपुर द्वारा द्वितीय नए सदस्यों का सम्मान समारोह श्री अनादिदेव उपाध्याय संरक्षक की अध्यक्षता में पंचशील नगर में सम्पन्न हुआ। जिसमें वर्ष 2023 के 10 नये सदस्यों का शाल, माला एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। आर.पी. यादव जिला शाखा अध्यक्ष ने सभी प्रतिनिधियों का परिचय कराते हुए पेंशनर समाज सदस्यों को 4 प्रतिशत कम मिलने हेतु एक प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश का ध्यान आकार्षित कराने पत्राचार किया जायेगा। साथ ही धारा 49/ठ को समाप्त करने प्रशासन को लिखा जावेगा ताकि सभी पेंशनरों को 46% डीए दिये जाने के साथ ही पेंसनरों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## धर्ममय हुआ पूरा पंडाल

# भजन गायक शुभम रूपम के भजनों पर झूम उठे भक्त

**जबलपुर।** श्री श्याम महिमा मंडल का 19वां श्याम उत्सव बड़े ही धूमधाम से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। एम.एल.बी. ग्राउण्ड में आयोजित इस आयोजन के बारे में संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश जी, सचिव पवन बगड़ोदिया जी ने बताया कि बाबा का आलौकिक पुष्प श्रृंगार खाटू के दरबार की तर्ज पर सजाया गया। बाबा का शीश दिल्ली से लगाया गया, जिसका पुष्प श्रृंगार दिल्ली से ही पधारे राकेश अग्रवाल जी एवं अनिल भावसिंका जी ने किया। दरबार में छप्पन भोग एवं उसके वितरण की व्यवस्था मनीष गोयल द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन मुरली अग्रवाल, नागेश अग्रवाल, अनिल भावशिंका ने किया। भजन संध्या में स्थानीय कलाकार मनीष अग्रवाल, प्रीति



सरगम सिंह, बल्लू शर्मा, शिल्पी अग्रवाल, हिमेश सेन, तुषार शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य श्याम भजन प्रवाहक कलकत्ता से पधारे शुभम रूपम द्वारा बहुत ही भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिससे उपस्थित धर्म प्रेमी बाबा की भक्ति में झूम उठे। मुख्य भजन शुभम रूपम ने गाये। आयोजन में शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ सभी समाजों के सदस्य, श्याम संस्थाओं के सदस्य उपस्थित थे। आयोजन समिति के संतोष पोद्दार, गरेन्द्र अग्रवाल, नीरज मक्कड़, सुनील सुरेका, मनीष अग्रवाल, अरूणा खंडेलिया, रामगोपाल सराफ, रूपेश अग्रवाल, ओमप्रकाश जांगीड़, आशीष महावर, रामलाल शर्मा, सुनील पोद्दार, दिनेश महावर, शंभूदयाल, अग्रवाल आदि सदस्यों ने संस्कारधानी के सभी धर्म प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## ओपन इंटर स्कूल मार्शल आर्ट में बच्चों ने परचम लहराया

**जबलपुर।** ज्ञानोदय चिल्ड्रन अकादमी द्वारा आयोजित मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जिले के कई स्कूलों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में अंडर 10 से अंडर 16 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया, जिसमे शाला के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से सारा खेल प्रांगण तालियों की गूंज से गुंजायमान हो गया था, सभी वर्गो के खेल को देख कर दर्शक और जज बहुत प्रभावित हुए, शाला के वरिष्ठ प्रशिक्षक और मार्शल आर्ट कोच श्री राम किशोर सोनी के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने खेल का प्रर्दशन किया, जिनके सहयोगी श्रीमती बुशरा खान और श्री अमर कदंब थे, शाला डायरेक्टर श्रीमती पूनम अग्रवाल, प्रिंसिपल श्रीमती संगीता ग्रोवर वाइस प्रिंसिपल श्री विलियम डायस हेड मिस्ट्रेस श्रीमति मोना चौकसे एकेडमिक कोऑर्डिनेटर श्री अनिल रजक ने विद्यार्थियो को बधाई दी एवम उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, प्रतियोगिता के परिणाम, गोल्ड मेडल विजेता, 1 प्रद्युम सोनकर कक्षा 9वी अंडर वेट 50 किलो, 2 हर्षित दुबे कक्षा 6वी अंडर वेट 50 किलो, 3 खुशी केशरवानी कक्षा 8वी अंडर वेट 65किलो, 4 वेदिका जैन कक्षा 7 वी अंडर वेट 50 किलो, सिल्वर मेडल विजेता, 1 सारांश जैन कक्षा 6वी अंडर वेट 40 किलो, 2 आरोही दुबे कक्षा 5 वी अंडर वेट 60, 3 समृद्धि सोनी कक्षा 5वी अंडर वेट 30 किलो, 4 भाविका साहू कक्षा 8 वी 50 किलो, ब्रोंज मेडल विजेता,1 मायरा नूर खान कक्षा 5 वी अंडर वेट 30 किलो।



## जांजगीर में नमी बनी परेशानी

जांजगीर और सक्ती जिले के पांच केन्द्रों में हरिभूमि की टीम पहुंची। यहां धान की नमी पाई गई तो वहां मौजूद किसानों के साथ ही समिति के मैनेजर और सुपरवाइजर भी चौंकने लगे। 2 किलो धान की नमी अलग-अलग पाई गई। बलौदा ब्लाक के पहरिया में धान की नमी 15.5 प्रतिशत रही तो वही धान पास के ही खैजा खरीदी केन्द्र में 10.5 नमी वाला रहा।

*समर्थन मूल्य पर किसानों से सहकारी सोसाइटियों में धान की खरीदी की जा रही है। धान खरीदने से पहले सोसाइटी में किसानों का धान को डिजिटल माइस्चर मीटर मशीन से मापा जा रहा है। माप में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से ज्यादा पाए जाने पर धान रिजेक्ट हो रहा है।*

**ऐसी खबर पहली बार...**

### हरिभूमि ने जिले के कुछ सोसाइटियों में माइस्चर मीटरों के माप को परखा

# हरिभूमि ने एक ही धान अलग-अलग माइस्चर मीटर से जांचा

# अलग-अलग रीडिंग, रोजाना सैकड़ों किसानों के धान रिजेक्ट

रायपुर। हरिभूमि ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी, जगदलपुर और राजनांदगांव की दर्जनों सोसायटियों में डिजिटल माइस्चर मशीन की ही जांच कराई। रिपोर्ट चौंकाने वाली निकली। एक ही धान को अलग अलग सोसायटियों के माइस्चर मीटर ने अलग अलग नमी का बताया। कुछ किसान मीटर की वजह से भी अपना धान नहीं बेच पा रहे। जिले में ज्यादातर सोसाइटियों में जो 10 साल पहले खरीदी की गई माप मीटर मशीनों को ही उपयोग किया जा रहा है। सोसाइटी प्रबंधक व अध्यक्षों का कहना है कि हर साल धान खरीदी से पहले मशीनों का सत्यापन कराया जाता है, जिसका प्रमाण पत्र भी मिलता है। इसके आधार पर ही इन मशीनों का उपयोग कर धान की नमी मापी जाती है। मतरी के तरसींवा खरीदी केंद्र के मास्चर मीटर में धान में माइस्चर की मात्रा 21.4 प्रतिशत आई। इसी धान के सेंपल को जब कुरमातराई धान खरीदी केंद्र के मास्चर मीटर से चेक किया गया तो मास्चर की मात्रा 18.30 प्रतिशत आई। देमार खरीदी केंद्र के मास्चर मीटर ने इसी सेंपल में 19 प्रतिशत मास्चर रीड किया। एक ही धान के सेंपल का अलग-अलग खरीदी केंद्रों के मास्चर में रीडिंग अलग-अलग आना इन मशीनों की रीडिंग की शुद्धता पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

हरिभूमि लाइव




### मशीनों के माप प्रतिशत में अंतर

हरिभूमि की टीम रायपुर जिले की आधा दर्जन सोसाइटियों में पहुंची। इन सोसाइटियों में से एक सोसाइटी में धान बेचने पहुंचे एक किसान के धान को मशीन के जरिए उसकी नमी को जांचा गया। जांच में धान की नमी का प्रतिशत 15.20 पाया गया। इसी धान को लेकर टीम अन्य सोसाइटियों में गई और वहां की मशीनों में भी इसे जांचा। इसमें इसका माप कहीं 13.70 तो कहीं 15.70 प्रतिशत आया। इस तरह सभी सोसाइटियों में सैंपल धान की नमी का प्रतिशत अलग-अलग पाया गया।




### 3 समितियों के यंत्र में दिखा अंतर

नमी मापक यंत्रों के गणना में भी अंतर आ सकता है। इसकी जांच करने जब हरिभूमि की टीम 14 दिसंबर को लेकर गंडई स्थित सेवा सहकारी समिति ठंडार स्थित उप सेवा सहकारी समिति और विचारपुर स्थित सेवा सहकारी समितियों में एक ही धान को 10 किलो लेकर गई तो गंडई स्थित समिति में ले जाए गए, धान में 13 प्रतिशत नमी मशीन के डिस्प्ले में दिखा, जब उसी धान को जब ठंडार स्थित सेवा सहकारी समिति के नमी मापक यंत्र में नापा गया तो वहां मशीन के डिस्प्ले में 12.60 प्रतिशत नमी होना आया अर्थात .40 प्रतिशत सूखत नजरआया और जब उसी धान को विचारपुर सेवा सहकारी समिति में मापा गया तो मशीन के डिस्प्ले में धान में 13.50 प्रतिशत नमी दिखाया अर्थात 50 प्रतिशत नमी और बढ़ गया। इस प्रकार महज एक घंटे के अंदर प्लास्टिक बोरे में भरकर बाइक से ले जाए गए धान में 90 प्रतिशत नमी में उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

### दाल, जीरा, तेल के बाद अब सिंडीकेट ने लहसुन के दाम बढ़ाए

# थोक में 200 से कम, चिल्हर में 350 रुपए

राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

देश में मुनाफाखोरी का जमकर खेल चल रहा है। किराना सामान से लेकर हर तरह की सामग्री में एक तरह से पूरे बाजार में सिंडीकेट बन गया है। यह सिंडीकेट एक-एक सामान को टार्गेट करके दाम बढ़ाने का काम कर रहा है। अब लहसुन का ही उदाहरण ले लें। दस माह में इसके दाम दस गुना बढ़ गए हैं। जो लहसुन इस साल फरवरी में चिल्हर में 35 रुपए किलो में बिक रहा था, वह दिसंबर में अब 350 रुपए किलो हो गया। थोक और चिल्हर के बीच में अंतर भी सौ रुपए से ज्यादा का है। चिल्हर में ज्यादा मुनाफाखोरी चल रही है।

**थोक में कीमत कम**

थोक में लहसुन क्वालिटी के हिसाब से 200 से 240 रुपए किलो है। दस साल पहले कीमत दो सौ रुपए गई थी। इतनी ज्यादा कीमत पहली बार हुई है।

- **अजय अग्रवाल,** अध्यक्ष भनपुरी थोक आलू-प्याज एसोसिएशन



**लहसुन की कीमत में लगी आग**

प्याज के बाद अब लहसुन की कीमत में बड़ी आग लग गई है। इतिहास में पहली बार चिल्हर में इसकी कीमत 350 रुपए तक पहुंच गई है। राजधानी रायपुर के अलग-अलग बाजारों में कीमत भी अलग-अलग है। शास्त्री बाजार, भाठागांव, पुरानी बस्ती के सब्जी बाजार में जहां इसकी कीमत 80 रुपए पाव है, वहीं डगनिया बाजार, महोबा बाजार में इसकी कीमत कहीं पर 80 रुपए तो कहीं पर 90 रुपए पाव है। किराना दुकानों में भी यही हाल है, कहीं इसकी कीमत 80 रुपए तो कहीं 90 रुपए पाव है।

**दाल, जीरा, तेल में भी खेल**

व्यापारी सिंडीकेट बनाकर काम कर रहे हैं। डेढ़ सौ रुपए में बिकने वाला जीरा इस साल 800 रुपए किलो तक चले गया था, अब इसके दाम कुछ कम हुआ है। जानकार कह रहे हैं कि उत्पादन इतना भी नहीं गिरा है जितनी कीमतें बढ़ गई हैं। ऐसा ही दाल और तेल की कीमतों में खेल किया गया था। दाल 80 से दो सौ रुपए तक बढ़ाई गईं थी। व्यापारी एक एक करके चीजों के दाम बढ़ा रहे हैं। लेकिन उत्पादन अधिक होने के बाद भी उनकी कीमतें उतनी कम नहीं होती हैं जितनी बढ़ा दी जाती हैं।

## शुक्र हुआ अस्तः खरमास लगने से 14 जनवरी तक नहीं होंगे विवाह

### 2024 में कुल 76 विवाह मुहूर्त श्रेष्ठ रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

शुक्र के अस्त होने व शनिवार से खरमास से शुरू हो गए। जो 14 जनवरी तक चलेंगे। इस एक महीने विवाह समारोह नहीं होंगे। ज्योतिषियों के अनुसार वर्ष 2024 में कुल 76 विवाह मुहूर्त श्रेष्ट रहेंगे। इस वर्ष मई और जून माह में शुक्र अस्त होने के कारण विवाह आयोजन नहीं होंगे। वहीं शुक्र के उदित होने के बाद ही जुलाई में मुहूर्त शुरू होंगे।

ऐसी स्थिति साल 2000 में भी बनी थी। तब भी मई और जून में विवाह मुहूर्त नहीं थे। दरअसल यहां बता दें वर्ष-2023 में 81 दिन विवाह मुहूर्त थे, जबकि आगामी साल 2024 में मांगलिक कार्यों के लिए कुल 76 दिन शुभ मुहूर्त हैं। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि दिसंबर महीने में सिर्फ नौ दिन ही श्रेष्ठ मुहूर्त थे। अब इस महीने विवाह नहीं होंगे। खरमास 16 दिसंबर से 14 जनवरी तक रहेगा। इस वजह से विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं होंगे। नए वर्ष में सबसे ज्यादा मुहूर्त फरवरी महीने में हैं। इस महीने में कुल 20 दिन विवाह के लिए श्रेष्ठ रहेंगे। वहीं सबसे कम अप्रैल में है। अप्रैल महीने में सिर्फ छह दिन मांगलिक कार्य होंगे। विवाह आयोजनों को लेकर जिलेभर में तैयारियां की जा रही हैं। इसके चलते क्षेत्र के व्यापार में भी काफी तेजी देखने को मिल रहा है। व्यापारियों ने भी विवाह आयोजन से अच्छे कारोबार की उम्मीदें लगाई हैं।

### एक्सिस बैंक की इंडिया इकॉनमिक एंड मार्केट आउटलुक 2024 रिपोर्ट पेश

## भारत के जीडीपी का पूर्वानुमानों से बढ़कर प्रदर्शन होगा, मुद्रास्फीति लक्ष्य पर लौटेगी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री नीलकंठ मिश्रा ने बैंक की भारत आर्थिक और बाजार आउटलुक 2024 रिपोर्ट में कहा है कि ऐसे पॉजिटिव सरप्राइज लगातार दिए जाते रहेंगे, जो ट्रेंड-विकास धारणाओं को नए सिरे से ऊपर उठाने में सहायक होंगे और भारत के जीडीपी पूर्वानुमानों से बढ़कर प्रदर्शन होगा। दुनिया की प्रतिकूल परिस्थितियां बढ़ने से वित्त वर्ष 2025 में विकास में गिरावट आ सकती है।मिश्रा और सह-लेखक तनय दलाल एवं प्रतीक अंचा ने भी आगाह किया है कि जहां मुख्य मुद्रास्फीति में कमी आई है, वहीं अस्थिर खाद्य मुद्रास्फीति बने रहने की संभावना है। एक्सिस बैंक को उम्मीद है कि मुख्य मुद्रास्फीति धीमी गति से बनी रहेगी, क्योंकि महामारी से पहले के मुकाबले जीडीपी का अंतर कम हो रहा है, लेकिन अभी भी 1.3 साल की वृद्धि दर पर है। सेवा मुद्रास्फीति में नरमी श्रम बल में कमी को दर्शाती है, जो कि इस प्रवृत्ति का प्रमाण है।

राजकोषीय अनुशासन, बुनियादी ढांचे का निर्माण और पूंजीगत व्यय में बढ़ोतरी भी समय के साथ योगदान देगी। कोर, वर्तमान में 4 फीसदी लक्ष्य से काफी नीचे एनुअलाइज कर रहा है।

हालांकि वैश्विक कारक (जैसे सोना) और आवास किराए में मजबूती इसे बढ़ा सकती है। हालांकि नीतिगत चुनौती खाद्य मुद्रास्फीति में अस्थिरता से आएगी, जिससे अगले वर्ष के अधिकांश समय में मुद्रास्फीति लक्ष्य के मध्य-बिंदु से ऊपर रहेगी। वैश्विक जोखिम कम होने पर 25-30 बीपीएस दर वृद्धि के बराबर सीमित तरलता की स्थिति कम हो सकती है। अगर सरकार वित्त वर्ष 2026 में 4.5 फीसदी राजकोषीय घाटे पर कायम रहती है, तो बॉन्ड यील्ड भी कम हो सकती है।

### एचडीएफसी बैंक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन का समझौता

मुंबई। एचडीएफसी बैंक और इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) ने नए स्नातक दंत चिकित्सकों को अपनी दंत चिकित्सा पद्धतियां स्थापित करने के लिए निर्बाध और परेशानी मुक्त फंडिंग की पेशकश करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे देश में मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इस पहल के तहत दिए गए ऋण की गारंटी सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) द्वारा दी जाएगी, जो भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) की एक संयुक्त पहल है।

## बिना कोचिंग का सहारा लिए विद्यार्थी परीक्षा पास ही नहीं कर सकता

भोपाल। आईएएस, आईपीएस समेत किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग करना जरूरी नहीं है। कोचिंग संचालक और उद्योगपतियों द्वारा ऐसा महौल निर्मित किया गया है कि बिना कोचिंग का सहारा लिए विद्यार्थी कोई परीक्षा पास ही नहीं कर सकता, जबकि ऐसा नहीं हैं। कोचिंग से एक सिस्टम और अनुशासन मिलता। इसके साथ ही उसे शिक्षकों के अनुभव का सीधा लाभ मिलता है पर ऐसा नहीं है कि कोचिंग किए बिना या सेल्फ स्टडी से वह कोई परीक्षा नहीं निकाल सकता। यह कहना है शिक्षाविद् और मोटीवेशनल स्पीकर अवध ओझा का। आरएनटीयू द्वारा विश्वरंग के अंतर्गत आयोजित युवा उत्सव में हिस्सा लेने भोपाल आए अवध ओझा ने हरिभूमि से चर्चा में कहा कि आज इतिहास के पाठ्यक्रम में बदलाव की बात हो रही है, जो सही नहीं। वास्तविक इतिहास चाहे मुगलों का हो या अंग्रेजों का, राज्य संचालन और सत्ता चलाने के गुर, राजनीति, कूटनीति, विदेश नीति आदि उन्हीं से बेहतर तरीके से सीखी जा सकती है।



**एग्जाम की तैयारी हो या अन्य कोई काम, पहले रिसर्च करना फिर करना**

यूपीएससी की तैयारी में कई बच्चे अपने जीवन के 6-8 साल दे देते हैं। अंत में सिलेक्शन न होने पर उनके कॅरियर में कुछ करने को नहीं रह जाता है। मैं किसी को यूपीएससी की तैयारी करने से मना नहीं करता, लेकिन उन्हें सिर्फ दो अटेंप्ट ही देना चाहिए। एग्जाम की तैयारी हो या जीवन का अन्य कोई भी काम, पहले रिसर्च करना और स्थिति को समझना जरूरी है। आज स्टार्टअप्स का दौर है, युवा सेल्फ डिपेंडेंट और क्रिएटिव बनने का प्रयास करें।

**जब एग्जाम नहीं निकाल पाया तो तानों की बरसात हुई**

किसी भी आम स्टूडेंट की तरह मेरा जीवन भी स्ट्रगल से भरा रहा है। परंतु मेरे पिताजी ने उत्साह और हिम्मत मुझे शुरुआत से दी थी। मैं दिल्ली तैयारी करने गया था, लेकिन जब एग्जाम नहीं निकाल पाया तो तानों की बरसात हुई। मुझे गांव में 'कमिश्नर कहा जाता था, लेकिन आज वे ट्रांसफर सहित अपने दूसरे कामों के लिए मुझे याद करते हैं। जब भी कुछ बड़ा करने का प्रयास करोगे या लंबी छलांग मारोगे तो दो ही नतीजे होंगे। जीत गए तो नीरज चोपड़ा और हार गए तो रोहित शर्मा। आज का यूथ ताली सुनने को तैयार है, लेकिन गाली के लिए नहीं।

**जो भी सत्ता में आता है वह चाहता है, समाज उसका दर्शन फॉलो करे**

इतिहास पर काफी बहस होती है, लेकिन जो भी सत्ता में आता है वह चाहता है समाज उसका दर्शन फॉलो करे। यदि कल के दिन वामपंथी सत्ता में आ गए तो एमएन रॉय इस देश के हीरो बन जाएंगे। हिस्ट्री सही या गलत नहीं होती, क्योंकि उसे कोई न्यूट्रल पर्सन नहीं लिखता। इतिहास विजेताओं के द्वारा लिखा जाता है। मुगलों ने देश को जीता और राज कायम किया। उनकी कुछ चीजें सीखने लायक हैं।

## नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन अब 31 तक

भोपाल। शैक्षिणिक वर्ष 2023-24 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना में लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र प्री-मैट्रिक छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर 31 दिसंबर कर दिया है। योजना में प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइड और लोह मैंग्नीज आयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शैक्षिणिक संस्थाओं में अध्ययनरत पूत्र-पूत्रियों को वित्तीय सहायता योजना में कक्षा -एक से उच्च शिक्षा गृहण करने पर अधिकतम 25 हजार रूपये स्वीकृत की जाती है।

## भारत में घुसपैठ की फिराक में लॉन्च पैड पर 250 आतंकी, सेना अलर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर सीमा पार से आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों से सूचना मिलने के बाद बीएसएफ ने अलर्ट जारी कर दिया है। बीएसएफ के एक शीर्ष अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पाक सीमा से लगभग 250 से 300 आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। सीमा पार लॉन्चपैड पर ये आतंकवादी मौजूद हैं। अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों को अलर्ट कर दिया गया है। सीमा पार से घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। बीएसएफ के महानिरीक्षक अशोक यादव ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में मीडिया से

■ पाकिस्तान की एक और हरकत का खुलासा



बातचीत के दौरान कहा कि खुफिया जानकारी है कि 250-300 आतंकवादी लॉन्च पैड पर इंतजार कर रहे हैं। लेकिन हम और सेना सभी संवेदनशील इलाकों पर हावी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर सीमा पार से आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने की फिराक में हैं। खुफिया एजेंसियों से सूचना मिलने के बाद बीएसएफ ने अलर्ट जारी कर दिया है।

### बैंक लॉकर एग्रीमेंट रिन्यू की तिथि 31 तक

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 31 दिसंबर 2023 की अंतिम तारीख के साथ बैंक लॉकर एग्रीमेंट के लिए फेज में रिन्यूवल प्रोसेस अनिवार्य कर दी है। जिन अकाउंट होल्डर्स ने 31 दिसंबर 2022 को या उससे पहले बैंक लॉकर एग्रीमेंट जमा किया था, उन्हें एक रिवाइज एग्रीमेंट साइन करके अपनी संबंधित बैंक ब्रांच में जमा करना होगा। लॉकर एलॉटमेंट के समय, बैंक ग्राहक के साथ एक एग्रीमेंट करते हैं, जिस पर दोनों पक्ष साइन करते हैं। बैंक ऑरिजिनल एग्रीमेंट को उस ब्रांच में रखता है जहां लॉकर स्थित है, जबकि लॉकर किराए पर लेने वाले को एक डुप्लिकेट कॉपी देता है। वैसे बैंक एग्रीमेंट के रिन्यूवल के लिए नोटिफिकेशन भेजता है लेकिन फिर भी यदि आपको अपने एग्रीमेंट के रिन्यूवल के बारे में पता नहीं हैं, तो लेटेस्ट जानकारी प्राप्त करने के लिए कस्टमर केयर के माध्यम से या ब्रांच में जाकर अपने बैंक से संपर्क करें।

### बिमटेक में पीजीडीएम के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली। ग्रेटर नोएडा में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (बिमटेक) ने अपने दो साल के पूर्णकालिक पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट 2024 कार्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा एमबीए कार्यक्रम के समकक्ष डिप्लोमा, एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित और नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडेशन द्वारा मान्यता प्राप्त है। बिमटेक को अमेरिका स्थित अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त निकाय, एसोसिएशन टू एडवांस कॉलेजिएट स्कूल ऑफ बिजनेसद्वारा भी मान्यता प्राप्त है। जिसे प्रबंधन शिक्षा में गोल्ड स्टैंडर्ड माना जाता है। इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता के साथ, संस्थान अब विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त शीर्ष बी-स्कूलों की आइवी लीग में शामिल हो गया है। इसके अतिरिक्त, बिमटेक ईएफएमडी, ब्रुसेल्स से बीएसआईएस (बिजनेस स्कूल इम्पैक्ट सिस्टम) लेबल प्राप्त करने वाला पहला भारतीय बी-स्कूल है।

## आरडीसी-2024 मप्र-छग दल के लिए एनसीसी कैडेट्स का चयन

भोपाल। अतिरिक्त महानिदेशक मप्र-छग निदेशालय मेजर जनरल एके महाजन और अधिकारियों की एक टीम द्वारा आरडीसी-2024 मप्र-छग दल के लिए एनसीसी कैडेटों का चयन किया गया। चयन भोपाल स्थित मैनिट कैंपस में 1 एमपी सीटीआर एनसीसी ग्रुप भोपाल द्वारा चलाए जा रहे प्री आरडीसी कैंप में किया गया। चयनित कैडेटों ने ड्रिल, फ्लैग एरिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया।अंत में, कैडेटों को संबोधित करते हुए, एडीजी मेजर जनरल एके महाजन ने प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस शिविर नई दिल्ली 2024 के लिए स्थान हासिल करने के लिए चयनित कैडेटों को बधाई दी और उनमें से प्रत्येक को एमपी और सीजी निदेशालय ध्वज को ऊंचा फहराने के लिए अपनी क्षमता का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** — परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**धनु** — मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** — आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकनि परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** — खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** — कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 5367



**बाएँ से दाए**
1.असभ्यता,मूर्खता-4
3.निर्भय,बहादुर-3
5.प्याला-2
6.सहारा,शरण-3
7.मां का भाई-2
9.साठ वर्ष की अवधि-3
11.परतंत्रता,गुलामी-5
14.दानव,दैत्य-3
16.लूटपाट-4
17.वाद्य यंत्र-2
18.परछाई,छाया-2
19.आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23.जंगल,वन-3
24.सेंधमार-5
27.गजल लिखने वाला-3
28.मोटा आटा,सूजी-2
30.गुलिस्तां,बाग-3
31.एक ग्रह,शनिश्चर-2
32.दबाना,कुचलना-3
33.रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1.मंत्रों का पाठ-2
2.उद्देश्यहीन-4
3.अनूठा,अनोखा-3
4.लक्ष्मी,कमला-2
5.खीजना,रोना-4
6.एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8.दक्ष,होशियार-3
10.जमीकंद,एक सब्जी-3
12.धैर्य,संयम-3
13.अस्थमा-2
15.एक गायिका-3
17.वर्षा ऋतु-3
18.महोदय-3
20.पैंदा,तला-2
21.पुत्र,बेटा-3
22.अवमानना-4
23.नास्तिक (उर्दू-3)
25.करामात-4
26.प्रतिज्ञा-3
27.ठाठ-बाट-2
29.अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31.तीर,बाण-2

**शब्द पहेली - 5366 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5377

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5376 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |



# बघीरा का जबर्दस्त टीजर रिलीज...

**मुंबई।** होमबेल फिल्म्स, भारतीय फ़िल्म इंडस्ट्री में सबसे अच्छे कंटेंट निर्माता में से एक है। उन्होंने फैंस और दर्शकों को केजीएफ चैप्टर 1 और 2 और वैश्विक संसेशन कंटारा जैसे विविध कंटेंट के साथ एंटरटेन किया है। अब प्रोडक्शन हाउस ने अपने फिल्मोग्राफी के खजाने से एक और रोमांचक प्रोजेक्ट के टीजर से पर्दा उठाया है और उन्होंने अपने अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट "बघीरा" का टीज़र लॉन्च किया है। बघीरा के एक मिनट 26 सेकंड लंबे एक्शन-पैक्ड टीजर को रिलीज किया, जो हमें फिल्म की दुनिया की एक दृष्टि प्रदान करता है।

लाइफ Style



# आलिया

## बेटी राहा को छोड़ना आसान नहीं

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा के सेपरेशन एंग्जाइटी पर खुलकर बात की है और बताया है कि कैसे उनके लिए अपनी खुशियों को छोड़ना कभी आसान नहीं होता।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आलिया और एक्टर रणबीर कपूर ने 14 अप्रैल 2022 को मुंबई में अपने वास्तु अपार्टमेंट वाले घर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की। नवंबर 2022 में उनके घर में बेटी राहा का जन्म हुआ। एक्ट्रेस आलिया ने अपने फैंस के साथ 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन किया। एक यूजर ने पूछा, क्या आप अभी भी राहा के लिए सेपरेशन एंग्जाइटी महसूस करते हैं। आलिया ने फैन को जवाब देते हुए कहा, उसे छोड़ना कभी आसान नहीं होता। लेकिन मुझे लगता है कि इसे बदलने में थोड़ा समय लगेगा। यह देखते हुए कि मेरे दूर रहने पर भी वह परिवार के साथ है, मुझे राहत महसूस कराता है। एक्ट्रेस ने अपनी बच्ची के कुछ निकनेम भी साझा किए, राहु, रारा लॉलीपॉप। इसके अलावा, एक फैन ने उनसे पूछा, आप चिंता से कैसे निपटती हैं? उन्होंने कहा, हम सभी में कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जो हमारी चिंता को बढ़ा सकती हैं, उदाहरण के लिए मैं खुद को किसी अचानक बदलाव या ऐसी स्थिति से बहुत परेशान हो जाती हूं, जिस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। लेकिन मुझे यह समझने में काफी समय लग गया। आलिया ने आगे कह, कभी-कभी आप जो महसूस करते हैं उसे नियंत्रित करने की कोशिश करना फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचाता है।

हॉलीवुड मसाला



# स्टनिंग लुक से बांधा समा

**लॉस एंजेलिस।** एलेसेंड्रा एम्ब्रोसियो हॉलीवुड की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती है। हाल ही में इस सुपरमॉडल को मियामी में एक पार्टी को अटैंड करते हुए स्पॉट किया गया, जहां वह अपने लुक से लोगों का खूब ध्यान खींचती नजर आईं। पार्टी से एक्ट्रेसेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एक्ट्रेस इस दौरान ऑफ व्हाइट सीक्विन्ड मिनीड्रेस में काफी स्टनिंग दिखीं।




# द कर्स ओटीटी पर 29 को होगी रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी सीरीज द कर्स अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। यह आठ एपिसोड का एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर शो है। 'द कर्स' 29 दिसंबर को लायंसगेट प्ले पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्देशन नाथन फील्डर, नाथन ज़ेलनर और डेविड ज़ेलनर ने किया है। एम्मा स्टोन बेनी सफ़ी, हिकमा वारसेम, क्रिस्टोफर डी काल्डेरन, बरखाद आब्दी, सिडनी और सामंथा एशले के साथ अभिनय किया हैं। द कर्स सीरीज़ की कहानी तब शुरू होती है जब एशर और व्हिटनी की शादी को एक साल हो चुका है और दोनों उत्तरी न्यू मैक्सिको के एस्पनोला शहर में रहते हैं। इस तथ्य से निराश होकर कि यह एक अत्यधिक प्रदूषित क्षेत्र है, दंपति आशेर के दोस्त डौगी शेक्टर की मदद से एक अभियान चलाते हैं।



# घूमर मेरे कॅरियर का टर्निंग पाइंट...

**मुंबई।** बॉम्बे बेगम्स, हड्डी जैसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस और कोरियोग्राफर इवांका दास ने अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर स्टारर फिल्म 'घूमर' को अपने करियर का महत्वपूर्ण मोड़ बताया और उनका मानना है कि इसमें शानदार स्क्रीन टाइम बिताने के लिए मैं आभारी हूं। इवांका ने कहा कि जहां उनके सभी प्रोजेक्ट उनके दिल के करीब रहे हैं, वहीं 'घूमर' उन्हें सबसे ज्यादा पसंद है। वह कहती हैं कि इससे उनके लिए बहुत सी चीजें बदल गईं। इवांका ने कहा, मेरा सबसे प्रमुख प्रोजेक्ट घूमर है और मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। 'घूमर' मेरी पहली फिल्म नहीं है। मैंने पहले भी काम किया है, लेकिन मैं आभारी हूं और 'घूमर' में मुझे बहुत अच्छा स्क्रीन टाइम मिला है। यह बहुत अच्छा था और जो कुछ भी मेरे रास्ते में आ रहा है उसके लिए मैं आभारी हूं।



# शूटिंग के दौरान हुए वरुण घायल...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपने बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट वीडी 18 की शूटिंग में बिजी हैं। अभिनेता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक तस्वीर साझा की है। वीडी 18 की शूटिंग के वक्त वरुण धवन एक बार फिर खुद को घायल कर लिया है। उनका पैर सूजा नजर आ रहा है। साथ ही पैर पर लाल घाव का निशान भी दिखाई दे रहा है। वरुण ने खुलासा किया है कि लोहे की रॉड से पैर टकराने के बाद वह घायल हो गए हैं। वरुण धवन ने अगस्त में वीडी 18 की शूटिंग शुरू कर दी थी। फिल्म का निर्देशन कलीस कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी और एटली द्वारा किया जाएगा। एक्टर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ अपडेट शेयर करते रहते हैं।

## रुबीना ने जुड़वा बेटियों को दिया जन्म..?

**मुंबई।** टीवी अदाकारा रुबीना दिलैक और अभिनव शुक्ला अपनी लाइफ में एक



कदम आगे बढ़ने की तैयारी में हैं। फैंस को जब से पता चला था कि रुबीना मां बनने वाली हैं, सभी बेहद खुश हो गए थे, और अब सभी को गुड न्यूज का इंतजार है। खबर आ रही है कि रुबीना और अभिनव पेरेंट्स बन गए हैं। लेकिन इस बात का खुलासा अभी एक्ट्रेस की ओर से नहीं हुआ है। हालांकि इस बात की जानकारी एक्ट्रेस की पायलट ट्रेनर ने की और बताया कि रुबीना ने दो जुड़वा बेटियों को जन्म दिया है। बाद में इस पोस्ट को डिलीट कर दिया गया। ऐसे में अभी तक इस बात की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।


## 'पुष्पा- द राइज' के दो साल पूरे, रश्मिका ने जताया आभार

**मुंबई।** अपनी फिल्म 'पुष्पा-द राइज' की रिलीज के रविवार को दो साल पूरे होने पर, श्रीवल्ली के रूप में अपने परफॉर्मेंस से सुर्खियां बटोरने वाली एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने कहा कि वह आभारी हैं। रश्मिका ने कहा, 'पुष्पा- द राइज' की रिलीज के दो अविश्वसनीय वर्ष पूरे होने पर हम शब्दों से परे आभारी हैं। आप सभी के प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, जो मुझे हमेशा आपसे मिला है। यह वास्तव में बहुत ही अवास्तविक लगता है। एक्ट्रेस, जो ब्लॉकबस्टर 'एनिमल' का भी हिस्सा हैं, ने अपने किरदार गीतांजलि के बारे में उल्लेख किया और कहा कि ये दो भूमिकाएं उनके लिए वास्तव में खास हैं। उन्होंने कहा, श्रीवल्ली से गीतांजलि तक, किरदार मेरे दिल के सबसे करीब हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, रश्मिका वर्तमान में 'पुष्पा 2 - द रूल' की शूटिंग कर रही हैं, इसके अलावा उनके पास डी-51, द गर्लफ्रेंड, रेनबो और चावा भी हैं। 'पुष्पा द राइज' ने महामारी के बाद बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। फिल्म ने 365 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। इसके साथ ही फिल्म साल 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई थी। इसमें रश्मिका के किरदार को बहुत सराहा गया था।



## शांतनु से अलग हुईं सारा की राहें...

**मुंबई।** ग्लैमर वर्ल्ड में रिश्ते बनते और बिगड़ते देर नहीं लगती। अब तक इंडस्ट्री से



कई ऐसे कपल्स हैं, जो एक दूजे संग कई सालों तक रिलेशन में रहने के बाद अलग हो गए। अब हाल ही में टीवी इंडस्ट्री की एक और खूबसूरत जोड़ी का अंत हो गया है। एक्ट्रेस सारा अली खान का उनके बॉयफ्रेंड शांतनु राजे से ब्रेकअप हो गया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी है। सारा खान ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर अपने ब्रेकअप की घोषणा करते हुए लिखा, आपसी सहमति से मैंने और मेरे पार्टनर ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला कर लिया है।

## श्रुति ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई।** अभिनेत्री श्रुति हासन इन दिनों अपनी आगामी पैन इंडिया एक्शन फिल्म को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रुति ने शराब के सेवन करने के बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किया है। श्रुति ने शराब का सेवन न करने को लेकर कहा कि उन्हें कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आठ साल से शराब का सेवन नहीं कर रही हूं, इसलिए मैं शांति से अपनी लाइफ जी रही हूं। लेकिन जब आप शराब नहीं पी रहे हों, तो पार्टी में लोगों को बर्दाश्त कठिन हो जाता है। हालांकि, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं है कि मैं कोई हैंगओवर नहीं कर रही हूं। श्रुति ने उन दिनों के बारे में बताया जब उन्हें शराब और पार्टी करने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, मैंने कभी ड्रग्स का सेवन नहीं किया है।



## तृप्ति की जिंदगी में मिस्ट्री मैन की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस वक्त वेंडिंग सीजन का लुत्फ उठा रही हैं। खुद एक्ट्रेस अपने इंस्टाग्राम पर अपनी एक से बढ़कर एक फोटो फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। दरअसल फोटो में एक्ट्रेस किसी मिस्ट्री मैन के साथ नजर आ रही हैं। फिर क्या था, फोटो देखते ही फैंस ने एक्ट्रेस के रिलेशनशिप स्टेटस पर सवाल खड़े करना शुरू कर दिया। लोगों ने तो ये तक दावा कर दिया कि एक्ट्रेस इस मिस्ट्री मैन को डेट कर रही हैं। बता दें कि जिस शख्स के साथ एक्ट्रेस नजर आ रही हैं उनका नाम सैम मर्चेंट है। सैम ने अपने करियर की शुरुआत मॉडल के तौर पर की थी। यही नहीं सैम ने साल 2002 में ग्लैडरैग्स मैनहंट कॉम्पिटीशन में खिताब भी जीता था। अब सैम गोवा में अपने खुद का क्लब और होटल रन कर रहे हैं।



# उभरते सितारे : 2024 में ये नए कलाकार करेंगे अपना डेब्यू

***मुंबई।** जैसा कि हम 2024 की सिनेमाई पेशकशों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, नए चेहरों की एक लहर सिल्वर स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है, जो अपनी प्रतिभा और करिश्मा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का वादा करती है। आइए भारतीय सिनेमा की दुनिया में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार कुछ रोमांचक नवोदित कलाकारों पर करीब से नज़र डालें।*

### शनाया कपूर - वृषभ



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर बहुप्रतीक्षित फिल्म वृषभ से अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अपनी वंशावली और अभिनय के प्रति स्पष्ट जुनून के साथ, शनाया से बड़े पर्दे पर एक अनोखा आकर्षण लाने की उम्मीद है।

### राशा थडानी - अभिषेक कपूर की अनाम फिल्म




अभिषेक कपूर के आगामी प्रोजेक्ट में अमन देवगन के साथ राशा थडानी भी शामिल होंगी। एक अनुभवी निर्देशक के मार्गदर्शन में इन नवोदित कलाकारों का सहयोग एक ऐसी फिल्म का संकेत देता है जो प्रतिभा और शिल्प कौशल के मिश्रण से विविध दर्शकों को पसंद आ सकती है।

### इब्राहिम अली सरज़मीन



पटौदी-खान परिवार की विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इब्राहिम अली खान ₹सरजमीन₹ से अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। देशभक्ति की भावना जगाने वाले शीर्षक के साथ, यह फिल्म इब्राहिम को राष्ट्रीय पहचान के विषयों की खोज करते हुए अपनी अभिनय क्षमता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान कर सकती है।

### पश्मीना रोशन - इश्क विश्क रिबाउंड और हीरो नं. 1 टाइगर श्रॉफ के साथ



प्रतिष्ठित रोशन परिवार से आने वाली पश्मीना दोहरी शुरुआत के लिए तैयार हो रही हैं। उनका पहला उद्यम, ₹इश्क विश्क रिबाउंड₹, एक रोमांटिक यात्रा का वादा करता है, जबकि टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी अनाम फिल्म उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है।

जैसे-जैसे रिलीज की तारीखें नजदीक आ रही हैं, सिनेप्रेमी निस्संदेह इन होनहार सितारों के उद्भव और उनके द्वारा बड़े पर्दे पर जीवंत की जाने वाली अनूठी कहानियों को देखने के लिए उत्साहित हैं। अपने उद्यमों को समर्थन देने वाले स्थापित नामों के साथ, ये नवोदित कलाकार बॉलीवुड के भविष्य को आकार देने और दर्शकों के दिलों पर एक अमिट छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

# वनडे : 200 गेंद बाकी रहते सिर्फ 17 ओवर में जीती टीम इंडिया

# भारत आठ विकेट से जीता, अर्शदीप और आवेश की आंधी में उड़ा अफ्रीका

अर्शदीप और आवेश ने चटकाए 9 विकेट



**अर्शदीप सिंह**
प्लेयर ऑफ द मैच
05 विकेट
37 रन
00 मेडन
10 ओवर

### अर्शदीप 5 विकेट लेने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने दक्षिण अफ्रीका में इतिहास रच दिया। उन्होंने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में सनसनीखेज गेंदबाजी की। अर्शदीप ने 37 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। वह दक्षिण अफ्रीका में एक वनडे मैच में पांच विकेट लेने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य रिकॉर्ड भी बनाए। अर्शदीप और आवेश की तेज गेंदबाजी जोड़ी ने कुल नौ विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी वनडे मैच में भारत के तेज गेंदबाजों का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले 1993 में भारतीय तेज गेंदबाजों ने मोहाली में आठ विकेट लिए थे। 2013 में सेंचुरियन में भी तेज गेंदबाजों को कुल आठ सफलता मिली थी।

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आवेश खान की शानदार गेंदबाजी से पहले एकदिवसीय में रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका की पारी को सस्ते में समेटने के बाद 200 गेंद बाकी रहते आठ विकेट की प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त ले ली। अपने शुरुआती तीन वनडे में एक भी विकेट लेने में विफल रहे अर्शदीप ने 10 ओवर के कोटे में 37 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि आवेश ने आठ ओवर में 27 रन पर चार विकेट चटकाए। एक सफलता कुलदीप यादव को मिली।

विश्व कप के बाद अपना पहला एकदिवसीय खेल रहे भारत ने 27.3 ओवर के अंदर महज 116 रन पर दक्षिण अफ्रीका की पारी को समेटने के बाद सिर्फ 16.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### दक्षिण अफ्रीका की पारी 28 ओवर में केवल 116 रन पर सिमटी

राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण कर रहे साई सुदर्शन ने लक्ष्य का पीछा करने के दौरान अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित करते हुए 43 गेंद में नौ चौके की मदद से नाबाद 55 रन बनाए। उन्होंने श्रेयस अय्यर के साथ दूसरे विकेट के लिए 73 गेंद में 88 रन की साझेदारी की। अय्यर ने 45 गेंद की पारी में छह चौके और एक छक्के की मदद से 52 रन बनाए।



### साई सुदर्शन का डेब्यू

भारत से लेफ्ट हैंड बैटर साई सुदर्शन को डेब्यू का मौका मिला। वह ऋतुराज गायकवाड के साथ ओपनिंग करने उतरे। टीम में संजू सैमसन और तिलक वर्मा को भी मौका मिला। गेंदबाजों में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की स्पिन जोड़ी के साथ अर्शदीप सिंह, आवेश खान और मुकेश कुमार के रूप में 3 पेसर्स शामिल किए गए।

### 16 रन में गंवाए 5 विकेट

साउथ अफ्रीका का स्कोर 7.4 ओवर में 42 रन पर 2 विकेट था। लेकिन टीम ने अगले 16 ही रन जोड़ने में 5 विकेट गंवा दिए और 13 ओवर के बाद स्कोर 58/7 हो गया। साउथ अफ्रीका से टोनी डी जॉर्जी, हेनरिक क्लासन, एडेन मार्करम, वायन मुल्डर और डेविड मिलर आउट हुए। शुरुआती 10 ओवर में साउथ अफ्रीका को चारों झटके अर्शदीप सिंह ने दिए। वहीं 11वें के बाद आवेश ने भी 4 विकेट झटक लिए।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रीजा हेंड्रिक्स बो अर्शदीप | 00 | 08 | 0 | 0 |
| जोरजी का राहुल बो अर्शदीप | 28 | 22 | 2 | 2 |
| रासी वैन पगबाधा अर्शदीप | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एडेन मार्कराम बो आवेश | 12 | 21 | 2 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो अर्शदीप | 06 | 09 | 1 | 0 |
| मिलर का राहुल बो आवेश | 02 | 07 | 0 | 0 |
| मुलडर पगबाधा आवेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| एंडिले पगबाधा अर्शदीप | 33 | 49 | 3 | 2 |
| केशव का गायकवाड़ बो आवेश | 04 | 07 | 1 | 0 |
| नान्द्रे बर्गर बो कुलदीप | 07 | 32 | 0 | 0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 11 | 08 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 13, कुल : 27.3 ओवर में 116/10
गेंदबाजी : मुकेश 7-0-46-0, अर्शदीप 10-0-37-5, आवेश 8-3-27-4, कुलदीप 2.3-0-3-1.

| भारत दूसरी पारी : | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ऋतुराज पगबाधा मुलडर | 05 | 10 | 1 | 0 |
| साई सुदर्शन नाबाद | 55 | 43 | 9 | 0 |
| अय्यर का मिलर बो फेहलुकवायो | 52 | 45 | 6 | 1 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 01 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 16.4 ओवर में 117/2
गेंदबाजी : बर्गर 5.4-1- 35-0, मुलडर 4-0-26-1, महाराज 3-0-19-0, शम्सी 3-0-22-0, फेहलुकवायो 1-0-15-1.

## खबर संक्षेप



### भारतीय महिला टीम बेल्जियम से हारी

**वेलेंसिया।** भारतीय महिला हॉकी टीम का पांच देशों के टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और उसे अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की यह लगातार दूसरी हार है। वह अपने पहले मैच में स्पेन से 2-3 से हार गई थी। बेल्जियम की तरफ से एंब्रे बैलेन्घियेन (22वें मिनट) और लुईस वर्सावेल (37वें) ने गोल किए। शनिवार को खेले गए इस मैच में भारत की तरफ से एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के (56वें) ने किया। भारतीय टीम अपना अगला मैच 19 दिसंबर को जर्मनी के खिलाफ खेलेगी।

### मनीष की गेंदबाजी संदिग्ध, लगा बैन



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के लिए 19 दिसंबर को दुंबई में खिलाड़ियों का ऑक्शन आयोजित किया जाएगा। बीसीसीआई ने ऑक्शन से पहले गेंदबाजों के संदिग्ध एक्शन की लिस्ट फ्रेंचाइजियों को सौंपी है। भारतीय बल्लेबाज मनीष पांडे की गेंदबाजी एक्शन को बीसीसीआई ने पूरी तरह से संदिग्ध मानते हुए बैन कर दिया है। इसके अलावा अलावा कर्नाटक के केएल श्रीजित को भी गेंदबाजी एक्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। संदिग्ध लिस्ट में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के चिराग गांधी, हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के गुलेरिया, केरल क्रिकेट एसोसिएशन के रोहन कुन्नुमल और सलमान निजार, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के तनुश कोटियन, विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन के सौरभ दुबे और अर्पित के नाम शामिल हैं।

### कुछ मैचों की मेजबानी के बारे में सोचे भारत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के आंतरिक सर्कुलर के अनुसार देश में फुटबॉल की संचालन संस्था सऊदी अरब में



होने वाले 2034 फीफा विश्व कप के कुछ मैचों की मेजबानी की योजना पर विचार कर रही है। पिछले महीने फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने 31 अक्टूबर की समय सीमा समाप्त होने के बाद पुष्टि की थी कि सऊदी अरब 2034 विश्व कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने वाला एकमात्र देश है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ की 18 अक्टूबर को हुई आपात कांग्रेस में सऊदी अरब की दावेदारी का समर्थन किया गया था।

### एबेन्यो और केबेडे ने जीते कोलकाता 25के खिताब




**कोलकाता।** कीनिया के डेनियल सिमियू एबेन्यो और इथियोपिया की सुटुमे असेफा केबेडे ने रविवार को यहां टाटा स्टील कोलकाता 25के (25 किमी) में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में नया मीट रिकॉर्ड बनाते हुए खिताब अपने नाम किये। इबेन्यो ने एक घंटे 11 मिनट और 13 सेकेंड का समय निकालकर साथी कीनियाई एथलीट लियोनार्ड बारसोटोन्स के एक घंटे 12 मिनट 49 सेकेंड के रिकॉर्ड में सुधार किया। कीनिया के विक्टर किप्रुतो टोगोम 1:12:26 के समय से दूसरे और इथियोपिया के डेमेके 1:13:36 के समय से तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं के वर्ग में इथियोपिया की यालेमजर्फ येहुआलॉ खिताब जीतने की प्रबल दावेदार थीं लेकिन केबेडे 1:18:47 के समय से पहला स्थान हासिल करने में सफल रहीं। येहुआलॉ ने 1:19:26 के समय से दूसरा और कीनिया की बेटी चेपकेमोई किबेत ने 1:21:43 के समय से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से रौंदा, लियोन के टेस्ट में 500 विकेट

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां पर्थ की खतरनाक पिच पर पाकिस्तान को 360 रन से हरा दिया जिसमें नाथन लियोन ने 500 टेस्ट विकेट की उपलब्धि अपने नाम की। पाकिस्तान की दूसरी पारी चौथे दिन के अंतिम सत्र में 89 रन में सिमट गई जिससे उसे ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट में लगातार 15वीं शिकस्त झेलनी पड़ी। मेजबान टीम ने लंच के आधे घंटे बाद पांच विकेट पर 233 पर दूसरी पारी घोषित कर पाकिस्तान को जीत के लिए 450 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया।

हेजलवुड (13 रन देकर तीन विकेट) और स्टार्क (31 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट झटके जबकि कमिंस ने पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम (14 रन) को आउट किया जो उनकी गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। लियोन ने फहीम अशरफ को पगबाधा के रैफरल में सफलता हासिल कर अपने 500वें विकेट की उपलब्धि हासिल की जिसके बाद सभी खिलाड़ियों ने उन्हें गले लगा लिया। उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट झटके।



501 विकेट
123 मैच
62.1 स्ट्राइक रेट

### भारत नए मानदंड गढ़ने वाला देश

**नई दिल्ली।** ओलंपियन राइफल निशानेबाज अंजुम मौदगिल का मानना है कि भारत में निशानेबाजी का स्तर दुनिया के किसी अन्य देश से काफी ऊंचा है। दस मीटर एयर राइफल में विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता अंजुम ने कहा कि भारतीय निशानेबाज घरेलू प्रतियोगिताओं में कई मौकों पर विश्व रिकॉर्ड स्कोर बेहतर कर रहे थे, जो इस बात का साफ संकेत है कि देश में यह खेल एक अलग स्तर पर पहुंच गया है। अंजुम ने यहां कर्णी सिंह निशानेबाजी परिसर में खेलो इंडिया पैरा खेलों के इतर कहा, 'भारतीय एथलीट वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर हम अपनी राष्ट्रीय चैंपियनशिप को देखें, तो कई बार स्कोर अंतरराष्ट्रीय स्कोर से भी ऊपर हो जाते हैं।'

## सतीश ओडिशा मास्टर्स के एकल और तनीषा-ध्रुव मिश्रित चैंपियन



**कटक।** भारत के सतीश कुमार करुणाकरन ने रविवार को यहां ओडिशा मास्टर्स के ऑल इंडियन पुरुष एकल फाइनल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी को हराकर अपना पहला बीडब्लूएफ सुपर 100 खिताब जीता।

मौजूदा सत्र में इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीतने वाले 22 साल के सतीश ने रोमांचक फाइनल में आयुष को 21-18, 19-21, 21-14 से हराया। तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की भारतीय जोड़ी ने भी यहां बेहद रोमांचक फाइनल में ही योंग केइ टेरी और टेन वेइ हेन जेसिका की सिंगापुर की जोड़ी को तीन गेम में हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता। बीस साल की तनीषा और 23 साल के ध्रुव ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए एक घंटे और 14 मिनट में 17-21, 21-19, 23-21 से जीत दर्ज की।

### किशन टेस्ट से बाहर भरत लेंगे उनकी जगह

**सेंचुरियन।** भारतीय टीम के मुख्य विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश रवाना हो गए हैं। कोना भरत को मुख्य टीम में शामिल किया गया है जो इस समय कप्तान के तौर पर भारत 'ए' टीम के साथ दक्षिण अफ्रीका में हैं।




भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा, 'ईशान किशन ने व्यक्तिगत कारणों से बीसीसीआई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला के लिए रिलीज किए जाने का अनुरोध किया है। इसलिए इस विकेटकीपर को टेस्ट टीम से हटा दिया गया है। पुरुष चयन समिति ने केएस भरत को उनकी जगह शामिल किया है।'

### यंग के शतक से न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 44 रन से हराया



**डुनेडिन।** विल यंग के 105 रन और टॉम लाथम के 92 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने रविवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ बारिश के कारण 30-30 ओवर के किए गए पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 44 रन से जीत हासिल की। न्यूजीलैंड ने सात विकेट पर 239 रन बनाए। बारिश के कारण डकवर्थ लुईस पद्धति से बांग्लादेश को जीत के लिए 245 रन का लक्ष्य मिला लेकिन मेहमान टीम 30 ओवर में नौ विकेट पर 200 रन ही बना सकी।

### इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से रौंदा, फिल साल्ट का शतक



**सेंट जॉर्ज।** सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद शतक की मदद से इंग्लैंड ने 223 रन के बड़े लक्ष्य को हासिल करके वेस्टइंडीज को तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में एक गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीवंत रखी। साल्ट ने 56 गेंद पर नाबाद 109 रन बनाए। इंग्लैंड ने 19.5 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 6 विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। वेस्टइंडीज ने पहले दोनों मैच जीते थे और अभी वह पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से आगे है।

## ला लिगा : बार्सिलोना ने फिर ड्रॉ खेला, एटलेटिको हारा

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में खिताब की दौड़ में पिछड़ गए हैं जबकि सेविला ने लगातार हार के कारण अपने कोच डियागो अलोंसो को बर्खास्त कर दिया है।

बार्सिलोना ने वेलेंसिया के साथ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार तीसरा मैच है जबकि बार्सिलोना जीत हासिल करने में नाकाम रहा। एटलेटिको एक अन्य मैच में एथलेटिक बिलबाओ से 2-0 से हार गया। इस जीत से एथलेटिक शीर्ष चार में जगह बनाने के करीब पहुंच गया है।



### बार्सिलोना के 17 मैच में 35 अंक

बार्सिलोना के अब 17 मैच में 35 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज गिरोना से छह और दूसरे नंबर की टीम रियल मैड्रिड से चार अंक पीछे है। इन दोनों टीम ने बार्सिलोना से एक मैच कम खेला है। एटलेटिको हार के बावजूद बार्सिलोना से एक अंक पीछे चौथे स्थान पर है। एटलेटिको के 16 मैच में 34 जबकि एथलेटिक के 17 मैच में 32 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इस बीच सेविला ने गेटाफे के हाथों 3-0 से हार झेलने के बाद अपने कोच अलोंसो को बर्खास्त कर दिया। अलोंसो के अक्टूबर में टीम से जुड़ने के बाद सेविला ने लीग में जो आठ मैच खेले, उनमें उसे जीत नहीं मिली। इस बीच चैंपियंस लीग में उसने अपने चारों मैच गंवाए।

## पाकिस्तान में हो रहे डेविस कप के लिए पांच सदस्यीय टीम घोषित

# पाक के खिलाफ भारत की अगुवाई करेंगे रामनाथन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रास कोर्ट पर होने वाले डेविस कप मुकाबले के लिए रामकुमार रामनाथन की अगुवाई में रविवार को पांच सदस्यीय टीम घोषित की जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारतीय टीम 60 वर्षों में पहली बार पाकिस्तानी धरती पर खेलने की तैयारी कर रही है। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने हालांकि सुरक्षा कारणों से पड़ोसी देश की यात्रा नहीं करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ पंचाट में अपील दायर की है, जिसका फैसला अभी आना है।

भारत ने इससे पहले आखिरी बार 1964 में पाकिस्तान का दौरा किया था और तब उसने 4-0 से जीत दर्ज की थी। भारत अभी तक पाकिस्तान से कभी नहीं हारा है। उसने पाकिस्तान के खिलाफ सभी आठ मुकाबले जीते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी मुकाबला 2019 में तटस्थ स्थल पर खेला गया था। भारत ने इस मुकाबले में भी 4-0 से जीत हासिल की थी। यह मुकाबला भी पाकिस्तान



में खेला जाना था लेकिन भारत के आग्रह पर इसे कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन और चार फरवरी को इस्लामाबाद में होने वाले मुकाबले के लिए जिस टीम का चयन किया है उसमें रामनाथन के अलावा एन श्रीराम बालाजी, युकी भांबरी, निकी कालियांदा पूनाचा और साकेत माइनेनी शामिल हैं। दिग्विजय प्रताप सिंह रिजर्व खिलाड़ी हैं।

### रामकुमार और पूनाचा एकल टेनिस खिलाड़ी

रामकुमार का सर्व और वॉली का खेल ग्रास कोर्ट के अनुकूल है। भारतीय टीम में उनके अलावा पूनाचा ही एकल खिलाड़ी हैं जबकि अन्य खिलाड़ी एटीपी टूर में केवल युगल में खेलते हैं। कप्तान रोहित राजपाल अगर भांबरी को एकल में खेलने के लिए कहते हैं तो यह हैरानी भरा फैसला नहीं होगा। यहां तक की बालाजी को भी एकल में खेलने के लिए कहा जा सकता है। भारत के चोटी के खिलाड़ी सुमित नागल और शशि कुमार मुकुंद इस मुकाबले से हट गए थे जिसमें टीम जीत दर्ज करके 2024 के सत्र में विश्व ग्रुप एक में अपनी जगह सुनिश्चित करना चाहेगी।

## रमनदीप को डब्लूबीसी इंडिया लाइट फ्लाईवेट का खिताब



**हैदराबाद।** पंजाब की रमनदीप कौर ने आठ राउंड तक चले मुकाबले में विभाजित निर्णय से हरियाणा की ममता सिंह को हराकर लाइट फ्लाईवेट डिवीजन में प्रतिष्ठित डब्लूबीसी इंडिया खिताब जीता। भारतीय मुक्केबाजी परिषद से स्वीकृत प्रतियोगिता में शनिवार को गाचीबोवली स्टेडियम में दो खिताबी मुकाबलों डब्लूबीसी इंडिया और डब्लूबीसी मिडिलईस्ट सहित कुल 10 मुकाबले हुए। शीर्ष रैंकिंग की रमनदीप ने पेशेवर वर्ग में अपने 14वें मुकाबले में अपनी ख्याति के अनुरुप प्रदर्शन किया और ममता के लगातार चार जीत के अभियान पर रोक लगाई। रमनदीप की यह पेशेवर मुक्केबाजी में 11वीं जीत है।

एक अन्य खिताबी मुकाबले में भारत के सबरी जे ने ईरान के खशैर घासेमी को सर्वसम्मत फैसले से पराजित करके डब्लूबीसी मिडिल ईस्ट खिताब अपने नाम किया।

# सीजन में पहली बार लगा ठंड का तड़का

## ठंड से दूसरी मौत, खुले आसमान के नीचे रहने वालों की आफत

**जबलपुर।** इस सीजन में पहली बार मौसम में ठंड का तड़का लगा है। पूरा अक्टूबर नवम्बर पश्चिमी विक्षोभी की गिरफ्त में निकल गया। दिसम्बर के दूसरे पखवाड़े में पारा दो दिन दहाई के अंक के नीचे रहा। रविवार को फिर पारा 10 डिग्री पर पहुंचा, लेकिन कड़ाके की ठंड का अहसास बना रहा। क्योंकि दिन का तापमान औसत से नीचे रहा। कड़ाके की ठंड खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वालों के लिये कहर बनकर टूट रही है। अभी दो दिन पहले ओमती थाना क्षेत्र के तैय्यब अली पेट्रोल पम्प के पास एक 70 साल के भिक्षुक की ठंड से मौत हो गई थी। वहीं कल रात फिर तिलवारा पुल के नीचे एक भिक्षुक की ठंड से अकड़कर मौत हो गई। ठंड के खाते में यह दूसरी मौत दर्ज हो गई। मौसम विभाग की मानें तो मौसम पूरी तरह से शुष्क है। कोई मौसमी प्रणालियां भी सक्रिय नहीं है लिहाजा अभी दो दिनों तक मौसम सर्द रहेगा। उत्तर से आ रही बर्फीली हवा से तापमान में और गिरावट आएगी और सर्दी बढ़ जाएगी। 18 दिसंबर को उत्तर भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा इसके असर से तापमान में आंशिक बढ़ोतरी की संभावना है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 23 डिग्री पर स्थिर रहा। धूप कुनकुनी रही, वातावरण में घुली ठंडक से धूप का असर कम रहा। दिन भर उत्तरी ठंडी हवा लोगों को सिहराती रही। वहीं रात होते ही सर्द हवा ने ऐसा जोर मारा कि लोग ठिठुर गए। बढ़ती ठंड से सड़क, फुटपाथ पर रहने वाले लोग सिहर उठे। अलाव की व्यवस्था न होने से पन्नी, कचरा जलाकर ठंड से बचने का प्रयास करते रहे। रात में भी बर्फीली हवा ठिठुराती रही।



### 20 के बाद चलेगी शीत लहर

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक तापमान में गिरावट का दौर जारी रह सकता है। इस दौरान ठंड बढ़ेगी और कोहरा भी छाएगा। आज से सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ का असर 20 दिसंबर तक प्रभावशील रह सकता है, लेकिन इसके बाद तेजी से तापमान में गिरावट का अनुमान है। इस दौरान उत्तर भारत की तरफ से आ रही बर्फीली हवा की रफ्तार आठ से 10 किलोमीटर प्रति घंटा हो सकती है यानी आने वाले दिनों में शीतलहर चलने की संभावना है।

### ऐसे रहे मौसम के हाल

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 10.05 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 63 प्रतिशत और सायंकाल 58 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.46 बजे और सूर्यास्त शाम 5.28 बजे हुआ। उत्तर पश्चिमी हवायें 3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे कम 9 डिग्री तापमान रीवा व उमरिया जिले में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 26.05 डिग्री और न्यूनतम तापमान 09.09डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

### ठंड से वृद्ध भिखारी की मौत

तिलवारा थानांतर्गत बीती रात पुराने पुल के समीप एक वृद्ध भिखारी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। भिखारी की मौत ठंड से ठिठुरने से हुई है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है। तिलवारा पुलिस ने बताया कि तिलवाराघाट निवासी राजू राजपूत ने सूचना दी थी कि तिलवाराघाट में भेड़ाघाट निवासी लेखराम कुशवाहा रहता था। जो भीख मांग कर जीवन यापन करता था। लेखराम पुराने पुल के नीचे सोता था। कल सुबह लेखराम पुराना पुल के नीचे मृत हालत में मिला। वृद्ध का शरीर अकड़ा हुआ था। संभवतः ठंड लगने से उसकी मौत हो गई थी।

### काशी तमिल संगम एक्सप्रेस को पीएम ने दिखाई हरी झंडी

# बनारस से कन्याकुमारी के बीच नई ट्रेन प्रारंभ



**जबलपुर।** रविवार को काशी तमिल संगम एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। रेल प्रशासन द्वारा नई ट्रेन संख्या 16367/16368 कन्याकुमारी-बनारस-कन्याकुमारी काशी तमिल संगम साप्ताहिक एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से चलकर पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर रुकते हुए गंतव्य को जायेगी। प्रधानमंत्री द्वारा 17 दिसम्बर को हरी झंडी दिखाकर इस नई गाड़ी का शुभारम्भ किया जाएगा। इस गाड़ी के उद्घाटन दिवस 17 दिसम्बर के दिन रविवार को यह गाड़ी कन्याकुमारी से शाम 17:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन मंगलवार को दोपहर 13.00 बजे जबलपुर, 14.40 बजे कटनी, 15.55 बजे मैहर, 16.15 बजे सतना स्टेशन आकर रात्रि 23:35 बजे बनारस पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 16368 काशी तमिल संगम एक्सप्रेस, बनारस से नियमित तौर पर 24 दिसम्बर से प्रत्येक रविवार को शाम 16:20 बजे बनारस स्टेशन से प्रस्थान कर अगले दिन सोमवार को मध्य रात्रि 00:15 बजे सतना, 00:48 बजे मैहर, 01:55 बजे कटनी, 03:10 बजे जबलपुर आकर अगले दिन मंगलवार को शाम 21:00 बजे गंतव्य स्टेशन कन्याकुमारी पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 16367 काशी तमिल संगम एक्सप्रेस, कन्याकुमारी से नियमित तौर पर 28 दिसम्बर से प्रत्येक गुरुवार को शाम 20:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन शनिवार को दोपहर 13.15 बजे जबलपुर, 14.40 बजे कटनी, 15.33 बजे मैहर, 16.00 बजे सतना स्टेशन आकर शनिवार रात 23:35 बजे बनारस पहुँचेगी। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में नागरकोविल, तिरुनेलवेली, विरुदुनगर, मदुरई, डिन्डुक्कल, तिरुचिरापल्ली, तंजावूर, कुंभकोणम, मयिलाडुतुरै, शीरकाषि, चिदंबरम, कडलूर पोर्ट, विलुप्पुरम, चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, अरक्कोणम, पेरम्बूर, गूडूर, नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली, विजयवाड़ा, खम्मम, वारंगल, सिरपूर कागज?गर, बल्हारशाह, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, कछपुरा, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वीएचके एवं वाराणसी स्टेशनों पर रुकेगी। इस गाड़ी में 1 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 2 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 3 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 3 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी (इकॉनॉमी), 6 शयनयान श्रेणी, 4 सामान्य श्रेणी, 1 रसोई यान, 1 एसएलआरडी एवं 1 ब्रेक वान सहित कुल 22 कोच रहेंगे।

## क्रेडिट कार्ड की काटी राशि व क्षतिपूर्ति का भुगतान करने आदेश

**जबलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेस लिमिटेड को आदेश दिया है कि उपभोक्ता के हक में क्रेडिट कार्ड की काटी राशि 588 रुपये व क्षतिपूर्ति राशि आठ हजार 332 रुपये का भुगतान करें। यही नहीं मानसिक कष्ट के लिए तीन हजार व मुकदमे का खर्च दो हजार भी अदा किया जाए। जिला उपभोक्ता आयोग के चेयरमैन पंकज यादव व सदस्य अमित सिंह तिवारी की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान परिवादी धनवंतरी नगर, जबलपुर निवासी गंगाधर द्विवेदी की ओर से अधिवक्ता गौरव मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि परिवादी पेंशनर है। उसका एसबीआई में खाता है। एक रोज क्रेडिट कार्ड के एक्जिक्यूटिव मिले और क्रेडिट कार्ड की सुविधा दे दी। सेवा लेने के बाद सर्विस टैक्स के नाम मनमानी रकम काट ली गई। क्रेडिट कार्ड बंद कराने के आवेदन के बावजूद सेवा जारी रखकर परेशान किया गया। इस तरह सेवा में कमी व अनुचित व्यापार प्रथा का रवैया अपनाया गया। इससे परिवादी को भारी मानसिक त्रास हुआ। इसीलिए पहले अधिवक्क्त के जरिए लीगल नोटिस दिया और बाद में केस दायर कर दिया।

### निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन

# उज्जवला योजना के आवेदन आमंत्रित

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान करने के लिए जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में आवेदन फार्म जमा किए जा रहे हैं। निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदिका को निर्धारित मापदंड अनुसार आवेदन करना होगा। हितग्राही पीएमयूवाय योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए नजदीकी ग्राम पंचायत एवं नगरी निकाय तथा गैस एजेंसी पर आवेदन फार्म में वांछित दस्तावेज जमा कर ऑयल कंपनी के ओएमसी पोर्टल पर कनेक्शन स्वीकृत उपरांत प्राप्त कर सकते हैं।




### यह होगी पात्रता

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति गृहस्थी, अनुसूचित जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राही, अन्य पिछड़ा वर्ग, अन्त्योदय अन्न योजना, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियां, बनवासी, द्वीप एवं नदी द्वीप में निवासरत, एसईसीसी गृहस्थी (एएचएल टिन), 14 बिंदुओं के घोषणा पत्र अनुसार गरीब गृहस्थी के हितग्राही पात्र होंगी।

### आवेदन की प्रक्रिया

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 2.0 के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त करने के लिए आवेदन करते समय केवाईसी फॉर्म, पहचान पत्र, निवास का प्रमाण पत्र, राशन कार्ड अथवा समग्र आईडी, आवेदिका के आधार की प्रति, परिवार के समस्त वयस्क सदस्यों की आधार की प्रति, आवेदिका के बैंक खाता एवं आईएफएससी का विवरण देना आवश्यक होगा। इसके साथ ही आवेदिका के प्रवासी होने की स्थिति में स्व घोषणा पत्र तथा श्रेणी क्रमांक 10 होने की स्थिति में 14 बिंदुओं का घोषणा पत्र देना होगा।

## 15 दिन में होंगे एएसआई और एसआई के प्रमोशन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोशन के लिए अब ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रमोशन के आदेश 15 दिनों के अंदर जारी किए जाएंगे। अभी प्रमोशन के आदेश जारी करने में लगभग 1 महीने का समय लग जाता है। नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पुलिस मुख्यालय में यह बात कही। उन्होंने पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की है। जिसमें मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना भी शामिल थे। डॉक्टर यादव ने यह भी कहा कि हर तरह के अपराध पर सख्ती से रोक लगाना चाहिए। पुलिस कर्मियों की दक्षता बढ़ाने के लिए मौजूद संसाधनों में बेहतर कार्य करने के प्रयास किए जाएं। होमगार्ड के जवानों और स्कूल के विद्यार्थियों को भी बैंड बजाने में ट्रेंड किया जाये। पुलिस कर्मियों के आवास की समस्या का निराकरण जल्दी से जल्दी किया जा रहा है।

# छात्रवृत्ति का नेशनल पोर्टल पर आवेदन 31 तक

**जबलपुर।** शैक्षिणिक वर्ष 2023-24 के लिये शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना में लाभ प्राप्त करने के लिये पात्र प्री-मैट्रिक छात्र-छात्राओं को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि कर 31 दिसम्बर 2023 कर दिया गया है। योजना में प्रदेश के बीड़ी, चूना पत्थर एवं डोलोमाइड और लोह मैंग्नीज आयस्क खदान श्रमिकों के मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत पुत्र-पुत्रियों को वित्तीय सहायता योजना में कक्षा - एक से उच्च शिक्षा ग्रहण करने पर छात्रवृत्ति, गणवेश की राशि 1000 रूपये अधिकतम 25 हजार रूपये स्वीकृत की जाती है। नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करने और पात्रता संबंधित जानकारी और अन्य शर्तें देखी जा सकती है। आवेदक ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की स्वच्छ एवं पठनीय प्रतियाँ संलग्न करे। आवेदन के बाद अपने अध्ययन शिक्षण संस्थान से संपर्क स्थापित कर आवेदन को ऑनलाइन सत्यापन कर स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से ही अग्रेषित करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन के सत्यापन कराये जाने की जिम्मेदारी छात्र-छात्रा की होगी।

जोड़ों के दर्द से समझौता न करें
अभी कॉल करें
7876977777




### लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों में जुटा आयोग

# तीन अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे कलेक्टर

**जबलपुर।** प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारी प्रशिक्षण प्राप्त करने नई दिल्ली जाएंगे। उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है, इसके लिये प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा रिटर्निंग अधिकारियों को आईआईआईडीईएम नई दिल्ली में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### 3 चरणों में होगा प्रशिक्षण

श्री राजन ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को आईआईआईडीईएम नई दिल्ली में तीन अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 21 दिसंबर से प्रारंभ होगा और 29 दिसंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है।

**इन तारीखों में इस जिले के कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी प्राप्त करेंगे प्रशिक्षण: 21 एवं 22 दिसंबर:** श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, सीहोर, खरगोन, राजगढ़, देवास और अनूपपुर।

***26 से 27 दिसंबर:*** उमरिया, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, रायसेन, विदिशा, भोपाल, बड़वानी, शाजापुर।

28 से 29 दिसंबर: खंडवा, बुरहानपुर, कटनी, शहडोल, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, सिवनी, मंदसौर, नीमच, आगर-मालवा, निवाड़ी, मऊगंज, मैहर तथा पांढुर्ना जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दो दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) नई दिल्ली जाएंगे।




हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचित महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No. : MPHIN/2008/24240